सुप्रभात

रांची, गुरुवार

09.05.2024

** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 294


पेज 6- देश के सिर्फ 6 प्रतिशत किसान पाते हैं एमएसपी






## न्यूज डायरी

### 12 को पटना में पहली बार मोदी का रोड शो

पटना। पीएम मोदी दो दिवसीय प्रवास पर 12 मई को बिहार पहुंचेंगे। पटना में वे पहली बार रोड शो करेंगे। रात्रि विश्राम के बाद 13 मई को वो सारण और हाजीपुर में रैली को संबोधित करेंगे।

### संजीव लाल पर सरकार लेगी एक्शन : झामुमो

रांची। सत्तारूढ़ झामुमो ने संजीव लाल के सहयोगी के घर से बरामद कैश मामले में कड़ा रूख अपनाते हुए कहा है कि सरकार उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि सरकारी अफसर के इस कुकृत्य को सरकार ने गंभीरता से लिया है।

### 695 उम्मीदवारों का होगा फैसला

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। निर्वाचन आयोग ने बताया कि पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार और ओड़िशा की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर चुनाव होगा।

### आफत की हुई बारिश दीवार गिरी, सात मरे

हैदराबाद। ग्रेटर हैदराबाद में भारी बारिश से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण एक दीवार ढहने से उसमें दबकर चार साल के बच्चे समेत सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात मेडचल मल्काजगिरी जिले के बाचुपल्ली में रेणुका येलम्मा कॉलोनी में एक निमार्णाधीन अपार्टमेंट में हुई। बुधवार सुबह तक चले अभियान में बचाव कर्मियों ने मलबे से शव बरामद निकाला।

### जम्मू के कुलगाम में दूसरे दिन भी मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को भी आतंकवादी और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। बता दें कि मंगलवार को यहां मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल के पास के घरों की तलाशी के दौरान बलों और वहां छिपे एक आतंकवादी के बीच गोलीबारी हुई। फिलहाल इलाके की घेराबंदी के साथ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को कुलगाम में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के वांछित आतंकवादी बासित डार सहित दो आतंकियों को मार गिराया था। इसमें लश्कर-ए-तैयबा के टाप कमांडर भी था।

## संजीव को प्रोजेक्ट भवन ले गयी इडी, दस्तावेज खंगाला

# ऑफिस की दराज से 2 लाख रुपये बरामद


खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी पीएस संजीव लाल के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये जब्त करने के बाद इडी की टीम संजीव लाल को लेकर उनके प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय पहुंची। जहां इडी के अधिकारियों ने संजीव लाल के ऑफिस की तलाशी ली। इडी को संजीव के टेबल की दराज से दो लाख रूपये बरामद किये। इनमें 1 लाख 75 हजार नये नोट और 28 हजार चलन में बंद हो चुके नोट बरामद हुए हैं। इडी ने बरामद राशि जब्त कर ली है। संजीव लाल के ऑफिस से स्थानांतरण-पदस्थापन के भी कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। इडी ने कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। बंद कमरे में इडी ने कर्मचारियों से पूछताछ भी की। पूछताछ में पता चला कि संजीव लाल अपने कक्ष में बगैर अनुमति के किसी को प्रवेश करने नहीं देते थे। इडी के डिप्टी डायरेक्टर कपिल राज भी प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और कुछ देर बाद वहां से निकल गये।

मालूम हो कि ग्रामीण विकास विभाग का एक दफ्तर प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं, जबकि दूसरा दफ्तर एपीपी बिल्डिंग में है। इस दफ्तर में विभागीय सचिव और अन्य अधिकारी और कर्मचारी काम करते हैं। इडी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे में खलबली है, क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ, जब इडी की टीम ने सरकार के मंत्रालय में घुस कर छानबीन शुरू की है।

### ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े कई दस्तावेज ले गयी ईडी





### दो दिनों तक चली थी इडी की छापेमारी

पथ निर्माण विभाग में घोटाले को लेकर जेल में बंद मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम के बयान के आधार पर 6 मई को गाड़ीखाना में छापेमारी की गयी थी। छापेमारी में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घर से करीब 10 लाख रुपये और उनके नौकर के घर से 32.23 करोड़ रु. नकद बरामद किया गया था। उसी दिन इसी प्रकरण से जुड़े एक शख्स के ठिकाने से 2.93 करोड़ रुपया बरामद किया गया था।

### जेलकर्मी अवधेश को नोटिस,13 को बुलाया

रांची। ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के निलंबित जेलकर्मी अवधेश कुमार को नोटिस भेजकर 13 मई को रांची स्थित ऑफिस में बुलाया है। बता दें कि अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह और जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह समेत नौ के यहां ईडी ने तीन जनवरी को छापेमारी की थी। जेल से ईडी के गवाहों को प्रभावित करने के मामले में प्रेम प्रकाश के सहयोगी के तौर पर जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह का नाम सामने आया था।

## गैंगरेप से आहत बीएयू छात्रा की आत्महत्या पर हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने लिया संज्ञान

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गैंगरेप से आहत बीएयू छात्रा की आत्महत्या पर झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची को आदेश दिया है कि वह तत्काल पीड़िता के परिवार को आवश्यक सहायता प्रदान करें। रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने डालसा



सचिव को टीम गठित कर पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। जिसके बाद पीएलवी सम्पा दास व प्रीति पाल ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। इस मामले में मुआवजा की प्रक्रिया भी आगे बढ़ा दी गयी है।

### सुसाइड नोट से खुलासा हुआ, एफआइआर दर्ज

रांची। छात्रा की डायरी में मिले सुसाइड नोट से दोस्तों द्वारा गैंगरेप की घटना का खुलासा हुआ। छात्रा ने पांच मई को आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने पुलिस को छात्रा का सुसाइड नोट उपलब्ध कराया है। नोट में छात्रा ने दोनों आरोपियों के नाम और फोन नंबर भी लिखे हैं। छात्रा की मां ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के सात अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की दी स्वीकृति

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सात अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने की स्वीकृति दे दी है। इनमें तीन अधिकारी रवींद्र कुमार सिंह, रविशंकर और मुकुंद दास रिटायर हो चुके हैं। इस मामले को लेकर रिटायर आइएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया गया है।

### क्या है मामला

इन अफसरों पर पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने का आरोप है। जहां ये अफसर पदस्थापित थे, उन जिलों के डीसी ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजी थी। इसकी प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। इसके बाद पूरे मामले को सीएम के पास भेजा गया था। सीएम ने कार्रवाई की की स्वीकृति दे दी।

### इन अफसरों पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

तीन अफसर रवींद्र कुमार सिंह, रविशंकर और मुकुंद दास हो चुके हैं रिटायर

रवींद्र कुमार सिंह( रिटायर) तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी चतरा, जयदीप तिग्गा तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पश्चिम सिंहभूम, रविशंकर( रिटायर) तत्कालीन संयुक्त सचिव, मुकुंद दास (रिटायर) बीडीओ गुमला, जितेंद्र कुमार देव, तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़, संदीप बक्शी, लखी राम बास्के, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी मानगो पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है।

### रांची के कारोबारी का 46 लाख रुपये रामगढ़ में जब्त



रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी सघन चेकिंग अभियान के दौरान रामगढ़ के वन खेता के पास एसएसटी की टीम ने टोल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान इनोवा कार से 46 लाख रुपए कैश बरामद किया है। लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में ये अबतक की सबसे बड़ी कैश की बरामदगी बताई जा रही है। बरामद रुपए की जांच के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता और आयकर संयुक्त आयुक्त मौके पर पहुंचे। भारी संख्या में कैश बरामदगी के बाद कयासों का बाजार गर्म है। एसएसटी टीम के द्वारा 46 लाख रुपये जिस इनोवा कार से मिले हैं वह रांची के कारोबारी राकेश की है।

## जीपीएस ट्रैकिंग से इवीएम ढोने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर

# झारखंड में सभी मतदान केंद्रों की 4-डी कैमरे के जरिये की जायेगी वेबकास्टिंग

**मतदान कार्य में लगे सभी वाहनों का भुगतान समय पर करने के बाद ही मतदान कार्य से करें मुक्त**



- लगभग 60 हजार 4-डी कैमरों से होगी निगरानी
- तीन स्तरों पर होगी निगरानी, मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और भारत निर्वाचन आयोग की होगी भूमिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4-डी कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस दौरान लगभग 60 हजार 4-डी कैमरा से निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर भी मॉनिटरिंग की जायेगी। इस बार मतदान केंद्र के अंदर और बाहर दोनों ओर की फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी। श्री कुमार बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग और कल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

### निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुगम रहे...

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मॉनिटरिंग करने और संधारण गृह में इवीएम के संधारण के बाद ही जीपीएस हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान कर उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों और वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट को लेकर किये जा रहे कार्य को लेकर समीक्षा की। साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## एंड्रॉइड मोबाइल-ऐप की हुई शुरुआत

# मोबाइल में जान पायेंगे अपने केस की स्थिति

**आज के दौर में प्रौद्योगिकी ने अदालती कार्यवाही को बदला : एस चन्द्रशेखर**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को रांची की ई-सेवाओं की क्यूआर निर्देशिका जारी करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एंड्रॉइड मोबाइल ऐप की लॉन्चिग भी की गयी। कार्यक्रम में हाई कोर्ट के सभी न्यायाधीश, महाधिवक्ता, झारखंड राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष समेत कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चन्द्रशेखर ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने अदालती कार्यवाही को बदल दिया है और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है। हाईकोर्ट ने इस वर्ष केवल 70 कार्य दिवसों में 24769 मामलों का निपटारा किया है। वह भी तब, जब



हाईकोर्ट में फिलहाल सिर्फ 19 जज हैं। हाईकोर्ट ने लंबित मामलों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत की। दीवानी मामलों में निपटारे की दर 176.59% व आपराधिक मामलों में 123.34% दर्ज की गई है।

न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन ने कहा कि एंड्रॉइड मोबाइल एप के जरिए लोग अपने केस की स्थिति, सूची, आदेश और निर्णय जैसी सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकते हैं। हाईकोर्ट के 3,51,622 से अधिक अंतिम आदेश और निर्णय इस एप में अपलोड किए जा चुके हैं। इसका क्यूआर कोड प्रत्येक जिला न्यायालय और सार्वजनिक स्थानों पर रखी जाएगी, ताकि लोगों को ई-सेवाओं तक आसानी से पहुंच मिल सके।

### छत्तीसगढ़ के सीएम कल आयेंगे झारखंड

**10 मई को मनोहरपुर, कुरडेग और चैनपुर में करेंगे जनसभा**

रांची। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आयेंगे। वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10. 30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रत्याशी गीता कोड़ा और लोकसभा प्रभारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान करडेग में 12.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मौके पर लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र राय, प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, लक्ष्मण बड़ाईक भी मौजूद रहेंगे। वहीं श्री साय गुमला के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में 2.00 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

## प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्री के ऑफिस में दबिश से बढ़ेगी आलमगीर की मुश्किलें

# ईडी की रडार पर राज्य के दो आइएएस अफसर!

सुधीर

रांची। झारखंड मंत्रालय में अधिकारी की टेबल की दराज से नकदी और कागजात मिलने के बाद से राज्य के बड़े अधिकारियों में हड़कंप मच गयी है। फिलहाल दो आईएएस अधिकारी ईडी की रडार पर हैं। ईडी उन्हें कभी भी समन भेज सकती है। वहीं ईडी की दबिश से राज्य के कांग्रेस कोटे से बड़े नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रिमांड के पहले दिन ही ईडी की टीम संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को लेकर मंत्री के दफ्तर पहुंची और जांच के दौरान दो लाख रुपये नकद और कागजात बरामद किये। इससे कई और अधिकारियों की कलई खुल सकती है। मंत्री के पीएस के कमरे के अलावा मंत्री सेल से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें भी ईडी अपने साथ ले गयी है। इनमें कई सिफारिशों से जुड़ी फाइलें भी हैं जो अन्य मंत्रियों, विधायकों व पैरवीकारों की है।

### ट्रांसफर-पोस्टिंग व सड़क निर्माण की फाइलें मिलीं

ईडी ने मंत्रालय में कई दस्तावेजों को जांचा है। उन्हें कई अहम दस्तावेज और सुराग हाथ लगे हैं। इससे कई और नए चेहरे के खुलासा होने की संभावना है। छापेमारी में कई ऐसी सिफारिशों की फाइलें भी टीम के हाथ लगी है, जिसमें काम दिलाने, ट्रांसफर-पोस्टिंग या ग्रामीण सड़क-पुल निर्माण से जुड़ी हैं। संभवत: ईडी इसी के जरिये मंत्री तक पहुंच सकती है। हालांकि, मंत्री कार्यालय में डेली रूटीन की ही अधिकांश फाइलें रहती हैं।

### आवासीय कार्यालय में भी पड़ सकती है दबिश

ईडी की चंगुल में फंसे संजीव लाल के प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में छापेमारी के बाद अब मंत्री के आवसीय कार्यालय में भी रेड होने की संभावना जतायी जा रही है। मंत्री के आप्त सचिव यहां रोजाना बैठक करते थे। ऐसे में मंत्री आवसीय कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों, पीए और अन्य कर्मियों से भी पूछताछ की जा सकती है।

### सचिवालय में हड़कंप, अन्य विभागों के इंजीनियर भी दुबके रहे

ईडी की टीम ने पहली बार झारखंड मंत्रालय में दबिश दी है। इससे पहले अलकतरा घोटाले मामले में सीबीआई की टीम लगातार पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग आती रही है। वहीं, सीबीआई जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में भी अक्सर सचिवालय जाकर पूछताछ करती है। फाइलों की मांग करती है लेकिन ईडी की इस रेड से सचिवालय में हड़कंप मच गयी है। ग्रामीण विकास व ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सहमे हुए हैं। अन्य वर्क्स डिपार्टमेंट के इंजीनियर भी दुबके नजर आ रहे हैं।

### कमीशन के थे ₹35 करोड़

बताया जा रहा है कि छह मई को ईडी की रेड में जहांगीर आलम के फ्लैट से 35 करोड़ से अधिक की राशि की बरामदगी हुई थी। पूरे पैसे कमीशन से प्राप्त हुए थे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर लगा 125000 रुपये का जुर्माना माफ

**त्रुटि दूर किये बिना हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका मेंशन करने पर लगाया गया था जुर्माना**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। याचिका में त्रुटि दूर किए बिना हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर पूर्व में लगाए गए 125000 के जुर्माने की राशि को झारखंड हाई कोर्ट ने माफ कर दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने अर्जुन मुंडा पर लगाए गए जुर्माने की राशि माफ करने का आग्रह कोर्ट से किया था। जिसे कोर्ट ने मान लिया। वहीं कोर्ट ने रांची में बीजेपी के सचिवालय मार्च मामले में धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर मामले में अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपियों पर पीड़क कार्रवाई पर रोक 25 जुलाई तक जारी रखी है।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री द्वारा 11 अप्रैल 2023 को सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान यह पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया, बाद में मामले की सुनवाई भी हाई कोर्ट में हुई थी। कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 125000 रुपए का जुर्माना लगाया था। जिसे अब माफ कर दिया गया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 84000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



# बड़ी मुहिम : देश-दुनिया में ट्रेंड किया सोशल मीडिया अभियान मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर

## सीईओ के निर्देश पर पूरे राज्य भर में मंगलवार शाम चलाया गया 2 घंटे का हैशटैग अभियान

अभियान में मुख्यालय से लेकर राज्य के प्रत्येक पोलिंग बूथ तक लाखों लोगों की रही सहभागिता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार शाम 6 बजे से लेकर 8 बजे तक सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर #मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान चलाया गया। अभियान अपनी शुरूआत के 15 मिनट बाद ही देश भर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (एक्स) पर टॉप-5 में ट्रेंड करने लगा, जो की 2 घंटा पूरे होते ही देश में एक नंबर पर ट्रेंडिंग कर गया। देर रात यह अभियान ट्विटर पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी समाचार कोटि में ट्रेंड करता रहा।

अभियान के दौरान ट्विटर में 60 हजार से अधिक जागरूकता परक पोस्ट किए गए। वहीं फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में पोस्टों की ये संख्या इससे कहीं बहुत अधिक रही, जबकि यूट्यूब पर इस हैश टैग के साथ दो घंटे में लगभग डेढ़ हजार लोगों ने वीडियो अपलोड किये।

**हर आम और खास की रही सहभागिता :** इस अभियान में निर्वाचन कार्य से जुड़े सरकारी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा राज्य के लाखों आम मतदाताओं की सहभागिता रही।

**आम और खास लोगों से भी अनुरोध किया गया :** इसके अलावा राज्य के सभी आम और खास लोगों से भी अनुरोध किया गया था कि वे मतदान हेतु सार्वजनिक अपील करते हुए अपने संबंधित फोटो, वीडियो को उक्त हैशटैग के साथ अपलोड करें। राज्य के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने भी विभिन्न गीत,संगीत, रंगोली आदि के माध्यम से लोगों के प्रेरित करते हुए अपनी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर अपलोड किया। पूरे राज्य भर के सभी मतदान केंद्रों पर इस अभियान के आरंभ होने के ठीक 1 घंटे पहले यानि 5 बजे शाम को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठकें भी आयोजित की गई। कुल मिलाकर एक सुनियोजित प्रयास से उक्त 2 घंटे के कार्यक्रम ने पूरे राज्य भर में जागरूकता आंदोलन का रूप ले लिया था।

**सोशल मीडिया की मदद से सोशल**

### योजनाबद्ध तरीके से चलाया गया अभियान

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी किये गए उक्त हैशटैग पहल को बड़ा अभियान का रूप देने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने उक्त सोशल मीडिया विशेष मुहिम की रूपरेखा पिछले हफ्ते बनाई थी। अभियान की योजना के क्रम में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, उप निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद राज्य के सभी सीबीएसई स्कूलों के प्राचार्यों, आईसीएसई विद्यालयों के प्राचार्यों तथा सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों तक अपना संदेश पहुंचाया कि वे अपने बच्चों को इस हेतु प्रेरित करें कि अपने वे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इलेक्शन एंबेसडर की भूमिका निभाएं। माता पिता एवं अन्य वयस्क परिजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए बच्चों के द्वारा कई गतिविधियां करवाने का सुझाव भी दिया गया था, जिनमें बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों से अपील के रूप में पत्र लिखना भी शामिल था। इन सभी गतिविधियों से जुड़े फोटो, वीडियो तथा पेंटिंग आदि को सोशल मीडिया पर अभिभावकों द्वारा अपलोड करने के लिए भी अनुरोध किया गया था।

**अवेयरनेस लाने का प्रयास :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे राज्य में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर भी समय-समय पर किए जा रहे विभिन्न अभियान भी ऐसे ही प्रयासों का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में हर आयु वर्ग के लोग मौजूद हैं, इसलिए इस मीडिया की मदद से मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सामूहिक सामाजिक प्रयास किया गया। उन्हें खुशी है कि सभी के सामूहिक प्रयास से यह अभियान देश ही नहीं पूरी दुनिया में ट्रेंड करने से चर्चा का विषय बना, उनका उद्देश्य भी यही था कि इससे व्यापक जागरूकता फैले। उन्होंने अभियान में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारीयों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को बधाई दी।


### कोर्ट नोटिस

धर्मा कुजूर............. वादी
बनाम
मानिक सिंह ............प्रतिवादी

नोटिस

मानिक सिंह, पिता-स्व० मोचीराम सिंह, ग्राम लक्ष्मी नगर, थाना-सुखदेवनगर, जिला रांची।

उपरोक्त वाद में आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में दायर किया गया है। जिसके लिये आप को रजिस्टर्ड डाक द्वारा नोटिस भेजी जा चुकी है, परन्तु आप निर्धारित तिथि को न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

अतः आप को इस प्रकाशन द्वारा अगाह किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-08.05.2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपके अनुपस्थिति में उक्त वाद में एकपक्षीय कार्रवाई की जायेगी। इसे अति आवश्यक समझे।

एस.ए.आर.वाद सं.-783/2014-15

### AFFIDAVIT

As per Affidavit No. 89 Dated:-07.05.2024 I, SHAISTA PARVEEN KHANAM wife of Mohammad Irshad, resident of Firdaus Nagar, Mani tola, Doranda P.S.- Doranda, District-Ranchi, do hereby solemnly affirm and declare as under:

1. That I am an Indian National by birth.That
2. ADNAN FIRDOUSI is my son, who was born on 31.7.2014. which is writtten his Aadhar Card No. 3707 4144 9106.
3. That in his Passport No. T3337776 dated 17.05.2019 his name has been wrongly written as MOHAMMAD ADNAN FIRDOUSI.
4. That ADNAN FIRDOUSI and MOHAMMAD ADNAN FIRDOUSI is the name or one and same person i.e. my said son.
5. That this Affidavit for the purpose or CORRECT the name of my said son in his Passport as ADNAN FIRDOUSI in place or MOHAMMAD ADNAN FIRDOUSI .


## लोकसभा के 7वें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं : के रवि कुमार

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि 7वें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 7वें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। उसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से 1 और गोड्डा से 2 लोगों ने नामांकन किया था, जबकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं।

## सरायकेला थाना के पूर्व इंचार्ज को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रेम प्रसंग में पकड़े गए नाबालिग की पुलिस कस्टडी में आत्महत्या मामले में आरोपी सरायकेला पुलिस स्टेशन के एक्स इंचार्ज मनोहर कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मनोहर कुमार के मामले में चार्ज फ्रेम हो जाने को देखते हुए उसे जमानत प्रदान कर दी। मामले में मनोहर कुमार 17 अक्टूबर 2023 से जेल में है। दरअसल, नाबालिक किशोर 27 अक्टूबर 2022 को शादी की नीयत से लड़की को भगा ले गया था। लड़की के जीजा एवं भाई ने उन दोनो को पकड़ लिया था। बाद में उन्होंने किशोर को 31 अक्टूबर 2022 को सरायकेला थाना पुलिस को हवाले कर दिया था। आरोप है कि किशोर ने नवंबर 2022 को बेल्ट से फांसी लगाकर पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी। मामले में लड़के के पिता ने सरायकेला थाना में मनोहर कुमार के खिलाफ उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर संख्या 126 /2022 दर्ज कराई थी।

## दफादार-चौकीदारों के घर जलेगा चूल्हा वेतन मद में 129.68 करोड़ रुपये आवंटित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण इलाकों की हर गतिविधियों से पुलिस को अपडेट रखने वाले चौकीदार-दफादारों के वेतन के लिए राशि आवंटित किया गया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चौकीदार और दफादारों के वेतन के वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 129.68 करोड़ रूपया की राशि आवंटित की गई है। झारखंड में 10,000 चौकीदारों और 200 दफादार हैं। हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है। प्रत्येक चौकीदार को 20,000 रुपये का वेतन मिलता है। झारखंड सरकार ने उनके लिए एक अलग कैडर समर्पित किया है।

### किस जिले के लिए कितनी राशि आवंटित

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो: | 4.26 करोड़ | जामताड़ा: | 7.71 करोड़ |
| चाईबासा: | 1.16 करोड़ | खूंटी: | 2.67 करोड़ |
| चतरा: | 5.90 करोड़ | कोडरमा: | 2.67 करोड़ |
| देवघर: | 10.64 करोड़ | लातेहार: | 2.08 करोड़ |
| धनबाद: | 4.07 करोड़ | लोहरदगा: | 3.54 करोड़ |
| रांची: | 9.60 करोड़ | पाकुड़: | 7.88 करोड़ |
| दुमका: | 7.37 करोड़ | पलामू: | 7.35 करोड़ |
| जमशेदपुर: | 3.21 करोड़ | साहेबगंज: | 5.78 करोड़ |
| गिरिडीह: | 5.92 करोड़ | सराइकेला: | 4.20 करोड़ |
| गोड्डा: | 7.79 करोड़ | सिमडेगा: | 3.59 करोड़ |
| गुमला: | 7.83 करोड़ | रामगढ़: | 2.35 करोड़. |
| हजारीबाग: | 7.15 करोड़ | कुल: | 129.68 करोड़ |

### खबर एक नजर में

#### दिनेश गोप के आर्थिक सलाहकार पर आरोप गठन 22 को

**रांची।** पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के आर्थिक सलाहकार निवेश कुमार उर्फ राजवीर पर मनी लाउंड्रिंग मामले में 22 मई को आरोप गठन के बिंदु पर पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई होगी। मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद ईडी ने आरोपी को पुलिस पेपर सौंप दी है। उस पर लेवी के पैसे से कई अचल संपत्ति खरीदने का आरोप है। ईडी ने निवेश कुमार को बीते 12 जनवरी को रिमांड पर लिया था। तब से वह उक्त मामले में जेल में है। छह जनवरी 2022 को धुर्वा बांध के पास से नक्सलरोधी अभियान में लगे सुरक्षाबलों और पुलिस ने नक्सली संगठन पीएलएफआई के मुखिला दिनेश गोप के नजदीकी आठ लोगों को लेवी की 77 लाख रुपए की राशि के साथ धर दबोचा था। इसी मामले को ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल सिर्फ निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने चार्जशीट दाखिल की है।

#### बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, अर्जुन मुंडा समेत अन्य भाजपा नेताओं को हाइकोर्ट से राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उक्त सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

#### हाइकोर्ट ने पूछा, निचली अदालत से रिहाई के बाद राजनेताओं के कितने मामले में अपील दायर हुई

रांची। झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में निदेशक अभियोजन कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि निचली अदालत में एमपी-एमएलए के मामले में अगर अदालत से वे रिहा कर दिये गये हैं, तो इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विटल अपील दाखिल की गयी है या नहीं। एमपी-एमएलए के कितने मामलों में रिहाई के बाद ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विप्तल अपील दायर की गई है। क्या इस संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है। इस पर निदेशक अभियोजन कोर्ट को स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। कोर्ट ने निदेशक अभियोजन को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि एमपी-एमएलए के चल रहे मामलों में से निचली अदालत से रिहाई के बाद इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में कितने के मामले में क्रिमिनल एक्विप्तल अपील दाखिल की गई है। कोर्ट ने उन्हें शपथ पत्र के माध्यम से इसे प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य के सांसदों- विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के निष्पादन में देरी होने पर सीबीआई पर असंतोष जताते हुए कड़ी टिप्पणी की थी। सीबीआई ने अपने शपथ पत्र में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की लंबित रहने का सटीक कारण कोर्ट को नहीं बताया था।

#### हाईकोर्ट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को बड़ी राहत, जुर्माने के आदेश में हुआ संशोधन



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और खूंटी लोकसभा से बीजेपी उम्मीवार अर्जुन मुंडा को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके ऊपर जुमार्ना लगाये जाने के आदेश को संशोधित कर दिया है। दरअसल हाईकोर्ट की तरफ से अर्जुन मुंडा पर जुमार्ना लगाये जाने के बाद हस्तक्षेप याचिका दायर की गई थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। अर्जुन मुंडा की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्व और पार्थ जालान ने बहस की।


### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (जिला निर्वाचन)

प्रेस विज्ञप्ति

अधिग्रहण आदेश

मैं वाघमारे प्रसाद कृष्ण (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की 1951 की धारा 160 के अधीन लोहरदगा जिलान्तर्गत 72–लोहरदगा (अ0 ज0 जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 69– बिशुनपुर (अ0 ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अंश) के मतदान केन्द्र रूप में अधिसूचित भवनों को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के क्रम में दिनांक 11.05.2024 से 14.05.2024 तक के लिए (उपस्करों सहित) अधिग्रहण करता हूँ एवं संबंधित भवनों के प्रधान को आदेशित करता हूँ कि वे संबंधित भवनों को चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन, लोहरदगा को (उपस्करों सहित) उपलब्ध करा देंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा। | जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.324558 Lohardaga(24-25):D

### चन्द्रशेखर दुबे उच्च विद्यालय राणाडीह, कांडी

जिला गढ़वा (झारखंड)–822120

आवश्यकता

अंग्रेजी शिक्षक- एक पद (01)
योग्यता-अंग्रेजी विषय में न्यूनतम स्नातक प्रतिष्ठा एवं बीएड की उपाधि

शिक्षक नियुक्ति में सरकार के आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। आवेदक अपने पूर्ण शैक्षणिक प्रमाणपत्रों सहित आवेदन को विद्यालय के कार्यालय में 11.05.2024 तक पूर्वाह्न 07 बजे से 11 बजे के बीच जमा कर सकते हैं।


## झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

## याचिका में कहा, दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगी तो विधानसभा चुनाव लड़ने से चूक जायेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने अब दिल्ली हाई कोर्ट का रूख किया है और अदालत से गुहार लगाई है कि उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाई जाए वरना वो चुनाव लड़ने से चूक जाएंगे। मधु कोड़ा कोयला घोटाले में आरोपी हैं और वो चुनाव लड़ने के लिए इस केस में अपनी दोषसिद्धि पर स्टे हासिल करने के लिए अदालत पहुंचे हैं। अपनी याचिका में मधु कोड़ा ने कहा है, 'झारखंड में नवंबर, 2024 में विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। याचिकाकर्ता पहले मुख्यमंत्री, सांसद और कई बार विधायक रह चुके हैं। अगर उनके दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाया जाता है तो वो ये चुनाव लड़ने से चूक जाएंगे। बुधवार को इस याचिका पर



सुनवाई के दौरान सीबीआई ने मधु कोड़ा की याचिका का विरोध किया। सीबीआई ने इससे पहले वजह के साथ इसी तरह की याचिका को रद्द कर दिया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में नोटिस जारी किया और मामले को अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त, 2024 को सूचीबद्ध कर दिया गया। इससे पहले दिल्ली की अदालत ने भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों की धाराओं में साल 2017 में दोषी करार दिया था। उन्हें तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी और 5 लाख रुपये का जुर्मान भी लगाया गया था। इसके बाद साल 2018 में मधु कोड़ा को जमानत मिल गई थी और उनके जुमार्ने पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि, बाद में साल 2020 में दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को रद्द कर दिया था। अब चार साल बाद झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने की तमन्ना लिए कोडा ने एक बार फिर दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कोड़ा ने अपनी याचिका में यह भी कहा है कि साल 2017 से उनकी क्रिमिनल अपील पेंडिंग हैं। मई, 2020 में अदालत के द्वारा दिए गए आदेश के 4 साल गुजर गए हैं लेकिन मामले को सुनवाई के लिए अब तक सूचीबद्ध नहीं किया गया है।


### कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, राँची (जिला निर्वाचन शाखा)

आदेश

लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या– 576 /14/2024/EPS दिनांक–16.03.2024 के निदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 C के प्रावधानों के तहत मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से DRY DAY (शुष्क दिवस) लागू किए जाने का प्रावधान है। इस जिले के 11–खूँटी (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र के लिए तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बुण्डु एवं तमाड़ प्रखण्ड के मतदान केन्द्र है एवं 12–लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र के लिए माण्डर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चान्हो, माण्डर, बेड़ो एवं लापुंग प्रखण्ड के मतदान केन्द्र हैं। जहाँ चतुर्थ चरण के तहत दिनांक – 13.05.2024 को पूर्वाहन 7.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक मतदान होना है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में बुण्डु, तमाड़, चान्हो, माण्डर, बेड़ो, इटकी एवं लापुंग प्रखण्डों में दिनांक 11.05.2024 के अपराह्न 5.00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए DRY DAY (शुष्क दिवस) घोषित किया जाता है। इसके तहत स्प्रिटयुक्त, नशीला शराब या समान प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य स्थानों, निजी या सार्वजनिक पर बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जायेंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची। | जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, राँची।

PR.NO.324571 Ranchi(24-25):D


## कर्मचारी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग नहीं करते तो दुर्घटना के लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि यदि कंपनी द्वारा सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने के बावजूद श्रमिक इसका उपयोग नहीं करते हैं, तो फैक्ट्री में काम के दौरान किसी श्रमिक की दुर्घटना के लिए प्रबंधन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दरअसल सरायकेला के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में एक कर्मचारी काम के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद उसकी ओर से मुआवजे के लिए केस किया गया था। फैक्ट्री प्रबंधन(बीएमसीएल मेटल कास्ट प्राइवेट लिमिटेड) को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए केस किया गया था। इस मामले में सरायकेला सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया था।

**फैक्ट्री प्रबंधन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था**

इसके विरुद्ध फैक्ट्री प्रबंधन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कंपनी की ओर से दायर याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कंपनी की ओर से तर्क दिया गया कि फैक्ट्री अधिनियम 1948 की धारा 92 के तहत अदालत का संज्ञान अनुचित है, क्योंकि सुरक्षा उपायों में कथित खामियों के लिए कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, खासकर जब कर्मचारी ने खुद ही सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने की बात स्वीकार की है। वहीं राज्य सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि दुर्घटना फैक्ट्री परिसर के भीतर हुई है इसलिए फैक्ट्री संचालक को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।


### झारखण्ड सरकार
### गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची में सामानों के नीलामी के लिए सूचना

1. सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में अवस्थित दुकान संख्या डी–23/C एवं एफ–35/A में पड़े कपड़े, लकड़ी का काउंटर, एल्युमिनियम/लकड़ी का रैक एवं विभिन्न साइज की मूर्तिया, इत्यादि की खुली नीलामी के लिए सूचना प्रकाशित की जाती है।
2. इच्छुक व्यक्ति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार मेन रोड, राँची के भू–सम्पदा पदाधिकारी (Estate Manager) से दिनांक 14 मई से 16 मई 2024 के बीच समय पुर्वाहन् 02 बजे से 05 बजे तक इन मिश्रित सामानों को देखने के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
3. निलामी का आयोजन डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार के प्रांगण में दिनांक **17 मई 2024 को 11 बजे होगा।** इच्छुक व्यक्ति खुली निलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। खुली बोली में सबसे ऊँची बोली लगाने वाले व्यक्ति को दूकान में पड़े सामानों को उठाने की अनुमति दी जायेगी। उच्च बोली लगानेवाले व्यक्ति को तत्काल चेक या बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा देय राशि का भुगतान करना होगा। चेक/बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा भुगतान की स्थिति में चेक/बैंक ड्राफ्ट "जवान भवन फंड, सैनिक कल्याण निदेशालय" के नाम से जारी होगा तथा राँची में भुगतेय होगा।
4. बोली लगाने वाले व्यक्ति को 2500/– रूपये नगद राशि के रूप में बोली लगाने से पहले जमा करना होगा। सफल बोली–कर्त्ता को छोड़कर अन्य व्यक्तियों द्वारा जमा की गई राशि बोली खत्म होने के पश्चात वापस कर दिया जायेगा।
5. नीलामी की प्रकिया एक बोर्ड ऑफ ऑफिसर द्वारा संपन्न की जायेगी।

स्थान : राँची
दिनांक : 02 मई 2024

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची

PR 324574 Home(24-25)#D


# लैंड स्कैम : राजेश राय की जमानत अर्जी पर जवाब के लिए ईडी को मिला एक और मौका, सुनवाई 15 मई को

### हाईकोर्ट ने चेशायर होम रोड की 1 एकड़ जमीन की प्रकृति और उसके मूल रैयत के संबंध में ईडी से मांगी है जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चेशायर होम रोड की 1 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में इंडिक्योर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब के लिए एक और मौका देते हुए अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। दरअसल, पिछले सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि बरियातू की चेशायर होम रोड की 1 एकड़ जमीन की जमीन की क्या प्रकृति है? तथा इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आया है उसे शपथ पत्र के माध्यम दाखिल करने का निर्देश दिया है। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गई थी।

गृह विभाग की प्रधान सचिव हाईकोर्ट में वर्चुअली हुईं उपस्थित

# कोर्ट को बताया- लॉ यूनिवर्सिटी की जमीन पर ही बनेगा पुलिस टीओपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में बुधवार को प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल को कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित हुईं। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के 30 डिसमिल जमीन में पुलिस टीओपी बनाया जायेगा। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ जमीन पर बाउंड्री वॉल के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रधान सचिव हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन सक्षम है। इसमें गृह विभाग की भूमिका नहीं है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को बाउंड्री वॉल के संबंध में प्रधान सचिव, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन से इंस्ट्रक्शन लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 13 जून निर्धारित की है।

बता दें कि बीते मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपया स्वीकृत किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ क्षेत्र में बाउंड्री वॉल बनाने के संबंध में अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। इसपर कोर्ट ने नाराजी जताते हुए बुधवार को प्रधान गृह सचिव को तलब किया था।

दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी,कांके के पुलिस पोस्ट के लिए 30 डिसमिल जमीन सरकार ने मुहैया कराई गई है, तो उसपर पुलिस पोस्ट का निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है। उसके बगल में बिजली सब स्टेशन का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इसे ऑपरेशनल नहीं किया गया है वहां बिजली क्यों नहीं दी जा रही है। वहीं यूनिवर्सिटी के सामने 6 एकड़ जमीन सरकार ने दी है उसपर चारदीवारी बनाई जाएगी या नहीं। बता दें कि बार एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

हज को लेकर जारी शॉर्ट नोटिस पर झामुमो ने उठाए सवाल, कहा

# मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावना के साथ केंद्र सरकार कर रही है खिलवाड़

### झामुमो ने केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन को भी निशाने पर लिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने मुस्लिम समुदाय के सबसे पवित्र तीर्थयात्रा हज को लेकर जारी शॉर्ट नोटिस पर सवाल उठाया है। झामुमो ने केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन को भी निशाने पर लिया है। केंद्र सरकार ने सात मई को नोटिस जारी किया और नौ मई को कोलकाता एयरपोर्ट पर रिपोर्ट करने का फरमान जारी किया है। झामुमो प्रवक्ता सह महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह मुस्लिम समुदाय का सबसे पावन एवं पवित्र यात्रा होता है। जिसमें महीनों लोग तैयारी करते हैं, अपने ईष्ट-मित्र, परिजनों से मिलते-जुलते हैं। यहां तक कि परिवार के लोग भी हजयात्री को एयरपोर्ट तक छोड़ने जाते हैं। अब यह बताएं कि एक दिन में कैसे परिजनों का रेलवे टिकट कंफर्म होगा। देश का चौथे चरण और झारखंड में पहले चरण का चुनाव 13 मई को होना है तो क्या यह समझा जाए कि मुस्लिम वर्ग अपने मताधिकार का प्रयोग न करें, इसलिए यह शॉर्ट नोटिस जारी



किया गया है। इलेक्शन कमीशन ने भी कहा था कि चुनाव के साथ-साथ पर्व त्योहार भी देखना है। अब निश्चित रूप से इलेक्शन कमीशन को भी यह मामला संज्ञान में होगा। यह निश्चित तौर पर धर्म एवं धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करने जैसा कृत्य है।

### निश्चित हार को देख कर मोदी व उनके नेता हो गये हैं दिशाहीन

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधा चुनाव संपन्न हो गया है। जो रिपोर्ट आ रही है, उसके अनुसार भाजपा चुनाव हार रही है। पहले से मुद्दाविहीन मोदी जी और उनके नेता अब और दिशाहीन हो गए हैं। इसलिए अब घर के भैंस खोलकर ले जाएंगे, क्रिकेट टीम बनाएंगे, मंदिरों में ताला लगा देंगे, हिंदू-मुस्लिम पर उतर आए हैं। जहां पर पीएम मोदी दो दिन पहले गए, वहां पर उनके भाषण के दौरान सन्नाटा था, मगर दो दिन बाद चाईबासा और बसिया में हुए इंडिया गठबंधन और राहुल गांधी की सभा में जो जोश, जो नारे और जो टेंपरामेंट दिखा, उससे जाहिर हो गया कि झारखंड में क्या स्थिति होगी। झारखंड में एक भी सीट भाजपा और उसके सहयोगी दल को नहीं आयेगा।

# पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की दी गयी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर बुधवार को विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 207 में आयोजित बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, वरीय पदाधिकारी मतपत्र एवं इटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के अनुपस्थित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के बारे में जानकारी दी गयी।



कोषांग के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के मतदान कार्य में लगे अनुपस्थित मतदाताओं की वोटिंग छह मई से करायी जा रही है। वर्तमान में 4 लोकसभा क्षेत्र 10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू के लिए प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 'घ' भेजा गया है। सिंहभूम के लिए 256, खूंटी के लिए 1814, लोहरदगा के लिए 2883 और पलामू के लिए 850 प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 'घ' भेजा गया है।

### पोस्टल बैलेट से यहां हो रही वोटिंग

- सुविधा केन्द्र हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, रांची में चालक, उपचालक, सफाईकर्मी आदि की वोटिंग करायी जा रही है।
- सुविधा केन्द्र राजकीय +2 उच्च विद्यालय, कांके, रांची में मतदान दल कर्मी, मतदान में अनुपस्थित रहने वाले कर्मी, पदाधिकारी एवं अन्य की वोटिंग करायी जा रही है।
- सुविधा केन्द्र पुलिस लाईन, रांची में पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, जो ड्यूटी में रहेंगे एवं मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका मतदान कराया जा रहा है।
- मतदान सुविधा केन्द्र रांची समाहरणालय, ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-204 में वोटिंग करायी जा रही है।
- 08-लोकसभा रांची के लिए कुल 7,365 कर्मी, 3362 पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल, 137 बीएलओ, 169 चालक/उपचालक/सफाईकर्मी जो मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका पोस्टल बैलेट के माध्यम से सुविधा केन्द्र में मतदान कराया जायेगा।
- रांची जिला में 223 वरिष्ठ मतदाता (85+) एवं 99 दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग करायी जायेगी। इसके अलावे अन्य जिलों में कार्यरत 08-राँची लोकसभा के 2996 मतदाता कर्मी, 840 पुलिस बल, आवश्यक सेवा के 96 मतदाता, सरायकेला के 76 वरिष्ठ मतदाता एवं 68 दिव्यांग का स्क्रूटनी कार्य चल रहा है।

# झारखंड में 14 मई तक रिमझिम बारिश

### 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 14 मई तक रिमझिम बारिश भी होगी। विभाग के अनुसार 14 मई तक आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी जतायी गई है। इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा। राज्य में अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है।



**नौ से 11 मई तक गर्जन और तेज हवा :** मौसम केंद्र के अनुसार 9 से 11 मई तक राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। राज्य में 12 मई को कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है।

**कई जिलों में बारिश**

मौसम केंद्र के अनुसार 9 और 10 मई को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। राज्य में 11 और 12 मई को कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसी तरह 13 मई और 14 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना जतायी गयी है।

# जनजातीय समाज के बीच धर्मांतरण रोकना बहुत जरूरी : विनोद बंसल

### विहिप की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विहिप के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा कि इस पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के कुत्सित प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। श्री बंसल बुधवार को एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकड़ में आहूत बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिये लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनना आवश्य है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल एवं सहक्षेत्र मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी



कार्यक्रमों की जानकारी दिया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया 12 मई से 19 मई तक सभी प्रखंडों में सीता नवमी का कार्यक्रम 1000 स्थान पर मनाने की योजना है। जून माह में परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन 5 जून से 15 जून तक गिरिडीह के मधुबन एवं लोहरदगा में किया जायेगा।

चंद्रकांत रायपत ने कहा कि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सकें इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी। बैठक में देवी सिंह, सुभाष नेत्रगांवकर, गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, रामनरेश सिंह, मनोज पोद्दार, दीपक ठाकुर, मदन बागड़िया, शिव शंकर साबू, स्वामी कृष्ण चैतन्य, जुगल किशोर प्रसाद, अजय अग्रवाल, दीपारानी आदि थे।

# महंगाई से लोग त्रस्त भाजपाई मस्त : दीपक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता दीपक लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अच्छे दिन लाने का नारा देकर जनता के साथ धोखा किया है। भाजपा की राजनीति झूठ की बुनियाद पर टिकी है। बुधवार को किशोरगंज में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से येबबातें कही। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे वादे कर जनता को भरमाती रही है। वर्ष 2014 से जनता को सब्जबाग दिखाया जा रहा है। झूठे सपने दिखाकर भाजपा सत्ता पर काबिज है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले



घरेलू गैस सिलेंडर सर पर रखकर महंगाई का विरोध किया करते थे। उसे समय सिलेंडर की कीमत 400 थी। आज 1200 का गैस सिलेंडर हो चुका है। महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी और महंगाई से लोग त्रस्त हैं, वहीं,भाजपाई मस्त हैं। उन्होंने ने रांची संसदीय क्षेत्र की जनता से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर के साथ एसएसपी ने की बैठक

**रांची।** एसएसपी ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मद्देनजर रांची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ, एसएसबी और झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। एसएसपी ने बैठक में फोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं इत्यादि विषयों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने प्रेजेंटेशन व मैप के जरिये आवश्यक चीजों की जानकारी दी। एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## खबर एक नजर में

### श्री सदानंद महाराज को मिलेगा पद्मश्री अवार्ड



**रांची।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 28 मई को प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस संत शिरोमणि डॉ श्री श्री १०८ श्री सदानंद महाराज को नई दिल्ली में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करेंगी। पद्मश्री आवार्ड देने की घोषणा से क्षेत्र के प्रणामी समुदाय में खुशी की लहर देखने को मिल रही है।

### यौन शोषण का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने बुधवार को शादी का झांसा देकर नाबालिग का यौन शोषण करने के मामले में आरोपी अमरजीत लाल को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने महिला थाना रांची में साल 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कहा गया था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। बाद में वह शादी से मुकर गया और मारपीट करने लगा था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सिर्फ एक गवाह प्रस्तुत किया गया। इसका लाभ आरोपी को मिला।

### जमीन दलाल अफसर अली की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाले मामले के आरोपी दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान की डिस्चार्ज अर्जी पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी है। पिछली सुनवाई में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी कर ली गई थी। इसके बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता ने अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुये 12 जनवरी को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी।

### अवैध बालू कारोबार में पांच गिरफ्तार

**रांची।** अवैध बालू कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चार वाहन भी जब्त किया है। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू कारोबार को लेकर सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व पुलिस की टीम ने बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रेकी करने वाले अजहरूद्दीन नाम के व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। इस दौरान बालू लदे तीन हाईवा और एक टर्बो पकड़ा। पकड़े गये वाहनों के चालक टीपन कुमार, राजेश महतो, मूलचंद्र बेदिया और कुलदीप मुंडा है।

### मंत्री आलमगीर आलम इस्तीफा दें : विजय नायक

**रांची।** राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें या मुख्यमंत्री अविलंब मंत्रीपद से इन्हें बर्खास्त करें। ये बतें बुधवार को प्रेस बयान जारी कर संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल को सस्पेंड करने से काम नहीं चलेगा जो मास्टरमाइंड है, जिनके इशारे पर करोड़ों रुपयों की वसूली की गयी उसे निलंबित करना जरूरी है।

# यशस्विनी ने मॉर्निंग वॉकर्स से मांगा समर्थन

### किशोरगंज में जनसंपर्क अभियान भी चलाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को सुबह मोरहाबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स से मिले और उनसे आशीर्वाद (समर्थन) मांगा।



सुबह-सुबह टहलने वाले स्थानीय नागरिकों से कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की अपील की। वहां से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय वार्ड 28 किशोरगंज क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा में शामिल हुए। इसमें बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल थे। पदयात्रा को सफल बनाने में विनय सिन्हा दीपू, कुमार राजा, मेहुल प्रसाद, दीपक लाल, दीपक ओझा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिढा, राजू काठपाल, विक्की अरोड़ा, अर्चना मिर्धा, अमित, मौलेश सिंह, विक्की, अर्चना आदि नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

# मोदी ने महिलाओं को दिया सम्मान : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया। श्री सेठ बुधवार को इचागढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि उड़ीसा के एक सुदूर गांव में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को देश का राष्ट्रपति बनाया। बेटी पढ़ाओ बेटी



बढ़ाओ के अभियान के तहत बेटियों को सुरक्षित रखने के लिये, जनधन खाता उसके पढ़ाई की जिम्मेवारी उसकी शादी तक का सारा खर्च प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसी स्कीम के द्वारा बेटियों को सुरक्षित किया । देश झारखंड की सरकार ने लूटने का काम किया है। इस दौरान आजसू के प्रदेश सचिव हरेलाल महतो विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर दिनेश कुमार, मधु गोराई, सारथी महतो, बलराम महतो, कुलवंत सिंह बंटी, महेश कुंडू, दिवाकर सिंह, प्रशांत पोद्दार, मनोरंजन महतो, दिलीप महतो, विशाल चौधरी, देवजीत कुमार, देवाशीष राय,अनीता पारीत, विजय मंडल सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शानदार रहा एसबीयू का प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड इस वर्ष भी शानदार रहा है। अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 228 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है। प्लेसमेंट ड्राइव से एसबीयू के विद्यार्थियों को देश की नामी गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल हो रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट में संस्थान के छात्र को अधिकतम 10.92 लाख रुपए प्रति वर्ष का पैकेज मिला। इस वर्ष का औसतन पैकेज चार लाख रुपए रहा है। इस बार संस्थान में 122 से भी ज्यादा कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया, जो एक रिकॉर्ड है। इस बार टीसीएस, बिड़ला पेंट्स,



गोदरेज एंड बॉयस, मैप माई इंडिया, एक्सिस बैंक, श्याम स्टील, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, एम स्क्वेयर मीडिया, जेनपैक्ट कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे। कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की। वहीं विजय कुमार दलान समेत डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

# इडी गिरफ्त में आया जहांगीर कौन है नौकर, एमआर या प्राइवेट इंजीनियर!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** इडी ने मनी लांड्रिंग मामले में गाड़ीखाना से जिस जहांगीर को गिरफ्तार किया है] अभी उसके बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है। बताया जाता है कि जहांगीर पूर्व में किसी दवा कंपनी में एमआर था तो कहीं यह बात सामने आ रही है कि वह प्राइवेट इंजीनियर के तौर पर काम करता था। वहीं, उसे कुछ लोग नौकर के रूप में पेश कर रहे हैं। इडी जहांगीर आलम, मंत्री आलमगीर आलम और पीएस संजीव लाल के बीच के कनेक्शन खंगालने में जुटी हुई है।



कहा जा रहा है कि जहांगीर कांग्रेस के वरीय नेता और सरकार में शामिल एक मंत्री के रिश्तेदार के ससुराल का आदमी है। इडी ने बुधवार को संजीव लाल के ऑफिस की जब तलाशी ली तो वहां से पांच सौ के 28 हजार नोट बरामद किये गये] जो अब बाजार में चलन में नहीं है। ऐसे में अब यह सवाल उठता है कि आखिर पुराने नोट ऑफिस में क्यों रखे गये थे।

### बांग्लादेश से कनेक्शन की बात आ रही सामने


बताया जा रहा है कि इडी ने जिस जगह पर छापेमारी की है। उसका संबंध पाकुड़ और बांगलादेश से है। सूचना के मुताबिक, राजनीति में पकड़ रखने वाले नेता का एक रिश्तेदार बांगलादेश में प्रशासनिक पद पर है। जब्त पैसे चुनाव के बाद उसे ही भेजा जाना था। चूंकि, पाकुड़ में बांगलदेशी नागरिकों की संख्या ज्यादा है। कहीं, नोट का संबंध बांगलादेश व अन्य देशों से तो नहीं है।

### मामले में एनआइए भी हो सकता है शामिल

इडी की छापेमारी के बाद अब नोटों के मामले में एनआइए भी इन्वॉल्व हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, देश की आर्थिक संरचना को तोड़ने और अर्थव्यवस्था पर कुठाराघात होने की संभावना प्रबल हो गयी है। फिलहाल, इडी बरामद नोटों के संबंध में गिरफ्तार पीएस संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ कर रही है।

इडी इस बात की भी जांच कर रही है कि आखिर जहांगीर को किसने फ्लैट खरीद कर दिया। जहांगीर से बड़ी गाड़ियों में कौन-कौन मिलने आया करता था और क्यों।

### अरमान दत्त की स्मृति में इस्मा में कराटे डेमोंसट्रेशन प्रतियोगिता आयोजित, विजेता हुए सम्मानित



**रांची।** अरमान दत्त की स्मृति में इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आट्र्स एवं सुधा अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बुधवार को वाईएमसीए में इस्मा कराटे डेमोंसट्रेशन प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। सभी विजय प्रशिक्षकों को मेडल एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। चैंपियनशिप को सफल बनाने में इस्मा वरिष्ठ प्रशिक्षक कलेवर कर्मकार, सेंसाई नौशाद खान, सेंसाई जाकिर हुसैन, सेंसाई अबरार अंसारी, सेंसाई अनिल शर्मा समेत अन्य इस्मा सदस्य का योगदान रहा। मौके पर वाईएमसीए बीटीसी के सेक्रेटरी आशीष टोपनो रे ऑफ होप ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता शुभ नारायण दत्त, विजय दत्त पिंटू, मोनिका कुमारी, नवनीत कुमार, डॉ. राकेश रंजन, कौशल्या कुमारी, शिहान विमल आनंद नाग, अशोक यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# नहीं चलने देंगे आरयू के वीसी की मनमानी: शुक्ला

## पीजी वाणिज्य विभाग के नए भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो अन्यथा विश्वविद्यालय में होगा आंदोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें पीजी वाणिज्य विभाग की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मौजूद रांची विवि अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने विवि के कुलपति को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि मोरहाबादी स्थित पीजी वाणिज्य विभाग की इस्थिति दयनीय है। यहां कभी भी कोई भी दुर्घटना घट सकती है। बरसात के मौसम में इस भवन की स्थिति और भयावह हो जाती है। घूटने तक पानी में छात्र छात्र-छात्राएं और टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ इस बिल्डिंग में बैठकर काम करने का मजबूर होते हैं। पिछले 2 सालों में लगभग कई लाख के विद्युत उपकरण खराब हो चुके हैं। परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन एवम विश्वविद्यालय के कुलपति का इसपर कोई ध्यान नहीं है, वह सिर्फ अपनी मनमानी में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को भवन निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ 65 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। मोरहाबादी स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में भवन निर्माण के लिए जगह भी भी उपलब्ध है, परंतु फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी निद्रा में मस्त है। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के वरीय उपाध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा की कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का छात्र छात्रों के प्रति उदासीन रवैया छात्र आजसू बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर जल्द ही पीजी विभाग के नए भवन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो छात्र (आजसू )वाणिज्य विभाग एवं रांची विश्वविद्यालय के प्रसाणिक भवन में तालाबंदी करेगी। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया की जल्द ही वाणिज्य विभाग के भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल मे मुख्य रूप से: मनजीत, राहुल, विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, रूपेश कुमार के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सुरेश्वर महादेव मंदिर का दूसरा स्थापना दिवस समारोह 10 को

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समिति के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम के साथ इसका वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया है। बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू ने बताया कि सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय वर्ष गांठ पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 11 000 माता बहनें कलश के साथ शामिल होंगी। कलश यात्रा 10 मई दिन शुक्रवार को सुबह 5:00 बजे मंदिर प्रांगण से निकलकर के बहू बाजार स्थित बनस तालाब तक जाएगी और वहां से जल लेकर वापस मंदिर प्रांगण आएगी। उसके उपरांत बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा और अभिषेक के बाद रुद्राभिषेक किया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद पूजन के बाद संध्या 3:00 बजे से अपरा? 6:00 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें सभी शिव भक्त बाबा का प्रसाद को ग्रहण करेंगे। संध्या 7:00 बजे बाबा भोलेनाथ का अद्भुत श्रंगार किया जाएगा। कमेटी के महासचिव संतोष कुमार ने बताया कि हमारे मंदिर में बाबा का जो श्रृंगार होता है वह अपने आप में अद्भुत होता है। श्रृंगार के बाद महाआरती की जाएगी। महाआरती के बाद फिर से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में पूरे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी जुट गए हैं। इस मौके पर युवा अध्यक्ष विक्रम साहू, रतन लाल, कृष्णा साहू , गुजा तिर्की, रंजीत राम, केशव केसरी, छत्रधारी महतो, रूपेश केसरी, कलेश्वर साहू, संजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शोकसभा : छात्रों की मौत से मर्माहत है कैंब्रिज परिवार



**रांची।** मंगलवार की शाम टाटीसिलवे में प्राकृतिक आपदा की शिकार सीआईटी की छात्रा ज्योति कुमारी (22) व संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र सोनू कुमार की आसामयिक मौत को लेकर कैंब्रिज परिवार के लोग मर्माहत हैं। बुधवार को संस्थान में शोकसभा का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों एवं कर्मियों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी व परिवार वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया। बताते चलें कि मृतक ज्योति कुमारी जो की मूलतः साहिबगंज जिले की रहने वाली थी और संस्थान में सिविल इंजीनिरिंग की पढ़ाई कर रही थी। उसकी मौत बाइक पर पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आकर हो गई। जबकि पूर्ववर्ती छात्र सोनू कुमार की मौत भी इसी पेड़ गिरने की घटना में हुई। मृतक सोनू 2019 में संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच से पासउट था और वर्तमान में खेलगांव स्थित ओरिएण्ट क्राफ्ट में कार्यरत था। वह गोंदलीपोखर निवासी था।

## मानव तस्करी के आरोपी दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने बुधवार को नाबालिग की तस्करी मामले के अभियुक्त चान्हो के बेजीन गांव निवासी विजय लोहरा को दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 17 मई की तारीख निर्धारित की है। घटना को लेकर वादी ने विजय लोहरा के खिलाफ 12 मई 2018 को सुखदेव नगर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना को अंजाम एक मई 2018 को दिया गया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से मामले के जांच अधिकारी अनूप रोशन भेंगरा समेत पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## लालपुर में युवती ने की आत्महत्या

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के आदिवासी हॉस्टल के समीप किराये पर रहनेवाली युवती ने आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान दीपारानी सोरेन के रूप में की गयी है। वह गिरिडीह के बेंगाबाद की रहनेवाली है। लालपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## पोलिंग पार्टियों का हुआ सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बुधवार को पोलिंग पार्टियों का सेकेंड व माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में निवार्ची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 66-मांडर प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर और अन्य संबंधित पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित थे। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया।

## ऑटो यूनियन ने ट्रैफिक एसपी से की मुलाकात

रांची। जिला ऑटो चालक यूनियन का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस अधीक्षक से मिला कर समस्याओं से सबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से मांग की गई की यातायात प्रशासन के द्वारा परमिट ऑटो से सबंधित कागजात फेल होने की स्थिति में जप्त करने की जगह तत्काल फाइन कर छोड़ दिया जाए। मौके पर यातायात पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि इस संदर्भ में छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव, शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, सुनील सिंह मौजूद मौजूद थे।

# ओड़िशा से कानपुर ले जा रहे थे गांजा, हटिया स्टेशन पर पकड़ाया, 16 लाख रुपये है मूल्य

## छह तस्कर धराये

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। रांची आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 16 लाख का गांजा बरामद किया है। हटिया आरपीएफ की टीम ने गांजा के साथ छह तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों ने आरपीएफ को बताया है कि उक्त गांजा ओड़िशा से खरीदा गया था और कानपुर की मंडी में बेचने के लिये ले जाया जा रहा था।

**ट्रॉली बैग में भरकर ले जाया जा रहा था गांजा :** आरपीएफ हटिया ने बताया कि अधिकारियों को सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर ट्रॉली बैग के साथ कुछ संदिग्ध व्यक्ति देखे गये हैं। जो लगातार किसी दूसरे रास्ते से स्टेशन से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ पोस्ट हटिया, आरपीएफ फ्लाइंग टीम और जीआरपी हटिया टीम के अधिकारियों ने मिलकर प्लेटफॉर्म नंबर तीन की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान आरपीएफ टीम ने देखा कि प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर चार बड़े ट्रॉली बैग के साथ छह लोग संदिग्ध अवस्था में एक्सीलेटर के पास बैठे हुए हैं। सूचना के आधार पर सभी छह लोगों को हिरासत में लिया गया और जब उनके बैग की तलाशी ली गई तो उनके पास से भारी मात्रा में गांजा के पैकेट बरामद हुए। गिरफ्तार गांजा तस्करों में बिहार के दुलारचंद्रम, झारखंड के रामगढ़ के बबलू कुमार यादव, विनीत कुमार और निखिल कुमार तथा दिल्ली के इकबाल खान शामिल हैं।

### ओड़िशा से कानपुर ले जाना था खेप

हटिया पोस्ट के आरपीएफ इंस्पेक्टर हेमंत कुमार ने बताया कि सभी तस्कर ओडिशा के राउरकेला से गांजा की खेप लेकर ट्रेन से रांची पहुंचे थे, रांची के बाद उन्हें कानपुर से दिल्ली ट्रेन से जाना था। सभी तस्कर कानपुर में ही नशे का कारोबार करते हैं। गिरफ्तार तस्करों के पास से कुल 32 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में कीमत 16 लाख रुपये है। आरपीएफ हटिया द्वारा गिरफ्तार तस्करों को जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया है। जीआरपी हटिया द्वारा इन सभी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# विद्यापति स्मारक समिति के फाउंडर लेखानंद झा का निधन, शोक की लहर


खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता लेखानंद झा (85 वर्ष) का मंगलवार की शाम निधन हो गया। उनके निधन से सम्पूर्ण मैथिल परिवार, रांची सिविल कोर्ट एवं सम्पूर्ण झारखंड में शोक की लहर है। परिवार के लोगों ने बताया कि शाम पांच बजे उनकी तबियत खराब हो गई। दम फूलने पर परिवार के लोग चिकित्सक के पास ले गए, जहां बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी गई। इस पर उन्हें देवकमल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने शाम 7 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वर्गीय झा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें पांच पुत्रियां, एक पुत्र शंकर झा, पत्नी विंध्यवासिनी देवी सहित अन्य हैं। स्वर्गीय लेखानंद झा का अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके पैतृक गांव भाखराइन, मधेपुर (मधुबनी) में किया जायेगा।

मालूम हो कि लेखानंद झा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संस्था विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष थे, जिनके नेतृत्व में संस्था लगातार समाज के बिभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा का काम करते रही है। विशेषकर मैथिली संस्कृति के प्रसार एवं संरक्षण की दिशा में लगातार सकारात्मक पहल के प्रणेता लेखानंद झा ने नियोजन नीति में मैथिली भाषा को शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन करते रहे। उसी कड़ी में मैथिली भाषा को नियोजन नीति में शामिल करने के लिए उनके नेतृत्व में समिति के द्वारा झारखंड हाई कोर्ट में एक पी आई एल भी दायर किया गया था, जिस पर अदालती करवाई जारी है। स्व, लेखानंद झा रांची सिविल कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता थे। वे सन 1971 से व्यवहार न्यायालय में लगातार अधिवक्ता का काम किया। 26 जनवरी 2023 को रांची जिला बार एसोसिएशन ने उनके 50 वर्षों के उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया था। इसके साथ ही साथ उन्होंने राजनीति में भी बहुत संघर्ष किया। रांची, गोड्डा, धनबाद, मधुपुर (मधुबनी, बिहार) लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और समाज के गरीब, अपेक्षित लोगों के लिए लगातार आवाज बुलंद किया। लेखानंद झा झारखंड में सबसे पहले आंगनबाड़ी सेविकाओं को लेकर आंदोलन के प्रनेता रहे हैं। विद्यापति स्मारक समिति के सदस्यों ने स्वर्गीय लेखानंद झा को अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजली अर्पित किया। समिति के वरिष्ठ सदस्य बी के झा ने कहा कि लेखानंद झा का न रहना एक अपूरणीय क्षति है। वे मैथिल समाज के पुरोधा थे। सिर्फ. मैथिल लोगों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड- बिहार के लिए वो प्रेरणाश्रोत थे। उन्होंने हमेशा समाज के गरीब, उपेक्षित लोगों के न्याय के लिए संघर्ष किया, 85 वर्षों के उम्र में संस्था के द्वारा सभी कार्यक्रमों का नेतृत्व और संचालन करते रहे, उनसे हम सबों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## आज से श्री सहज पाठ साहिब की होगी शुरूआत



**रांची।** सिख पंथ के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए आज से श्री सहज पाठ साहिब की शुरूआत होगी। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि इस पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष में हर साल तीन श्री सहज पाठ साहिब रखे जाते हैं,जो कि साध संगत द्वारा बारी बारी से पढ़े जाते हैं.सभी श्रद्धालु एक एक घंटा पाठ पढ़कर इसे सम्पूर्ण करते हैं। तीन पाठों की शुरूआत आज से श्री गुरु अंगद देव महाराज के प्रकाश पर्व के दिन सुबह छह बजे से होगी एवं इन पाठों का समापन 22 मई को श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व के दिन सजाए जाने वाले विशेष दीवान में होगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा के सेवादार महेश सुखीजा,कमल अरोड़ा एवं कमल मुंजाल को इन सहज पाठ को पढ़ने के इच्छुक श्रद्धालुओं की लिस्ट तैयार करने की जिम्मेवारी दी गई है।

## खबर एक नजर में

### डीएसपीएमयू के जूलॉजी डिपार्टमेंट में सम्मान समारोह



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग में विश्वविद्यालय के खेल विभाग के द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने भारत के दो प्रमुख मुक्केबाजी कोच श्कैप्टेन बी बी मोहंती, द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त तथा लक्खा सिंह, ध्यानचंद पुरस्कार प्राप्त को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय में खेलों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा और विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे खेल निदेशक डॉ अभय सागर मिंज, जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर जी सी बास्के तथा विभाग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अक्षय तृतीया 10 को, सुख- समृद्धि का त्योहार : संजय



**रांची।** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जा रहा है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत ही शुभकारी है, अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य किया जा सकता है। इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है। अक्षय तृतीया हिंदुओं के लिए महान धार्मिक महत्व का दिन है जो नई शुरुआत और सोने– चांदी, नए घर जमीन, वाहन, चांदी के सिक्के और मिट्टी के बर्तन जैसी शुभ वस्तुओं की खरीद का प्रतीक है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की जाती है। अक्षय तृतीया भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थी राजा भगीरथ ने गंगा को धरती पर अवतरित करने के लिए कई वर्षों तक तप किया था। अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5 :31 से प्रारंभ हो रहा है जो कि अगले दिन सुबह 4 :37 तक रहेगा।

### दवा का शिक्षा निकेतन विद्यालय धुर्वा में एक चैरिटी कार्यक्रम



**रांची।** चैरिटी के लिए प्रतिबद्ध डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने बुधवार को शिक्षा निकेतन विद्यालय धुर्वा में एक चैरिटी का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वहां के बच्चों के लिए 12 सेट बेंच और डेस्क के दिए गए। बच्चे बहुत उत्साहित थे और बहुत सुंदर ढ़ंग से उन्होंने हम मेंबर्स का स्वागत में देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर हमारी चेयरपर्सन विनीता शरण, अध्यक्ष श्रीला चौधरी, सचिव अमृता वैद्या, सुषमा मिश्रा, बिंदु प्रसाद, सुप्रिया ठाकुर, विभा सिंह, आरती सिन्हा, अंजु कुमारी सिंह, रश्मि कुमार , डॉ सोनी सिनहा, देवयानी सन्याल, प्रीती नवीन,निभा मिश्रा उपस्थित थीं।

### डीएवी कपलिदेव में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**रांची।** डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू में बुधवार को मतदाता जागरूकता को लेकर एक कार्यक्रम 'मत मेरा अधिकार 'का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मताधिकार के प्रयोग पर जोर दिया गया। छात्रा माही झा ने संविधान में लिखे गये मताधिकार के बारे में बताया। वहीं वरिष्ठ शिक्षक नागेंद्र झा ने वोट के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ एम के सिन्हा ने बच्चों से कहा कि कुछ वर्ष बाद बच्चे मतदाता बनेंगे और भविष्य के लिए उन्हें अभी से तैयार रहना चाहिए। मौके पर बच्चों के अलावा कार्यक्रम के संयोजक नागेंद्र झा,एस के राणा,साधना शर्मा,काकोली दत्ता, आराधना सिन्हा,विवेक जायसवाल और प्रेमजीत सारंगी भी मौजूद थे।

### हर जनजीवन को देना है संदेश, रक्तदान है महादान : डॉ टीके शांडिल्य



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई, रोटरी क्लब ऑफ रांची और ब्लड डोनेशन कैंप रिम्स के संयुक्त प्रयास से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि जैसा हम सभी जानते है कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत कई गतिविधियां आती है, जिन्हें पूरा कर हमें आत्मसंतोष का बोध होता है। रक्तदान उन्हीं में से एक सामाजिक दायित्व है। इसलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। आज जैसे नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों में नैतिकता और आदर्शों को समावेशित करने पर बल दिया जा रहा है, उसी प्रकार रक्तदान को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी महत्ता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि आकस्मिक रक्त की आवश्यकता होने पर एक रक्तदाता किसी के लिए जीवनरक्षक के समान होता है। इसके पूर्व रक्तदान शिविर की शुरूआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह और स्पोट्र्स डायरेक्टर डॉ अभय सागर मिंज के द्वारा रक्तदान कर किया गया। इस पूरे रक्तदान शिविर के दौरान 88 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर के अलावा रिम्स के चिकित्सकों द्वारा अंगदान के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का समापन आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन ने नेशनल वीमेंस हॉकी लीग 2024 (राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024) के लिये पहली बार हॉकी इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस टूनार्मेंट के पहले चरण की शुरूआत 30 अप्रैल को हुई थी और इसका समापन आज रांची में होगा। इस देसी लीग में प्रतिभा एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में उन टीमों को शामिल किया गया है, जिन्होंने हाल ही में पुणे में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चौम्पियनशिप 2024 में शीर्ष-आठ स्थान हासिल किए थे। इसमें भाग लेने वाली खिलाड़ी झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस साझेदारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये, हॉकी इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ दिलीप तिर्की ने कहा कि इस टूनार्मेंट के शुरूआती संस्करण के लिये आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि इस सहयोग से न सिर्फ एक खेल के रूप में हॉकी का स्तर बेहतर होगा, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला हॉकी खिलाड़ियों का दर्जा भी बढ़ेगा। यह सहयोग खेलों के प्रशिक्षण के स्तर को बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगा और भारत में खेल से संबंधित दक्षताओं को भी बेहतर बनायेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के साथ साझेदारी का स्वागत किया।

## भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र, बोले बाबूलाल

# गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। श्री मरांडी बुधवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ठगबंधन सरकार का चरित्र भ्रष्टाचार बढ़ाओ,भ्रष्टाचारी बचाओ वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस आदिवासियों को कीड़ा मकौड़ा की तरह समझती है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है। इस अवसर पर सीपी सिंह ने कहा कि सरकार के लोगों पर नेगेटिव सेट किया जा रहा है। हेमंत सोरेन की इस्तीफा देने पर सत्ता संभालने के बाद चंपाई सोरेन सदन में कहा था कि यह हेमंत सरकार पार्ट 2 होगी। यह सरकार भ्रष्टाचार के मामले में हेमंत सरकार से भी आगे निकल गयी है।भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र है। आरोप पत्र में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 साल में झारखंड को किये गये सहयोग की विस्तृत जानकारी दी गई है। आंकड़ों के माध्यम से भी मोदी सरकार की उपलब्धियां को बयां किया गया है। मोदी सरकार की किसान और कृषि के प्रति गारंटी का जिक्र है। जनजातीय समुदाय के लिए मोदी सरकार गए द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख किया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। राज्य के सभी विभागों में खुलेआम चढ़ावा संस्कृति हावी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 46 माह के कार्यकाल में 6974 लोगों की हत्या हो चुकी है। 6402 बहन-बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनायें हुई हैं। जबकि 6128 अपहरण की घटी घटनायें घटी है। राज्य में ध्वस्त विधि-व्यवस्था का पुख्ता प्रमाण है। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्देश के बावजूद अभी तक सूचना आयुक्त, लोक आयुक्त सहित महिला आयोग जैसे कई महत्वपूर्ण आयोग का गठन नहीं किया गया। इस अवसर पर आरोप पत्र समिति के संयोजक सीपी सिंह, सह संयोजक शिवपूजन पाठक और योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### बेड़ो में मिले शव की हुई पहचान, हत्या का मामला दर्ज

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र केईंटा पंचायत के सुगा काटा तालाब के समीप मंगलवार की शाम को बरामद युवक के शव की शिनाख्त हो गयी है। थाना प्रभारी नकुल साह के अनुसार बरामद शव की पहचान थाना क्षेत्र के नगड़ी टोली निवासी शेख इमाम हुसैन के 15 वर्षीय तैयब शेख के रूप में हुई है। वहीं इस घटना को लेकर मृतक के पिता द्वारा बेड़ो थाना में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। जहां इस हत्या को लेकर बेड़ो थाना में कांड संख्या 47/24 भादवि की धारा 302/201/34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस घटना में संलिप्त आरोपियों के सत्यापन को लेकर दो युवकों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। इधर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तैयब शेख की हत्या धारदार चाकू से पेट व पीठ में 7 से 8 वार कर की गई है। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है। साथ ही पुलिस गहन छान बीन कर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### कांके होचर का शातिर अपराधकर्मी सूरज पहान जेल गया

**कांके।** कांके थाना क्षेत्र के होचर गांव का शातिर अपराधकर्मी वारंटी सूरज पहान को कांके थाना पुलिस ने बुधवार को अहले सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूरज पहान पिता स्वः रामसाय पहान पर थाना में कई मामले दर्ज है। सूरज पहान अपने गिरोह के अपराधीकर्मियों के साथ पिछले कई महीनो से होकर गांव में आतंक मचा रखा था। इसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, उपायुक्त, ग्रामीण एसपी, एसएसपी, डीजीपी को 6 मार्च को संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया था। इस पर अंकित मिश्रा नामक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर घायल करने का भी आरोप है। यह अपने गिरोह के आदमियों के साथ मिलकर होचर गांव में जमीन कब्जा करने, जमीन पर काम कर रहे व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने, ग्रामीणों के जमीन हड़पने का कार्य पिछले कई माह से कर रहा था। 6 मार्च को दिए ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन में कहा है कि अवैध हथियार दिखाकर क्षेत्र में होचर गांव में यह दहशत पैदा कर दबंगई कर रहा था। कांके थाना पुलिस ने गुप्त सूचना का आधार पर इस बुधवार को अहले सुबह गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

### जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील

**मांडर।** भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में बुधवार को भाजपा के युवा मोर्चा और एसटी मोर्चा की ओर से जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की गई। इस दौरान कंजिया, बसकी, बरगड़ी, जाहेर, बर टोली आदि गांवों में जनसंपर्क चलाया गया। मांडर मंडल के महामंत्री रामचंद्र भगत ने लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर मुकेश गोप, बब्लू गोप, विजय उरांव, रामदयाल मुंडा, हेमंत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### मंडा पूजा झूलन सह मेला के साथ संपन्न


**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा बुधवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व मंगलवार की शाम 125 भक्तियों ने लोटनसेवा,धुँआसी अनुष्ठान संपन्न किया। इससे बाद भक्तियों ने दहकते अंगारों में चलकर हर हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में समाजसेवी भैरव सिंह द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। इसके बाद बोकारो के जागरण टीम द्वारा पूरी रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम किया गया। बुधवार को भोक्ताओं ने झूलन अनुष्ठान संपन्न किया। इस दौरान मेलार्थियों में पवित्र पुष्प को पाने की होड़ रही। मंडा पूजा के सफल आयोजन में समिति के अजय साहु, गौरी मुंडा,जनार्दन साहु, परिबा साहु,

# मां रक्षाकाली पूजा में बंगाल व ओड़िशा से पहुंचे श्रद्धालू

## माता की चरणों में चढी एक हजार बकरे की बली, काली पूजा व मेला में उमड़े श्रद्धालू भक्तगण

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मां रक्षाकाली मंदिर मेसरा में मां रक्षाकाली की पूजा व मेला में श्रद्धालु भक्तों की भिड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार को सूर्यास्त के बाद विधिव शुरू हुई पूजा बुधवार दिन 11 बजे तक चली। इस दौरान श्रद्धालु भक्तों की लंबी लाइन लगी थी। वहीं मन्नतें मांगने व पूर्ण होने पर विभिन्न माता के भक्तों द्वारा मां काली की चरणों में लगभग 1000 बकरे की बली दी गई। इस दौरान कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से पहुंचे पंडित सदान चटर्जी के साथ पहुंचे आठ पुजारियों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण कर लगातार पूजा की जा रही थी। मां रक्षाकाली की पूजा में विधायक समरी लाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा के प्रदेश संयोजक देवेंद्र स्वामी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, आजसू जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य संजय कुमार, पूर्व प्रमुख प्रेमचंद महतो, थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह, भाजपा के संजीत सिंह, रणधीर चौधरी, रंजन ठाकुर विशाल सिंह उमेश सिंह क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थें।




मां रक्षाकाली की दिव्य प्रतिमा। पूजा के दौरान मां रक्षा काली मंदिर में उमड़ा भक्तों के भीड़।

**वैशाख अमावस्या की पूजा का है विशेष महत्व :** भगवान शेखर बताते हैं कि वैसे तो मां रक्षाकाली की पूजा सालों भर होती है।

लेकिन अमावस्या की पूजा का विशेष महत्व है। बताया विषेषकर वैशाख अमावस्या को पूजा करने वाले माता के भक्तों की मांगी गई मन्नते अवष्य पूर्ण होती है। यही कारण है कि झारखंड के विभिन्न जिला ही नहीं बंगाल और उड़ीसा से भी काफी संख्या में मां रक्षाकाली के भक्त पूजा करने व मन्नतें मांगने पहुंचते हैं।

**मेले में भी उमड़ी भीड़ :** मां रक्षाकाली पूजा के अवसर पर मंदिर स्थित भव्य मेला लगा था। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के झूले, मिठाई व खिलौने की दुकान से भरा पटा था। इसके अलावा कई घरेलू, श्रृगांर सहित विभिन्न प्रकार के पौराणिक व पारंपरिक सामान की भी दुकान लगी थी। मेले में बच्चे झुला खिलौना व मिठाईयों का लुफ्त उठा रहे थें। वहीं महिलाएं व अन्य पौराणिक व पारंपरिक घरेलू सामानों की खरीदारी कर रहे थें।

### पूजा का 160 वर्ष पुराना इतिहास

पिछले कई वर्षों से मां रक्षाकाली की पूजा कराने वाले भगवान शेखर बताते हैं पिछले 160 वर्षों से मां रक्षाकाली की पूजा की जा रही है। बताया की जब जमीनंदारी प्रथा थी उनके पूर्वज चंदनकियारी बोकारो (उस समय बंगाल) से आए थें। बंगाल में उनके पूर्वजों द्वारा मां काली व मां दुर्गा की पूजा किया करते थें। भाई बंटवारे में उनके परदादा विशेश्वर शेखर को मां काली की पूजा का अधिकार प्राप्त हुआ था। वहीं से मां रक्षाकाली को लेकर मेसरा पहुंचे और मंदिर निर्माण किया। एक भाई कोलकाता में दुर्गा पूजा और इनके परदादा विशेषर शेखर मेसरा में मां रक्षाकाली पूजा करने लगें। शुरू में उनके परदादा, बाद में उनका दादा काशीनाथ शेखर और उनके बाद उनके पिता भागीरथ शेखर द्वारा पूजा कराया जाता था। अब मां रक्षाकाली की पूजा व मेला लगाने आदि का दायित्व का निर्वाह भगवान शेखर द्वारा किया जा हा है।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी ने चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

# मोदी ने जनता पर थोपी महंगाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** इंडिया एलायंस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया है। बेरोजगार युवा खुदकुशी के लिये विवश हैं। फसल का समर्थन मूल्य नहीं मिलने से किसान हताश है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सुश्री सहाय चुनाव प्रचार व पदयात्रा कर लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने जनसंपर्क व बैठक कर लोगों से वोट मांगा और भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। यशस्विनी सहाय ने कहा कि कांग्रेस गरीबों की पार्टी है। कांग्रेस की हर योजना आम लोगों के हितों की अनुरूप बनाई जाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मोदी की झूठ से ऊब चुके लोग कांग्रेस की ओर देख रहे हैं। यशस्विनी सहाय ने हरमू रोड, किशोरगंज, मोरहाबादी, हेहल, भोंडा, पंडरा, हिसरी, महादेव टांगरा, बाजपुर, बाजारटाड़, तिगरा बगीचा, पाली, चितरकोटा, बड़काटोली, बिजुलिया और गुड्डू आदि स्थानों में रोड-शो भी किया। ग्रामीणों की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, पार्टी के अध्यक्ष कुशल उरांव, अतुल राज, राजेश पांडेय, सोमा उरांव, रंजीत पाहन, सुखदेव, मोहमद अंसारी, इसराफिल अंसारी, बिटू उरांव, विकास, सरिता, शहोदरा, झामुमो के बेलाल अंसारी व असलम अंसारी आदि सैकड़ों कार्यकर्त्ता शामिल थे।



पदयात्रा में यशस्विनी व अन्य।

## मंडा पूजा में छउ नृत्य का आयोजन

# शिव की आस्था दहकते अंगारे में चले भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मंडा पूजा समिति पांचा द्वारा मंगलवार रात्रि में मंडा पूजा के अवसर पर छउ नृत्य का आयोजन किया गया। मंडा पूजा में 70 भोगताओं ने शिवभक्ति की आस्था में दहकते अंगारे में चलें। वहीं उनके साथ सोकताइन महिलाएं भी अंगारे में चलें। मंडा पूजा व रात्रि में आयोजित छउ नृत्य देखने को आसपास गांव से काफी संख्या में लोग पहुंचे थें। मौके पर जिप सदस्य सरिता देवी, समिति के अध्यक्ष आनंद महतो, सचिव सत्येंद्र कसेरा, कोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजधाम साहू, उपसचिव विकु कुमार साहू, संरक्षक विजय साहू, संतु साहू, अषेश्वरलाल गुप्ता, वीरेंद्र साहू, विनोद साहू, प्रकाश चौधरी, शैलेंद्र साहू, कृष्ण कुमार साहू, बालक महतो, रामनंदन महतो, प्रीतम साहू, सरोज महतो, संजय महतो, सहित ग्रामीण उपस्थित थें।



छउ नृत्य प्रस्तुत करते कलाकर व देखते लोग।

## तीन आरोपियों को गिरफ्तार



**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के बरौदी गांव से पानी मशीन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि बरौदी गांव निवासी निर्मल महतो के खेत से चोरो ने बाइक नंबर जेएच01एवी2912 से दो बिजली चालित पानी मशीन तथा एक स्टेबलाइजर चोरी कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पतरातू गांव निवासी जुलफान अंसारी,मोईन अंसारी तथा खरकुटोला निवासी तौफीक आलम को चोरी हुए सामानों के साथ घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पूर्व में भी कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। छापेमारी अभियान में पुअनि दिलीप कुमार,प्रधान किस्कू समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## राशन दुकान में पुलिस ने मारी दबिश, हजारों का अवैध अंग्रेजी शराब जप्त आरोपी फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा सुभाष नगर में अवैध रूप से अवैध अंग्रेजी शराब का भण्डारण कर क्रय-विक्रय करने के आरोप में खलारी पुलिस ने मारी दबिश। जानकारी के अनुसार खलारी पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना अंतर्गत सुभाष नगर, डकरा स्थित एक राशन दुकान में अवैध रुप से अंग्रेजी शराब का भण्डारण कर क्रय-विक्रय किया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में सुमन साहु, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता जगन्नाथ साहु, सा० सुभाष नगर, डकरा, थाना खलारी के राशन दुकान में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर की बरामदगी की गई। जिसके आलोक में खलारी थाना कांड संख्या-52/2024, दिनांक-08/05/2024, धारा-272/273/290 भा०द०वि० एवं 47ए उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। छापमारी के दौरान अभियुक्त सुमन साहु घटनास्थल से भीड का लाभ उठाकर फरार हो गए जिसकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। जप्त अंग्रेजी शराब में 54 पीस विभिन्न कम्पनी का बीयर काँच के बोतल में, 28 पीस विभिन्न कम्पनी का केन बीयर,06 पीस विभिन्न कम्पनी का अंग्रेजी शराब जप्त किया गया। वही छापामारी दल में पु०अ०नि० देव कुमार दास, पु०अ०नि० मुकेश कुमार,पु०अ०नि० कपिलदेव यादव, स०अ०नि० राज किशोर कुमार सिंह,स०अ०नि० सहदेव महतो,सशस्त्र बल के जवान सहित अन्य मौजूद थे।



### एक नजर में

### गली- गली चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान



**राहे।** मतदाता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर महिला समिति के सदस्यों के द्वारा गली-गली मतदाता जागरूकता अभियान चलाया रहा है। लोगों को मतदान करने की अपील की जा रही है, मतदान का महत्व को बताया जा रहा है। जेएसएलपीएस के महिला समूह गांव के महिलाओं को मतदान के महत्व के साथ ही मतदान करने एवं मतदान कार्य में राष्ट्रीय कर्तव्य समझ कर हर हाल में तत्पर रहने के संकल्प के साथ शपथ दिलाया। गांव के महिलाओं ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिया।

### शादी समारोह में गये पूरा परिवार,उधर चोरों ने घर की सफाई कर उड़ाए लाखो रुपये

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के न्यू जेहली टाँड़ नया बस्ती में मध्य रात्रि बंद घर में चोर ने सेंधमारी कर लाखो रुपये की चपत किया। जानकरी के अनुसार न्यू जेहली टाँड़ नया बस्ती के रहने वाला कलीम अंसारी के घर अज्ञात चोरों के द्वारा घात लगाकर चोरी का घटना का अंजाम दिया। भुक्तभोगी कलीम ने थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि पूरा परिवार एक साथ मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे घर बंद करके शादी समारोह में जेहली टाँड़ गये थे। शादी समारोह से वापस लगभग 10:30 रात्रि को घर लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ था। उसके बाद घर मे रखे हुए महंगे वस्तुओं व रकम की टोह लेने लगा तो पाया कि अलमीरा खुला हुआ है। अलमिला में रखे कीमती सामान सहित नगद रुपये गायब थे। गयाब समान में कमिटी के पैसा का रकम 28 हजार,महिला समूह का रकम 14 हजार,अपना पैसा लगभग 42 हजार, सोना,चांदी का वस्तु 33 हजार के लगभग सहित कुल डेढ़ लाख से अधिक का रकम सहित अन्य वस्तुओं का चोरों ने हाथ की सफाई किया। उधर खलारी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई का भरोसा दिया।

### राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन मजदूरों की समस्या को लेकर प्रबंधन को मांग पत्र सौपा गया

**खलारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के द्वारा एनके एरिया महाप्रबंधक से एन के क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया गया। कोयला मजदूर यूनियन के मांग पत्र श्रमिकों से संबंधित चर्चा कर लागू कर अमल करने की बात कही गयी। एनके प्रबंधन से एन के क्षेत्र के उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संसाधनों को शीघ्र उपलब्ध,रैयतों विस्तापितों को विस्थापन एवं पुनर्वास नीति के तहत प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाय। श्रमशक्ति की कमी के कारण मशीन खड़ा नहीं रहे, इसके लिए ओवर्टाइम पर कर्मियों को लगाया जाए। केंद्रीय अस्पताल डकरा की चिकिस्ता सुविधा को सुदृढ़ एवं भरोसेमंद बनाने के लिए विशेषज्ञ चिकिस्तक (मैडिसिन) (शल्य) (आँख) हड्डी) की डॉ0 का पदस्थपन,पारमेडिकल स्टाफ,नर्ष को पदस्थापित, डकरा मे एक ऑक्सिजन प्लांट,गांधी नगर के तर्ज पर रेफेरेंयल करने के शक्ति दी जाए साथ ही सीटी स्कैन,एमआरआई जैसे महातपूर्ण जाँचों का मुहैया कराया जाय। इन सभी मांग को लेकर एरिया सेक्रेटरी सुनील कुमार सिंह सहित ने प्रबंधन के समक्ष 20 से अधिक समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया गया।

## अतिथि रेस्टूरेंट में छापेमारी 40 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, मैनेजर गिरफ्तार, संचालक फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के रेस्टूरेंट व ढाबें में अवैध रूप से अंग्रेजी ब्रिकी की जाती है। गुप्ता सूचना पर कार्रवायी करते हुए ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा अतिथि रेस्टूरेंट उकरीद ओरमांझी पर छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड के 40 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। एनएच-20 रांची रामगढ़ पथ किनारे स्थित अतिथि रेस्टूरेंट में मंगलवार रात्रि में पुलिस जब छापेमारी करने पहुंची लोग इधर-उधर भागने लगे। रेस्टूरेंट में तलासी लेने पर अंग्रेजी शराब के साथ 53 पैकेट सिगरेट भी बरामद हुआ। पुलिस द्वारा शराब व सिगरेट जब्त कर रेस्टूरेंट के मैनेजर उमेष मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं रेस्टोरेंट संचालक फरार हो गया। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया मैनेजर व संचालक पर मामला दर्ज कर लिया गया। क्षेत्र के किसी भी रेस्टूरेंट व ढाबे में अवैध रूप से शराब बिक्री करने नही दिया जाएगा। आगे भी इस प्रकार की कार्रवायी जारी रहेगी। इधर अतिथि रेस्टोरेंट में छापेमारी की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के अन्य होटल संचालकों में हड़कंप मच गई है।



रेस्टोरेंट से जब्त अंग्रेजी शराब व गिरफ्तार मैनेजर।

## देश महंगाई और बेरोजगारी से त्राहिमाम : आलमगीर



**चान्हो/मांडर।** लोहरदगा लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में मांडर और चान्हो में बुधवार को झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने प्रचार किया। चान्हो में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज पूरा देश महंगाई और बेरोजगारी से त्राहिमाम कर रहा है और भाजपा के लोग बढ़ती मंहगाई पर खुशियां मना रहे हैं। वे 400 सीट का सपना देखते हुए संविधान बदलने की बात बोल रहे है। इससे पहले मंत्री ने मांडर के मुड़मा मदरसा महमुदिया में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के मुस्लिम समुदाय के लोगों को संबोधित किया। साथ ही इस दौरान चुनाव को लेकर मंथन ही किया गया। मौके पर वक्ताओं ने राजनीति में अल्पसंख्यकों की भागीदारी को लेकर अपनी बातें रखी और कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा मुस्लिमों का सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।मौके पर शमीम अख्तर आजाद, नुरुल्लाह हबीब नदवी, आबिद अंसारी, अफरोज अंसारी, इरसाद इमाम आदि मौजूद थे।

### पांच दिवसीय रामायण कथा पाठ का समापन



**राहे।** प्रखंड के महेशपुर गांव में आयोजित पांच दिवसीय रामायण कथा पाठ का समापन बुधवार सुबह को किया गया। 5 दिनों तक पंडित रवि ठाकुर की टीम और स्थानीय कथावाचकों के द्वारा रामायण कथा पाठ किया गया। समापन के अवसर पर सतिया से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।महिलाओं ने अपने कलश में पवित्र जल लेकर कथा स्थल तक आए जहां कलशों की विधिवत स्थापना किया गया। पांच दिन तक पूरे गांव में भक्ति का वातावरण बना रहा। आयोजन को लेकर ग्राम कमेटी के सभी सदस्य सदस्यों की भूमिका सक्रिय रही।

## पेड़ काटने के दौरान घर पर गिरा पेड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया सड़क के चौड़ीकरण में पेड़ों की की जा रही कटाई के क्रम में बुधवार को हेसल मोड़ के समीप हेसल खिराटोली निवासी बिरसा उराँव के घर में बरगद का एक विशाल पेड़ गिर गया। जिससे घर का अलबेस्टर चूर चूर हो गया। इस विशाल पेड़ के जद में घर के साथ साथ ग्यारह हजार हाई वोल्टेज बिजली का पोल और तार भी आ गया। उस समय बिजली का लाईन चालू था। जिससे एक बड़ी घटना होते होते रह गई। क्योंकि शॉट शर्किट होने के कारण बिजली की लाईन तत्काल कट गई। बताया गया कि पेड़ों की कटाई में लगे ठेकेदार और मुंसी की लपरवाही के कारण इस तरह की घटना घटी है ' पेड़ गिरने से घर की हुयी क्षति की मुआवजा देने की मांग लोगों ने की है।



# न्याय-अन्याय

शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के निर्देश के अनुसार सीबीआई की जांच जारी रहेगी लेकिन सीबीआई कोई दंडात्मक कार्रवाई फिलहाल नहीं करेगी। स्कूल सेवा आयोग की तरफ से पेश सीनियर वकील जयदीप गुप्ता ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट की बेंच के पास नौकरियां रद्द करने का अधिकार क्षेत्र नहीं है। और उसके आदेश इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के विपरीत हैं जब सीजेआई ने पूछा कि क्या ओएमआर शीट और आंसर शीट की स्कैन की गई कॉपियां नष्ट कर दी गई हैं, तो उन्होंने पॉजिटिव जवाब दिया। सीजेआई ने कहा कि उनको सिर्फ स्कैनिंग के लिए काम पर रखा गया था, लेकिन आपने उन्हें पूरा डेटा रखने दिया, आप यह नहीं कह सकते कि उन्होंने इसे ले लिया, लोगों के डेटा को रखने के लिए आप जिम्मेदार हैं।


सीजेआई ने तब पूछा कि क्या आयोग ने आरटीआई आवेदकों से गलत कहा था कि डेटा उसके पास है कोई डेटा (आपके पास) बिल्कुल नहीं है। इस पर वकील ने जवाब दिया, ऐसा हो सकता है। जब उन्होंने पूछा कि क्या हाई कोर्ट के निर्देश निष्पक्ष थे, तो सीजेआई ने जवाब दिया, लेकिन यह प्रणालीगत धोखाधड़ी है। सार्वजनिक नौकरियां आज बेहद दुर्लभ हैं, और उन्हें सामाजिक गतिशीलता के रूप में देखा जाता है अगर उनकी नियुक्तियों को भी बदनाम किया जाता है तो सिस्टम में क्या रह जाता है? लोग विश्वास खो देंगे, आप इसे कैसे स्वीकार करेंगे? पश्चिम बंगाल हाई कोर्ट ने शिक्षक बहाली को रद्द कर दिया था। सवाल है कि इस परीक्षा में हजारों छात्र मेहनत से अपनी प्रतिभा के बल पर नौकरी ले चुके थे उनके न्याय का क्या होगा? साथ ही शिक्षकों की कमी से देश के छात्रों का भविष्य कैसा बनेगा?

# पेपर लीक

बिहार में बीपीएससी का पेपर लीक, हिमाचल में पुलिस भर्ती का पेपर लीक, उत्तर प्रदेश में दारोगा भर्ती का पेपर लीक,मध्य प्रदेश में पेपर लीक, राजस्थान में पेपर लीक, गुजरात में फॉरेस्ट गार्ड भर्ती का पेपर लीक पेपर नहीं, जिंदगी लीक हो रही है। सपने और मेहनत लीक हो रहे हैं। महत्वकांक्षाएं लीक हो रही हैं। समय लीक हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई में लगी मां-बाप के खून-पसीने और मेहनत की कमाई लीक हो रही है। सड़ी हुई सरकार और गली सिस्टम के प्रति लोगों का भरोसा लीक हो रहा है। न्यायपालिका से न्याय की उम्मीद लीक हो रही है। एक आदमी की उम्मीद लीक हो रही है। आखिर कमी कहां है और गलती किसकी है जो सुधारे नहीं सुधरती थी। देश में नौकरियों की अहमियत विशेषकर हिंदी प्रदेशों में इतनी अधिक है कि इसके लिये लोग लाखों रुपये रिश्वत देने को तैयार रहते हैं। यहां पर बाजार की मांग और पूर्ति की सिद्धांत काम करता है। हजारों लोग इस फिराक में होते हैं कि नौकरियों के लिये पहले ही पेपर लीक करा लिया जाए जिससे अधिकतम अंक लाकर अपनी नौकरियां पक्की की जा सके। विशेषकर बिहार में कई गिरोह इस काम में लगे रहते हैं जिनका प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी घनिष्ट संबंध होते हैं। इन अधिकारियों और लीक कराने वाले गिरोह के राजनेताओं से भी घनिष्ठता होती है। यही कारण है कि विगत दशक में ऐसे मामले व्यापार में तब्दील हो गये हैं जो पकड़ें गये सो पकड़ें गये जो बच गये सो मालामाल हो गये। अयोग्य लोग पद तक पहुंच कर राज्य की व्यवस्था का बंटाधार करते हैं। बिहार में दोरोगा परीक्षा के पेपर लीक होने के कारण ही दबे जुबान से कट ऑफ अधिकतम जाने की बात की जा रही है। इस प्रकार की घटनाओं से राज्यों के प्रतिभा का धुटन और राज्य का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

# देश के हजारों बांधों की सुरक्षा पर सवाल





-विनायक चटर्जी

> भारत में कई और बांध असफल रहे हैं जिनमें कड्डम (1957), पानशेत (1961), खडकवासला (1961) चिक्खोले (1962) और नानक सरार (1967) शामिल हैं। फरवरी 2021 की शुरूआत में, उत्तराखंड में चमोली जिले का एक क्षेत्र तबाह हो गया और 140 लोगों की जान तब चली गई जब एक ग्लेशियर टूटने से तेज गति वाला पानी नदी में अचानक बढ़ा और रास्ते में पड़ने वाले एक बांध को बहा ले गया।

**गुजरात** में मॉनसून की भयावह बारिश के एक सप्ताह बाद 11 अगस्त, 1979 को दो मील लंबा माछू बांध-2 टूट गया। बांध के विशाल जलाशय से निकला पानी भारी आबादी वाले निचले क्षेत्र में गया जिससे औद्योगिक शहर मोरबी और इसके आसपास के खेती पर निर्भर रहने वाले गांव नष्ट हो गए। कई पुल टूट गए, कारखाने बरबाद हो गए और हजारों मकान ढह गए। इस आपदा में लोगों की मौत का ठोस आंकड़ा नहीं मिल पाया लेकिन अनुमानतः यह 25,000 से अधिक था। टॉम वूटेन और उत्पल संदेसरा द्वारा लिखी गई पुस्तक 'नो वन हैड ए टंग टू स्पीक' ने इन आधिकारिक दावों को खारिज कर दिया है कि बांध की विफलता ऊपरवाले के हाथ में थी बल्कि उन्होंने इसके लिए कई संरचनात्मक और संचार विफलताओं की ओर इशारा किया जिससे आपदा की स्थिति पैदा हुई और इसका स्तर और बढ़ गया।

भारत में कई और बांध असफल रहे हैं जिनमें कड्डम (1957), पानशेत (1961), खडकवासला (1961) चिक्खोले (1962) और नानक सरार (1967) शामिल हैं। फरवरी 2021 की शुरूआत में, उत्तराखंड में चमोली जिले का एक क्षेत्र तबाह हो गया और 140 लोगों की जान तब चली गई जब एक ग्लेशियर टूटने से तेज गति वाला पानी नदी में अचानक बढ़ा और रास्ते में पड? वाले एक बांध को बहा ले गया और इससे दूसरा बांध भी क्षतिग्रस्त हो गया। सरकार ने हाल ही में राज्यसभा को बताया कि 1979 के बाद से बांध की नाकामी के 42 उदाहरण हैं। ताजा उदाहरण आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में मौजूद अन्नमय्य जलाशय से जुड़ा है जिसके कारण नवंबर 2021 में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई।

दुनिया में बांधों की संख्या के लिहाज से भारत तीसरे पायदान पर है और यहां 5,745 बांध हैं। चीन में 23,842 बांध और अमेरिका में 9,261 बांध हैं। चिंता का विषय यह है कि लगभग 80 प्रतिशत बांध 25 वर्ष से अधिक पुराने हैं और इनका रखरखाव पर ध्यान न होने और अक्सर टाले जाने के कारण कई तरह के जोखिम जुड़ गए हैं। इसके अलावा बांधों की उम्र की बात करें तो यह भी एक बड़ी समस्या है क्योंकि करीब 293 बांध (6 प्रतिशत) 100 साल से अधिक पुराने हैं और 973 (18 प्रतिशत) 50-100 साल पुराने हैं।

एक बांध की दीर्घकालिक सुरक्षा इसकी सामग्रियों के खराब होने, नींव के कमजोर होने और भूकंपीय खतरों पर निर्भर करती है। बांधों के भौतिक पुनर्वास में दो तरह की स्पष्ट गतिविधियां शामिल हैं। पहला 'डी-सिल्टेशन' प्रक्रिया है जिसके जरिये मूल जलाशय क्षमता बहाल की जाती है जबकि दूसरी 'सुरक्षात्मक' गतिविधियां हैं जिसमें संरचनात्मक सुरक्षा, जलीय सुरक्षा और परिचालन सुरक्षा शामिल है।

बांध को बंद करने के मुद्दे को भी कार्य-एजेंडा में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। सिविल सोसाइटी समूहों और स्वतंत्र विशेषज्ञों ने विभिन्न संदर्भों में केरल में मुल्लापेरियार बांध, त्रिपुरा में गुमटी नदी पर डुंबर बांध और महाराष्ट्र में जायकवाडी बांध के लिए इसे पहले ही बंद करने की मांग उठाई जा चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 अप्रैल को फैसला सुनाया कि 126 साल पुराने मुल्लापेरियार बांध के लिए एक पर्यवेक्षी समिति, राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण के सभी कार्यों और शक्तियों का निर्वहन करेगी जब तक कि बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के तहत एक नियमित राष्ट्रीय प्राधिकरण कार्य नहीं करने लगता है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) में बांध सुरक्षा संगठन (डीएसओ) की स्थापना मई 1979 में बांध सुरक्षा के बारे में राज्यों को समझाने के लिए की गई थी। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टों में बांध सुरक्षा से संबंधित मुद्दों का जिक्र अक्सर किया गया है। ऐसी रिपोर्टों में डीएसओ के प्रभावी होने को लेकर भी सवाल उठाया गया है।

चार राज्यों (मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तमिलनाडु) में 423 करोड़ रुपये की लागत से 1991 से 1999 तक विश्व बैंक की सहायता से पहले प्रमुख कार्यक्रम, बांध सुरक्षा आश्वासन और पुनर्वास परियोजना पर अमल किया गया था। दूसरा कार्यक्रम विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (डीआरआईपी) थी जो अप्रैल 2012 से मार्च 2021 तक की अवधि के लिए थी और जिसका बजट 3466 करोड़ रुपये तक था। इस योजना के तहत सात राज्यों, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड स्थित 223 बांधों का पुनर्वास किया गया था।

ड्रिप की सफलता के आधार पर जल शक्ति मंत्रालय ने ड्रिप के दूसरे चरण और तीसरे चरण की शुरूआत की है। इन नई योजनाओं में 19 राज्य हैं और तीन केंद्रीय एजेंसियां (भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड, सीडब्ल्यूसी और दामोदर घाटी निगम) शामिल हैं। बजट खर्च करीब 10,211 करोड़ रुपये है जो 736 बांधों के पुनर्वास प्रावधान के लिए पर्याप्त है।

2 अगस्त, 2019 को बांध सुरक्षा विधेयक, 2019 लोकसभा में पारित किया गया था। इस विधेयक में बांध सुरक्षा पर एक राष्ट्रीय समिति, राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण, बांध सुरक्षा पर राज्य समिति और राज्य बांध सुरक्षा संगठन की स्थापना कर निर्दिष्ट बांधों की निगरानी, निरीक्षण, संचालन और प्रबंधन का प्रावधान है। इस विधेयक का कई राज्यों द्वारा इस आधार पर विरोध किया गया था कि यह बांधों का प्रबंधन करने के लिए राज्यों की संप्रभुता का अतिक्रमण कर रहा है क्योंकि पानी, संवैधानिक रूप से राज्य का विषय है।

केंद्र का कहना था कि अंतर-राज्यीय नदी बेसिन, बांधों से संबंधित 92 प्रतिशत आंतरिक इलाकों को कवर करते हैं जिससे केंद्र इस तरह के कानून लागू करने के लिए सक्षम हो जाता है। आखिरकार राज्यसभा ने 2 दिसंबर 2021 को इस विधेयक को पारित कर दिया। इस तरह से यह नया अधिनियम और संबंधित पुनर्वास कार्यक्रम भारत के बांधों के पेशेवर प्रबंधन और संबंधित सुरक्षा मुद्दों के एक नए दौर की शुरूआत करते हैं। उम्मीद की जा सकती है कि भारत के 5,745 बांध अब सुरक्षित हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

खास बात

## अन्य क्षेत्रों के लिये इनविट

**भारतीय** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और पावरग्रिड के बुनियादी ढांचा निवेश न्यास (इनविट) की सफलता के बाद केंद्र सरकार 6 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के तहत रेलवे, जहाजरानी, गैस पाइपलाइन और अन्य क्षेत्रों के लिए भी इनविट लाने की तैयारी कर रही है।

वित्त मंत्रालय बुनियादी ढांचे से जुड़े विभागों को इनविट लाने के लिए कह रहा है और रेलवे एवं जहाजरानी मंत्रालयों तथा गेल लिमिटेड में इनविट के परीक्षण हो रहे हैं। केंद्र चालू वित्त वर्ष में कुछ खास क्षेत्रों के और भी इनविट लाने की योजना बना रहा है।

वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'सड़क और बिजली के बाद अगला कदम यह देखना है कि अन्य क्षेत्रों में किन सरकारी परिसपत्तियों का इनविट के जरिये मुद्रीकरण किया जा सकता है। यह बड़े संस्थागत निवेशकों से धन जुटाने का आकर्षक रास्ता है।'

रेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'हमारे लिए परिसंपत्ति मुद्रीकरण अत्यंत शुरूआती अवस्था में है, इसलिए हम नए सिरे से अपने मुद्रीकरण के तरीके बनाने की कोशिश कर रहे हैं और वास्तव में हम इनविट को भी विकल्प के तौर पर देख रहे हैं। शीर्ष स्तर से हमें साफ तौर पर मुद्रीकरण के लिए कहा जा रहा है।' बहुत से निजी क्षेत्र के इनविट बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध हैं। सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियां दो इनविट- नैशनल हाइवे इन्फ्रा ट्रस्ट और पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ला चुकी हैं। एनएचएआई का इनविट पिछले साल अक्टूबर में शुरू किया गया था। इसमें कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड और ओंटारियो टीचर्स पेंशन प्लान बोर्ड एंकर निवेशक थे। इसके जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। शुरूआत में इसमें कुल 400 किलोमीटर के पांच चालू टोल रोड शामिल थे।

ये टोल रोड राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना और कर्नाटक में हैं। पावरग्रिड का इनविट मई 2021 में सूचीबद्ध हुआ और खबरों के मुताबिक कंपनी वित्त वर्ष 2023 में 7,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए इनविट के जरिये रकम जुटाएगी।


**रामगढ़** जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव में आदरणीय दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी के बड़े भाई स्व राजा राम सोरेन जी के श्राद्ध कर्म में उपस्थित होकर, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

**– चंपईसोरेन सीएम**

## आपके ट्वीट

आज देश के हर कोने में युवा-बेरोजगारी, महिलाएं-अत्याचार, दलित, आदिवासी, पिछड़े और माइनॉरिटी-भयंकर भेदभाव झेल रहे हैं। ऐसा माहौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीयत की वजह से है। **– राहुल गांधी, सांसद**





**सनातन** संस्कृति विश्व को एक परिवार व पश्चिमात्य संस्कृति विश्व को बाजार के रूप में देखती है,यह उपभोक्तावादी दृष्टि-प्रचंड भोगवाद ही संकटों का मूल है। प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का त्यागपूर्वक उपयोग करना सीखें।

**– अवधेशानंद गिरी**

# स्वयं को जानना

धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**जीवन** एक स्वांसों का खेल है। जब दिव्य शक्ति ने इस ब्रह्मांड का निर्माण किया तो वह ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं थी।

क्योंकि किसी ऐसी अन्य शक्ति की संभावना जो इसे बाध्य करे वह खुद ही दिव्यता की अवधारणा से संगत नहीं है। यह माना जा सकता है कि यह उसने अपने आनंद के लिए किया है। कोई भी आनंददायक गतिविधि को एक खेल या लीला माना जा सकता है। स्वांसों का यह खेल किस दिशा में जा रहा है?

खेल की शुरूआत दिव्यता के खुद को बहुत प्रभावी ढंग से पदार्थ में छिपा लेने में हुई। सर्वज्ञानी, सर्वशक्तिमान दिव्य शक्ति को मृत, अचेतन पदार्थ मानना बहुत कठिन है। तब दिव्य शक्ति ने पहले अपनी जीवनी शक्ति स्वांस और बाद में मन के माध्यम से अपनी रचना के स्वरूप उजागर करने शुरू किए। मानव की रचना के बाद यह खेल अधिक रोचक हो गया, क्योंकि अब ऐसा प्राणी था, जिसको अपनी पहचान का धुंधला सा एहसास है और वह उस दिव्यता की खोज करना चाहता है, जिसने खुद को उसी के भीतर ही छिपा रखा है।

अब वाकई यह खेल लुका-छिपी का हो गया - दिव्यता छिपती है और आदमी उसे खोजता है - आमतौर पर हर कहीं केवल वह जगह छोड़कर जहां उसे पाना सबसे आसान है अर्थात खुद के भीतर। सत्य तक पहुंचने के लिए मानव विश्वासपूर्वक जिस औजार पर भरोसा कर सकता है वह है तर्क शक्ति। लेकिन तर्क शक्ति पूर्ण सत्य का अचूक मार्गदर्शक नहीं है।

कार्टून वर्ल्ड




# विकास योजनाओं के केन्द्र में क्या देश के गरीब हैं?

**-ललित गर्ग**

**कोरोना** महामारी के कारण अस्तव्यस्त हुई अर्थ-व्यवस्था एवं जीवन निर्वाह के संकट से गरीबी बढ़ी है। गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। दुनियाभर में फैली गरीबी के निराकरण के लिए ही संयुक्त राष्ट्र में साल 1992 में हर साल 17 अक्टूबर को गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हम देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है।

सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा,

सामयिक

सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं कोरोना जैसी महामारी को पैदा करने एवं फैलाने में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस देश में सत्तर साल के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है।

सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही है कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। शहर सीमेन्ट और सरियों का जंगल हो गया है। मशीन बने सब भाग रहे हैं। मालूम नहीं खुद आगे जाने के लिए या दूसरों को पीछे छोड़ने के लिए। कह तो सभी यही रहे हैं--बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस खतरे को महसूस किया, जबकि लोकतंत्र को हांकने वालों को इसे पहले महसूस करना चाहिए।

# देश के सिर्फ 6 प्रतिशत किसान पाते हैं एमएसपी



**मनोज शर्मा**

कृषि

**किसानों** को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के नाम पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। लेकिन देश के लगभग 14 करोड़ किसान परिवारों में बहुत कम को ही इसका असली लाभ मिल पाता है। फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020-21 में रबी फसलों की खरीद के लिए अब तक 31 जुलाई तक देश के केवल 43 लाख 35 हजार 477 किसानों ने ही न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है। सभी किसानों को मिलाकर 38977 लाख मिट्रिक टन अनाज की खरीद की गई है। इसमें सबसे ज्यादा 15 लाख 93 हजार 793 मध्यप्रदेश के किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है।

**मध्यप्रदेश से पिछड़ा पंजाब**

रबी फसलों में सबसे प्रमुख गेहूं के उत्पादन में पंजाब इस बार मध्यप्रदेश से पिछड़ गया। संभवतया यही कारण है कि इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठा पाने में इस बार पंजाब के किसान दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। एफसीआई के आंकड़ों के मुताबिक पंजाब के 10 लाख 49 हजार 982 किसानों ने रबी की फसल के लिए एमएसपी का लाभ उठाया है। हरियाणा के 7 लाख 82 हजार 240, उत्तर प्रदेश के 6 लाख 63 हजार 810 और राजस्थान के 2 लाख 18 हजार 638 किसानों ने एफसीआई के जरिए अपनी फसलें बेचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है। दिल्ली में केवल 6 किसानों ने ही रबी की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है। पूरे रबी सीजन की खरीद में केवल 6 किसानों को न्यनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिलना बताता है कि दिल्ली के किसानों को लेकर सरकार की नीतियों में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। दिल्ली के 357 में से लगभग 222 गांवों के कुछ हजार हेक्टेयर खेत में ही अब खेती होती है।

**बाजार में एमएसपी जरूरी**

देश में लगभग 30 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन प्रति वर्ष होता है। इसमें लगभग 15 करोड़ टन किसान परिवार स्वयं अपने उपभोग में इस्तेमाल करता है। बाकी 15 करोड़ टन में से 9 करोड़ टन से कुछ अधिक सरकार एपीएमसी मंडियों के जरिए खरीद करती है। कुल अनाज की खरीद में सरकारी खरीद का हिस्सा सबसे ज्यादा होता है, यही कारण है कि किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य और एपीएमसी मंडियों वाली व्यवस्था बरकरार रहे। सरकार को इसके लिए किसान बिल में लिखित व्यवस्था कर देनी चाहिए।लगभग 6 करोड़ टन अनाज किसानों को खुले बाजार में बेचना पड़ता है। वर्तमान में किसानों की मांग है कि अगर वह खुले बाजार में भी फसलों की खरीद व्यवस्था लागू करना चाहती है तो उसे यहां भी न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करना चाहिए। अनुमान है कि इस बाकी फसल की खरीद में प्राइवेट खरीदारों को अधिकतम 30 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करना पड़ेगा, जो बहुत बड़ी राशि नहीं होगी।

सरकार ने फसलों का खरीद मूल्य 1868 रुपये प्रति क्विंटल और ए ग्रेड धान के फसलों की कीमत 1888 रुपये घोषित किया हुआ है। लेकिन सच्चाई यह है कि किसानों के फसलों की खरीद बहुत कम मात्रा में हो रही है। इसलिए मंडी तक पहुंच चुके किसान को मजबूरी में अपनी फसल 1200 रुपये प्रति क्विंटल तक में बेचना पड़ रहा है।

लेटर टू एडिटर

## चीन के मंसूबे

पड़ोसी देश नेपाल के साथ सीमा पर कुछ क्षेत्रों को लेकर विवाद नई बात नहीं है, लेकिन जिस तरह से नेपाल सरकार ने सौ रुपये के नए नोट पर विवादित क्षेत्रों को अपने देश का हिस्सा दिखाने वाला नक्शा छापने का फैसला किया है, वह वाकई चौंकाने वाला है। चीन की शह पर नेपाल के शासक भारत के साथ व्यर्थ की छेड़खानी कर रहे हैं।

**– शिवशंकर सिंह, रांची**

## हिंदी का आकाश

**स्कूल** एवं कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया जाता था। किन्तु कोरोना वायरस के कारण बच्चों ने आनॅलाइन कक्षा के माध्यम से हिंदी दिवस मनाया। आजकल हिंदी भाषा का विस्तर काफी बढ़ गया है। आधुनिक भाषा में बहुत ही सराहनीय है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विदेशों में भी हिंदी भाषा का डंका बजता है। हमें हिंदी भाषा का अस्तित्व बनाये रखना चाहिए। आखिरकब सोचेंगे हम।

**–संदीप रांची**

## स्पीड न्यूज

### विभिन्न पंचायत के दौरे को लेकर बैठक

**विष्णुगढ़।** आहुत बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब एवं संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी जी ने किया। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई साथ ही सभी पंचायतों के प्रभारी नियुक्त किए । विष्णुगढ़ मे तीन जोन बनाए गए है तीनों जोन मेंप्रभारी नियुक्त किया गया है. पंचायत प्रभारियोंको दो दिनों के अंदर बूथ कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया है. 14 मई को महागठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के दौरे पर रहेंगे जिसको लेकर पंचायत प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करेंगे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जय प्रकाश भाई पटेल आंदोलनकारी का बेटा है जो हजारीबाग की मूलभूत समस्याओं को सांसद में रखने का काम करेंगे आज भाजपा के के लोग महंगाई बेरोजगारी कलाधन जैसी मुद्दों पर बात नहीं कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सिर्फ चुनाव जीतना है और पूंजीपतियों के लिए कार्य करना है आम जनता से उन्हें कोई सरोकार नहीं है।.मौके पर लोकसभा प्रत्याशी की पत्नीललिता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्रनाथ मिश्रा रामजन्म राय, जिला बीस सूत्री सदस्य देवीराम हेंब्रम, सारूकुदार मुखिया, उत्तम महतो महताब हुसैन,पूर्व जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी,मुखिया रामचंद्र यादव, हिरामन महतो,पुरण महतो, गुरू प्रसाद साव,छोटेलाल बेसरा, मनौवर आलम,महेंद्र राम,हरि यादव,अंसारी, जलील अंसारी, किशोरी महतो,किरण देवी, बुद्देश्वरी पटेल, बासो देवी, मंजू कुमारी, सोमर महतो, जगरनाथ महतो, महेंद्र कुमार, प्रमेश्वर महतो, सहितसैकड़ो कार्यकर्त एवं समर्थक में उपस्थित थे।

### विपक्ष के पास ना नियत ना नेता, हार को देखकर बौखलाया : मनीष



मनीष जायसवाल व अन्य

**विष्णुगढ़।** एनडीए के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विष्णुगढ दौरे में आठ मील चौक में भाजपा एवं आजसू के कार्यकताओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।विष्णुगढ प्रखण्ड के सघन दौरे एवं जनसंपर्क अभियान के तहत भेलवारा, गोविंदपुर, कुसुम्भा एवं विष्णुगढ़ में जनसंपर्क के साथ नुक्कड़ सभा किया गया।इसके पश्चात विष्णुगढ सात मील चौक से बनासो भव्य रोड शो किया गया।नुक्कड़ सभाओं के दौरान सम्बोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि विपक्ष अपनी हार देखकर बौखला गया है। विपक्ष के पास ना नीति है ना,ना नियत है,ना ही नेता और ना ही कोई मुद्दा है, इसी बौखलाहट में मेरे ऊपर निजी हमले किये जा रहे है। इसका आप सब मतदाताओं 20 मई 2024 को कमल के निशान पर वोट देकर जवाब देना है। विपक्ष के नेता कुर्मी समुदाय से आते है,परन्तु देश के सबसे बड़े कुर्मी नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपमानित करने वाली पार्टी कॉग्रेस के साथ खड़े है।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील मंडल,रंजीत गुप्ता,सुशील महतो, डुमरचन्द महतो,सुनील कुमार वर्मा, कुँवर हांसदा, लिलो महतो, अशोक गुप्ता, छोटीलाल शर्मा, रूपेंद्र महतो, टेकलाल यादव, सोनू कुमार, सतीश राम, संतोष कुमार महतो, राजेश सोनी, गौतम भारती, अंजू देवी,रीना बर्मन, सीमा देवी, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थकशामिल थे।

#### तिलैया बस्ती में भाजपा की पथ सभा

### एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल को जिताने का आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही पूर्वी मंडल के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत तिलैया बस्ती में भाजपा ने पथ सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में कोडरमा विधानसभा की विधायक डॉ नीरा यादव, बरही विधानसभा विस्तारक जितेंद्र यादव, विधानसभा सहसंयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा पूर्व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे। पथ सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बंधन यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। इस दौरान कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव समेत अतिथियों का स्वागत ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ किया। इस दौरान विधायक डॉ नीरा यादव ने पीएम मोदी को फिर पीएम बनाने की अपील की। उन्होंने एनडीए की संख्या 400 पार पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं विधानसभा सहसंयोजक अर्जुन साव ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद नहीं है, यही उसे दूसरी पार्टियों से अलग बनाता है। पार्टी का आधार सेवा, संकल्प और समर्पण पर टिका है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि पीएम मोदी ने पार्टी के इतिहास को रेखांकित करते हुए भाजपा ने आज केंद्र में जो स्थान पाया है, उसका बहुत बड़ा कारण ये है कि पार्टी सामान्य व्यक्ति से हमेशा जुड़ी रहती है। भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि पथ सभा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जन-उपयोगी योजनाओं के बारे जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी देश के सर्वमान्य नेता में से एक है। पूरे देश की जनता उन्हें स्वीकार कर रही है। मौके पर मुखिया मंगलदेव यादव, पंसस प्रभु यादव, पंसस प्रतिनिधि मणिलाल यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, युवा नेता रवि यादव, उमेश चंद्रवंशी, मुकेश यादव, रामदेव यादव, लक्ष्मण यादव, राजू राम, नरेश यादव, केदार यादव, बिहारी यादव, नरेश यादव, सीता देवी, रीना देवी, अशोक दास, महावीर जी समेत काफी भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

#### इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी चुरचू प्रखण्ड में किया जनसंपर्क, मिला भारी समर्थन

# कांग्रेस ही देश की जनता से न्याय कर सकती है : जेपी पटेल

खबर मन्त्र संवाददाता



जय प्रकाश भाई पटेल जनसम्पर्क करते

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को चुरचू प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों के दरवाजे खटखटा कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने जनसभाओं में भाजपा द्वारा संविधान और आरक्षण पर किये जा रहे प्रहार के बारे में बताया। चरही पंचायत के चिचिकलां में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को भाजपा वालों ने लूट लिया है। जिन मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार में आई थी आज वो मुद्दे गौण नजर आ रहे हैं। महंगाई आसमान पर चली गयी। बेरोजगारी दोगुने से भी ज्यादा है। फौज में जाने की इच्छा रखने वालों के सपने तोड़ दिए गए। अडानी का कर्जा माफ कर दिया मगर किसानों के नही हुए। किसानों पर लाठियां बरसाई गयीं। नए कानून बना कर ड्राइवर भाइयों के साथ अन्याय किया गया। महिला सुरक्षा पाताल में धंस गया। सब कुछ इस दौर में हो रहा है जिस वक्त रामराज्य का राग अलापा जा रहा है। आगे कहा कि अब देश में जनता ने इन धूर्त लोगों को पहचान लिया है। अब इन्हें सबक सिखाने का वक्त आ गया है। सब के साथ न्याय करने का वक्त आ गया है। कॉंग्रेस की सरकार न्याय पत्र की सारी गारंटियों को धरातल पर उतार देश के साथ न्याय करने का कार्य करेगी। इसलिए हाथ छाप पर वोट देकर कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाएं। जनसंपर्क के दौरान चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, सुखदेव प्रसाद यादव, राजकुमार महतो, देवकी महतो, बहेरा पंचायत मुखिया नीलकंठ महतो, भुन्नू महतो, आरिफ अंसारी, बाल कुमार महतो, मिस्टर बाबू, प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम, मुमताज अंसारी, चरका यादव, उप मुखिया अभिजीत सिंह, मुस्लिम अंसारी, मेघनाथ महतो, मोहन महतो, इकरामुल अंसारी, शुक्र ठाकुर, चालेश्वर महतो, दीपनारायण महतो, प्रदीप कुमार, शरीफ अंसारी, बिलाल अंसारी, धनेश्वर महतो, अशोक भाई पटेल, विकास कुमार आदि शामिल रहे।

#### बरही चौक पर ओबीसी कांग्रेस ने विधायक अंबा प्रसाद का किया स्वागत

## वैश्य समाज के बीच पहुंचीं अंबा प्रसाद, विधायक उमाशंकर अकेला रहे मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता



मनीष जायसवाल व अन्य

**बरही।** ओबीसी कांग्रेस बरही प्रखंड कमेटी की ओर से बरही चौक पर बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया गया। इस मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा भी मौजूद थे। दरअसल यहां के बाद में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल का बरही प्रखंड में भ्रमण व जनसंपर्क कार्यक्रम भी शुरू हुआ। इसी क्रम में ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता की पहल पर आयोजित वैश्य समाज के कार्यक्रमों में विधायक अंबा प्रसाद पहुंचीं और लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सभी महिलाओं की समस्याओं को सुना। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि हमारे खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा जो अत्याचार किया जा रहा है, उसका जवाब उनके समाज के लोग कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को भारी संख्या में मतदान करके लेंगे। हजारीबाग लोकसभा की प्रगति के लिए अबकी बार जमीन पर परिवर्तन का माहौल है। वैश्य समाज किसी पार्टी विशेष के अधीन नहीं है, पिछले दस सालों में जनता समझ चुकी है कि मोदी सरकार आम लोगों की नहीं, सिर्फ धन्नासेठों, उद्योगपतियों की है। अंबा प्रसाद ने इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद वैश्य समाज की महिलाओं से भी संवाद किया। इस दौरान वैश्य समाज के प्रमुख लोगों ने अंबा प्रसाद को प्रत्याशी के पक्ष में बढ़ चढकर समर्थन देने का भरोसा दिया। इस दौरान कार्यक्रम में विस विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, जिला सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर उदय केसरी, ओबीसी कांग्रेस के महासचिव सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष राजू राणा, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक सिंह, यमुना यादव, सिंघरावां पंचायत अध्यक्ष नरेश साव, शरीफुल हक, सुशील केसरी, प्रमोद सिंह, पूर्वी पंचायत अध्यक्ष मनोज रविदास, सुनील दास, सुधीर रजक, सोनी देवी, उर्मिला देवी, चंचला देवी, आशा देवी, पूनम देवी, सरिता देवी, बीरेन्द्र यादव, बहादुर राणा, गोपाल विश्वकर्मा, महेन्द्र साव आदि कई कांग्रेस जन शामिल रहे।

### नावा टाड गांव में साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गयी




जनसम्पर्क में शामिल लोग

**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस पर नवाटांड़ गाँव में स्वयंसेवकों के द्वारा साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कु० चतुवेर्दी ने कहा की साक्षरता सिर्फ किताबी शिक्षा प्राप्त करने तक सिमित नहीं होती, बल्कि साक्षरता का अर्थ लोगों में उनके अधिकारों और कर्त्तव्यओं के प्रति जागरूकता लाकर सामाजिक विकास का आधार बनाना है। उपस्थित रहने वालों में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा,बनासो पंचायत के सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन, प्रीती पूनम, प्रकाश कुमार, सुनीता, आजाद एवं स्वयंसेवक के तौर पर सभी सत्र के प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला समिति की बैठक 8 मई को शहर के होटल शिवम इन में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में जिला के पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के महामंत्री तथा जिला में निवास करने वाले वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से बीजेपी झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, बबलू साव आदि शामिल हुए ।

#### दो अपराधियों को किया गया जिला बदर

## नौ अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

### चुनाव हारने के बाद जेपी पटेल किसी और पार्टी में आयेंगे नजर: तिवारी

**कुजू।** हजारीबाग एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के जीत को लेकर बुधवार को डटमा मोड़ स्थित मांडू प्रखंड एनडीए चुनाव कार्यालय का उदघाटन हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष अमरेंद्र गुप्ता व आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत फूल माला पहना कर किया गया। कार्यालय उदघाटन के मौके पर अतिथियों ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के जीत के लिए पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का खुला चुनावी कार्यालय

#### कार्यकताओं ने भाजपा जिन्दाबाद व पीएम मोदी जिन्दाबाद के लगाए नारे, जताया हर्ष



फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि लोकनाथ महतो



मौके पर उपस्थित अतिथियों के साथ भाजपाई व आजसू पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर मंडल अंतर्गत मतकमा चौक स्थित दीपक गैरेज के समीप बुधवार को एनडीए के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लोकसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने विधिवत फीता काटकर किया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना व नारियल फोड़ा गया। लोकसभा चुनाव को ले कार्यालय खुलने से भाजपाईयों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस दौरान लोगों ने भाजपा जिन्दाबाद, पीएम नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के नारों के बीच भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी व संचालन मोती नारायण सिंह एवं राजेंद्र मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, राधेश्याम अग्रवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमेल उरांव, रामगढ़ जिलामंत्री सुरेंद्र करमाली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, योगेश दांगी, दिनेश प्रसाद, आशीष शर्मा, सोसल मीडिया प्रभारी आनंद कुमार, पंचम महतो, सोनू कुशवाह, गोपाल करमाली, धनुप कुशवाहा, सूरजदेव कुमार, पप्पू लाल श्रीवास्तव, जीवन कुमार, भोला महतो, राजेंद्र यादव, प्रेम कुमार दांगी, आनंद कुमार, अनिल सिंह खरवार, विनोद कुमार कुशवाहा, चमन ठाकुर, धुजा बेदिया, मोतीलाल महतो, प्रकाश बेदिया, रणवीर सिंह, राहुल महतो, संतोष शर्मा, विश्वनाथ, अर्जुन तुरी, मिहिलाल बेदिया, वीरेंद्र राम, यदुनंदन प्रसाद, छोटू बेदिया, संतोष महतो, विद्यासागर ओझा, लक्ष्मी नारायण, अमित राम, विशेश्वर राम, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, राजेश, विद्या, राजकुमार करमाली सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ नेता, पंचायतों के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष व दर्जनों भाजपाई मौजूद थें।

## एक नजर में

### जंगली सूअर के हमले से बच्चा हुआ घायल

**रामगढ़।** जिला अंतर्गत सिद्वार में बुधवार को सुबह एक जंगली सूअर के हमले से एक 8 वर्षीय बच्चे के घायल हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रामगढ़ निवासी विजय कुमार नामक चश्मा व्यवसाई का 8 वर्षीय पुत्र अपने रिश्तेदार के साथ घूमने सिदवार गया था, जहां अचानक से जंगल से निकलकर एक सूअर ने उसे बच्चे पर हमला कर दिया और बच्चे का पेट बुरी तरफ फाड़ दिया। उक्त बालक को गंभीर अवस्था में ओरमांझी स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हालांकि इस मामले में वन विभाग द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### टेम्पू पलटने से चालक की मौत

**चरही।** बीते मंगलवार देर शाम को चरही निवासी राजकुमार सिंह के बड़ा पुत्र विकास कुमार सिंह की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई।जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को अपने टेम्पू में चरही से सवारी बैठाकर हजारीबाग के हुरहुरू छोड़ने गया हुआ था।रात को चरही लौटने के क्रम में हुरहुरू के पास बीच सड़क पर बने एक बड़े और उचे ठोकर के चपेट में आ गया।जिस कारण टेम्पू का संतुलन बिगड़ गया।और पलट गई।जिस कारण चालक का जंघा स्टेरिंग में बुरी तरह फस गया।इस क्रम में चालक का प्राइवेट पार्टस गंभीर चोटें आई।पुलिस मौके पर पहुंचकर फंसे चालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले गई।जहां पर डॉक्टरों में मृत घोषित कर दिया।इसकी जानकारी पुलिस ने परिजनों को दिया।परिजन अस्पताल पहुंचे।रात काफी होने के बाद शव पोस्टमार्टम नहीं हो सका।बुधवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।मृतक के परिवार में बूढ़े माता-पिता,पत्नी तीन बच्चे और एक भाई है।नाबालिग बच्चे सुमित,अमित औ? आयुष हैं।मृतक चालक अपना टेम्पू चलाकर परिजनों का जीविका चलाता था।इनकी मौत होने के बाद सारी जवाब देही पत्नी के कंधे पर आ गई है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### एनडीए का चुनावी कार्यालय झरपो में हुआ उद्घाटन

**टाटीझरिया।** कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए का चुनावी कार्यालय खुला जिसका उद्घाटन बरकट्ठा विधायक सह संयोजक अमित कुमार यादव ,चुनाव प्रभारी सुधीर सिंह,सह प्रभारी अशोक यादव ने विधिवत नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे के बीच भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजयी बनाने का अव्हान किया गया. साथ ही पंचायत संयोजक और सह संयोजक को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंचायत में सभी बुथों के कार्यकताओं के साथ बैठक कर डोर टू डोर कैंपेनिंग करें. जिसमें सभी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से अवगत कराते हुए भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करें. कहा गया कि भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से जीत सुरक्षित करनी है. चुनावी कार्यालय खोलने पर कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मौके पर भाजपा अध्यक्ष कैलाश सिंह, प्रमुख संतोष मंडल, गौतम सिंह, रवि वर्णवाल, बसंत सिंह, सुभाष सोनी, प्यासी देवी, सोनी देवी, नीतु देवी, पुष्पा देवी, रामप्रसाद कुशवाहा, महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय, सुरेश प्रसाद, कौलेश्वर मिश्रा, दशरथ, नारायण सिंह, प्रविल प्रसाद सुरेंद्र राणा, दिलीप शर्मा, संतोष प्रसाद, राजेंद्र कुमार उर्फ राजा, सुनील कुमार, सोबरन महतो, महेंद्र प्रसाद, बैजनाथ प्रजापति, विनय दास, संजय रवि, प्रमोद कुमार, प्रमोद सिंह, राजकुमार सिंह, जीतन प्रसाद, बद्री भुईंया, अनिल वर्णवाल, शंभू प्रसाद, सुरेश मिश्रा शानू पंडा, विनय पांडेय, उपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, नुनुचंद राम, अजय कुमार,सोबरन महतो मिनांचल कुमार,गोपाल सिंह धर्मेंद्र सिंह, विनोद महतो, अवधेश प्रसाद, मुकेश कुमार,मिथलेश प्रसाद, कौलेश्वर कुमार समेत सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में नयाटांड, हरली, बादम, गोंदलपुरा, लुरंगा पंचायत के बुथ अध्यक्षों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही साथ बैठक कर बुथ सशक्तिकरण हेतु अपना बुथ सबसे मजबूत को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, किशोर राणा, राहुल कुमार, उज्जवल कुमार, भगीरथ ठाकुर, नितेश कुमार, पंसस प्रतिनिधि संतोष महतो, संतोष कुमार, सुरेश महतो,भुपाल स्वर्णकार, सिकन्दर महतो,पोखन राणा,विजय कुमार,सचिदानंद पांडेय, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, हरली मुखिया कविता कुमारी,पुर्व मुखिया बिगेशवर महतो, नागेश्वर महतो,कृष्ण गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### संगठन मजबूती को लेकर नाई समाज की बैठक, गांव स्तर पर कमेटी बनेगी

**इचाक।** नाई जाति का संगठन को मजबूत बनाने को लेकर राष्ट्रीय नाई महासभा इचाक प्रखंड कमेटी की बैठक महावीर स्थान मंगुरा मे हुई , अध्यक्षता शंभू ठाकुर एवं संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर एवं सह सचिव विक्रम कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया. बैठक मे बच्चों के शिक्षा के प्रति विशेष जोर देने , शराब सेवन पर पाबंदी,कोष संग्रह एवं गांव स्तर पर आपसी द्वेष को मिटाते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया गया , बैठक मे जिला अध्यक्ष छेदी ठाकुर ने कहा कि हजारीबाग जिले के सभी गांव मे कमेटी बनाया जाएगा , साथ ही इचाक प्रखंड के सभी गांव मे परिवारिक सूची तैयार की जाएगी , जिसमे आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक योग्यता, व्यापार एवं उम्र का उल्लेख होगा, इसके लिए इचाक प्रखंड को पांच जोन में बांटी गई.साथ ही अगली बैठक में जोन प्रभारी नियुक्त कर पारिवारिक सूची बनाने की जवाबदेही दी जाएगी. बैठक में प्रखंड तुलेश्वर ठाकुर, तिलक ठाकुर, रामशरण शर्मा, सचिव मनोज ठाकुर, भरत शर्मा, अशोक ठाकुर, जिला संगठन सचिव गोपाल ठाकुर, जिला सचिव श्रीकांत ठाकुर, रामदेव ठाकुर, शंभू ठाकुर ,महेश ठाकुर, दिलीप शर्मा, मिथलेश शर्मा, मोहन शर्मा, परमेश्वर शर्मा, श्रीराम ठाकुर, जगन ठाकुर, खिरोधर ठाकुर, गणेश ठाकुर, संजय ठाकुर, ललन ठाकुर, सुनील शर्मा , सतीश शर्मा, के अलावा कई अन्य लोग शामिल थे।

### गांवों में विकलांग लोगों को प्रोस्थेटिक्स प्रदान करने का निर्णय

**केरेडारी।** केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजनाओं के प्रभावित गांवों के गरीब और असहाय दिव्यांग लोगों के हित के लिए एनटीपीसी केरेडारी और एलिमको (भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम) के बीच समुदाय विकास की पहल के तहत समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर ए वी अशोक कुमार, उपमहाप्रबंधक और यूनिट हेड, एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्र, और एनटीपीसी केरेडारी के मानव संसाधन विभाग के श्री रोहित पाल ने प्रतिनिधित्व किया। एनटीपीसी केरेडारी ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गाँवों में विकलांग लोगों को प्रोस्थेटिक्स प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस पहल के अंतर्गत, एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु के खनन क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में विकलांग लोगों को उनकी जरूरतों के अनुसार प्रोस्थेटिक अंगविकल्पों से लाभान्वित कराएगी। इस पहल के माध्यम से, दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं के अनुसार उपकरण प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें उनकी दैनिक जीवनशैली को सुधारने में मदद करेगा। यह समझौता एनटीपीसी केरेडारी के परियोजना प्रमुख श्री शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में किया गया है। इस पहल से एनटीपीसी केरेडारी और एलिम्को ने साथ मिलकर गरीबों और असहाय दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

# सफलता के लिए कितना पढ़ें- कैसे पढ़ें



अनल कुमार

कितना, क्या और कैसे पढ़ें? किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने तथा उसमें सफलता पाने में समय प्रबंधन का विशेष महत्व होता है, इसलिये तैयारी शुरू करने के प्रारंभिक दौर में यह सुनिश्चित करें कि एक दिन में आपके अध्ययन केसमयावधि 4 से 5 घंटों से अधिक न हो। क्योंकि शुरूआत में हमें अध्ययन प्रकिया को भलीभांति समझना है,तत्पश्चात उचित मार्गदर्शन होने पर ही हमें अपने अध्ययन की समयावधि बढ़ानी चहिये।आप तैयारी के प्रारंभ से ही सुनिश्चित करें कि आप महत्वपूर्ण विवरणों, तथ्यों व जानकारियों के लिये प्रॉपरतरीके से नोट्स बना रहे हैं। उदाहरण के लिए: यदि आप शुरू में अध्ययन करने के लिए विषयों में से एक केरूप में इतिहास को चुना है, तो आप घट्ना/ईवेंट का नाम, स्थान (जहां घटना हुई थी), समय/काल, तिथि,उसकी अवधि तथा इसके साथ उससे जुड़े साम्राज्य, कॉलोनी, देश, समूह या लोग (व्यक्ति विशेष) इत्यादिजानकारियों को सारणीबद्ध रूप से कालानुक्रमिक घटनाओं की एक शीट बना रख सकते हैं, तथा संबंधितअतिरिक्त विषयवस्तु के लिये एक अतिरिक्त कॉलम भी बना सकते हैं।

समाचार पत्र और डेली करेंट अफेयर का महत्व है।यदि हम डेली करेंट अफेयर्स (दैनिक समसामयिकी) की बात करें, तो सिविल सेवा परीक्षा की एकीकृत अध्ययनयोजना में इनकी अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अभ्यर्थियों को इस बात

का ध्यान रखना है कि, यूपीएससी परीक्षा में आपको केवल सामान्य अध्ययन (जीएस) विषयों के आधार परनहीं आंकता, बल्कि आयोग वर्तमान घटनाओं जो भारत और दुनिया में हो रही हैं, उनपर अपनी राय और ज्ञानप्राप्त करने का प्रयास करेंगे। उदाहरण के लियेः जैसे यह घटनाएं राष्ट्र को किस



प्रकार से और किस क्षेत्र मेंप्रभावित कर रही हैं?, तथा इससे जुड़े कारण या उपाय इत्यादि इसमें शामिल होंगे।याद रखें, वर्तमान मामलों के अध्ययन के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आप उन्हें विस्तृत व खुले दिमाग सेपढ़ें ताकि अगर वहाँ आप की तैयारी से जुड़े विषयों से संबंधित कुछ भी मिलता है, तो आप अपने उत्तरों मेंउसके उल्लेख के लिये एक मानसिक नोट बना सकते हैं। इसलिए, समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसितकरना तैयारी के इस चरण के लिये अनिवार्य है। इन्हें नोट करेंः-

प्रत्येक सप्ताह अपने द्वारा बनाएं गये नोट्स व जानकारियों के संशोधन के लिए भी एक दिन निर्धारित करें।

इस चरण में एकीकृत तैयारी करें तथा प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के कॉमन जनरल स्टडीज पेपर्स / टापिक्सके अध्ययन करें, और साथ ही अपने चयनित वैकल्पिक विषय को भी कवर करने का प्रयास करें।

अगले वर्ष की प्रीलिम्स परीक्षा से केवल 3 महीने पहले आपका ध्यान प्रीलिम्स परीक्षा के लिये गंभीर हो जानाचाहिए।

पिछले साल के प्रश्न पत्रों का विशलेषण करें और उन्हें हल करने का प्रयास करें। हालांकि, आपनी तैयारी केप्रारंभिक स्तर में उन प्रश्न पत्रों को पूरी तरह से हल करने की उम्मीद न करें, लेकिन इस तरह से आप प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के स्तर व अंतर के बारे समझ सकते हैं।

### व्यक्तित्व निर्माण का महत्वः

अपने आप को एक वर्ष के लिए सभी प्रकार के विकृतियों से दूर रखें और सुनिश्चित करें कि आप सभी सोशलमीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग अपनी तैयारी के परिप्रेक्ष्य में करें। सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित या उद्देश्योंवाले फेसबुक पेजों और ग्रुप्स इत्यादि से जुड़ कर अपडेट रहें। किन्तु इसका मतलब यह नहीं है, कि आप अन्यअतिरिक्त पाठ्यचर्या या पाठ्यक्रम गतिविधियों का अध्ययन भूल जाएं! इसलिये, अपने समय का उपयोगस्मार्ट तरीके से करें।

इस दौरान अपने शौक या हॉबी जैसे संगीत, नृत्य, खेल या कुछ भी हो, अपने परिवार और दोस्तों के साथसमय बिताने, फिल्में देखने, मेलजोल इत्यादि के साथ-साथ अपनी दिनचर्या और परीक्षा की तैयारी में

सामंजस्य बनाकर रखें। अपने साथ तैयारी कर रहे साथियों और समूहों के साथ वर्तमान घटनाओं पर चर्चा करेंऔर उनके दृष्टिकोण को समझें, उन्हें समस्या सुलझाने के दृष्टिकोण के रूप में समझ कर याद रखें, विभिन्नघटनाओं व तथ्यों से जुड़ी चीजों को देखने व समझने का आपका दृष्टिकोण तार्किक और विश्लेषणात्मक होनाचाहिए।

दूसरा चरण : सितंबर से अक्टूबर

अब सभी व्यापक विषयों के लिए एक त्रैमासिक अध्ययन करने के बाद, आपका दिमाग अब प्रशासन दृष्टि सेविभिन्न चीजों को समझने व अध्ययन करमें में बेहतर हो जाता है। अब इस चरण में एकाग्रता के साथ अन्य 2 से 3 नये विषयों को तैयारी के लिये चुनें और सुनिश्चित करें कि जैसा पहले समझाया गया है, ठीक वैसे हीतैयारी शुरू करें। अब आप अधिक इंटरएक्टिव हो चुके हैं, इसलिए, अब आपको ग्रुप स्टडी और साथियों के साथविभिन्न महत्वपूर्ण चचाओं में शामिल होने और उनका विशलेषण करते हुये अध्ययन करने का समय है।

## बेटियों को विदेश में पढ़ाने में माता-पिता ले रहे करोड़ों का लोन, हर रोज कर रहे हैं बचत

### बदल रहा नजरिया

**किसी घर में बेटी का जन्म होने पर ही माता-पिता को उसकी शादी की चिंता करना आम बात है, लेकिन अब माता-पिता का नजरिया धीरे-धीरे बदल रहा है।**

**बेटों की तरह बेटियों को भी मिल रही उच्च शिक्षा, एजुकेशन लोन लेकर करा रहे हैं पढ़ाई**

सागर. किसी घर में बेटी का जन्म होने पर ही माता-पिता को उसकी शादी की चिंता करना आम बात है, लेकिन अब माता-पिता का नजरिया धीरे-धीरे बदल रहा है। शादी पहले वे बेटी की पढ़ाई की चिंता कर रहे हैं। बेटी को उच्च शिक्षा देने के लिए वे करोड़ों रुपए का लोन ले रहे हैं। माता-पिता का सपना बन गया है कि बेटी को अच्छी शिक्षा मिले। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए देढ़ करोड़ रुपए तक का लोन माता-पिता ले रहे हैं। इसके साथ बेटी के जन्म के साथ बचत करना शुरू कर दिया है। डाक विभाग में संचालित सुकन्या समृद्धि योजना में 89260 अभिभावकों ने खाते खुलवाए हैं।

2 लाख से देढ़ करोड़ तक का लोन

सिविल लाइन स्थित स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर राजेश राय ने बताया कि उच्च शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन अब बेटियों के लिए माता-पिता ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि बेटियों के आधा परसेंट कम ब्याज दर पर लोन दिया जाता है। इस वर्ष करीब 300 अभिभावकों ने लोन लिया है। जिसमें 15 अभिभावक ऐसे हैं जिन्होंने विदेश में उच्च शिक्षा दिलाने देढ़ करोड़ तक लोन लिया है। उन्होंने बताया कि 2 लाख से देढ़ करोड़ रुपए तक का लोन दिया जाता है।

89 हजार सुकन्या समृद्धि के खाते

डाक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अब 89 हजार अभिभावकों ने खाते खुलवाए हैं। इस योजना के तहत 0 से 10 वर्ष उम्र तक की बेटियों के खाते खोले जाते हैं। जिसमें 250 रुपए से लेकर देढ़ लाख रुपए साल तक अभिभावक जमा कर सकते हैं। इस योजना में 15 साल के लिए निवेश किया जाता है और 21 साल में यह स्कीम मैच्योर हो जाती है। बेटियों की पढ़ाई के लिए पैसा एक साथ मिलेगा। इसलिए अभिभावक सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुला रहे हैं।

बेटियों की एजुकेशन के लिए भी अब बदलाव देखने को मिल रहा है। अभिभावक एजुकेशन लोन लेकर बेटियों को पढ़ा रहे हैं। देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उच्च शिक्षा देने के लिए लोन ले रहे हैं।

सीपी सिंह, वित्त विशेषज्ञसुकन्या के तहत कब कितने खुले खाते

वर्ष खातों की संख्या

2021-2022 30000, 2022-2023 8968 2023-2024

# युवाओं के लिये विभिन्न संस्थानों और विभागो में जॉब

आईआईटी में अवसर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट,ईं.ल्ल पर विभिन्न गैर-शिक्षण पदों के लिए अधिसूचना निकाली है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार इन पदों के लिए 7 मई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान का उद्देश्य कुल 122 गैर-शिक्षण पदों को भरना है। आवेदकों के पास पद के अनुसार आवश्यक विषयों में कम से कम 50-55 फीसदी अंकों के साथ स्नातक की डिग्री तथा केंद्र/राज्य सरकार में 3 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव होना चाहिए। पदों की शैक्षणिक योग्यता के विवरण के लिए अधिसूचना लिंक देखा जा सकता है।

**हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड**

हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड ने प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, अभियंता और अधिकारी सहित कई पदों पर भर्ती निकाली है जिसमें चयनित होने वालों को 24 लाख सीटीसी तक वेतनमान दिया जाएगा। कुल 80 पद हैं। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस भर्ती अभियान के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि 20 मई 2024 रखी गयी है। 70 पद नियमित हैं और बाकी 10 तीन साल के अनुबंध के आधार पर उपलब्ध होंगे। उम्मीदवारों के पास प्रासंगिक विषयों में न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ एआईसीटीई/यूजीसी या एएमआईई द्वारा अनुमोदित पूर्णकालिक नियमित इंजीनियरिंग डिग्री होनी चाहिए। वैसे विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर मिल सकेगी। उम्मीदवारों को पद के अनुसार 30 से 47 वर्ष तक की आयु सीमा के बीच होना चाहिए।



**तेजपुर विश्वविद्यालय**

तेजपुर विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों में प्रोफेसर के पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट- के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गयी है। कुल 75 रिक्तियों को भरने के लिए यह भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। इन रिक्तियों में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 22 प्रोफेसर, 13 एसोसिएट प्रोफेसर और 40 सहायक प्रोफेसर शामिल हैं। कोई विशेष आयु सीमा का उल्लेख नहीं है फिर भी उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे संबंधित पदों के लिए यूजीसी या विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट आयु आवश्यकताओं को पूरा करते हों। प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के संबंधित पदों के लिए उम्मीदवारों के पास विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार योग्यता होनी जरूरी है।

### असिस्टेंट कमांडेंट बनने का मौका

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की तरफ से सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (असिस्टेंट कमांडेंट) एग्जामिनेशन 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन प्रक्रिया 24 अप्रैल से शुरू कर दी गई है। नोटिफिकेशन के अनुसार, इस भर्ती के लिए ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म निर्धारित अंतिम तिथि 14 मई 2024 तक भरा जा सकेगा। फॉर्म यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट । पर जाकर भर सकते हैं। सलाह दी जाती है कि आवेदन से पहले अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता की जांच अवश्य कर लें। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। आयु की गणना 1 अगस्त 2024 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

## समय की दीवार पर चमकीली इबारत लिखने वाले भारतीय

लोकमित्र गौतम

हर साल की तरह न्यूयार्क से प्रकाशित अमेरिकी साप्ताहिक समाचार पत्रिका टाइम ने इस साल भी द्द हंड्रेड मोस्ट इन्फ्लूएंशियल पीपुल ऑफ द ईयर 2024द्ध की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में दुनिया के प्रभावशाली आर्टिस्ट, आइकंस, लीडर्स, इनोवेटर्स और पायनियर्स को जगह मिली है। बता दें कि हाल के कई सालों की तरह इस साल भी दुनियाभर प्रभावशाली लोगों की इस सूची में अच्छी-खासी संख्या भारतीयों की है।

**अभिनेता देव पटेल**

**ये भारतीय हैं ताजा सूची में शामिलं**

इस बार पूरी दुनिया के 100 महत्वपूर्ण लोगों की लिस्ट में जिन भारतीयों ने अपनी जगह बनायी है, उनमें विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, पूर्व ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, स्लमडॉग मिलेनियर में भूमिका निभाने वाले अभिनेता देव पटेल, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, येल यूनिवर्सिटी में खगोल भौतिकी की प्रोफेसर और द्यमैपिंग द हेवेन्स : द रेडिकल साइंटिफिक आइडियाज दैट रिवील द कॉसमॉसद्ध की लेखिका प्रियंवदा नटराजन और भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन असमा खान शामिल हैं। बता दें कि टाइम मैगजीन की इस सूची में भारतीय नागरिकों समेत भारतीय मूल के वे व्यक्ति भी शामिल हैं जो विदेशों में बसें हैं यानी अब वहां के नागरिक हैं।

**चयन प्रक्रिया के जटिल अवरोध और कसौटियां**

टाइम पत्रिका की सालाना प्रकाशित होने वाली इस सम्मानित सूची में अपनी जगह बनाना कोई छोटी बात नहीं होती। इस सूची में होने का मतलब है कि प्रभाव के ग्लोब में आपकी एक सुनिश्चित जगह और पहचान है। दुनिया के प्रभावशाली लोगों की यह प्रतिष्ठित सूची कई जटिल अवरोधों से गुजरकर बनती है। इसमें शामिल होने के लिए टाइम पत्रिका के 100 एक खास समूह की राय और इसके अंतर्राष्ट्रीय लेखन स्टाफ से नामांकन मंगाए जाते हैं। इस तरह प्रभाव आकलन की कई कसौटियों से गुजरकर किसी शख्स का टाइम मैगजीन के प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल होना, अपने आपमें महत्वपूर्ण है। साल 1923 से प्रकाशित हो रही इस पत्रिका की अब तक की प्रभावशाली सूचियों में सैकड़ों भारतीय अपनी जगह बना चुके हैं। अमिताभ बच्चन, सोनिया गांधी, शाहरुख खान, इंद्रा नूई और राजामौली जैसी शख्सियतें इसकी सूची में कई बार जगह पाती रही हैं। एक बार इस सूची में किसी का नाम आ जाता है तो फिर वह पूरी दुनिया में अपनी पहचान का मोहताज नहीं रहता। प्रभावशाली लोगों की यह सालाना सूची हर साल मैनहटन में आयोजित एक समारोह में जारी की जाती है।

पृथ्वी ग्रह के प्रभावी अंबेसडर

हालांकि इस सूची का दुनिया की किसी आधिकारिक संस्था, संगठन या समारोह से कोई रिश्ता नहीं है, फिर भी एक बार आपका नाम इस सूची में आ जाए तो फिर पूरी दुनिया आपके बारे में जानने को उत्सुक रहती है। ..और ये 100 लोग वास्तव में पृथ्वी ग्रह के प्रभावशाली अंबेसडर माने जाते हैं। माना जाता है कि इनके काम मानवता के हित में होंगे और भविष्य की पीढ़ियों के लिए शानदार और सकारात्मक राह दिखाएंगे। स्वास्थ्य, व्यवसाय, मनोरंजन, विज्ञान, राजनीति या कोई भी क्षेत्र जिससे लोग या लोगों का समूह प्रभावित होता हो, उन सब क्षेत्रों से इस सूची के लिए महत्वपूर्ण शख्सियतें चुनी जाती हैं। इसलिए इस सूची के लिए निश्चित विषय नहीं हैं,यह चयन ऐसे लोगों द्वारा किया जाता है, जिनका चयनित लोगों से कोई दूर-दूर तक का रिश्ता न हो। मसलन ब्रिटिश फिल्म और टेलीविजन निमार्ता, निर्देशक व लेखक टॉम हार्पर ने इस सूची के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की सिफारिश करते हुए उन्हें दुनिया की शीर्ष अभिनेत्रियों में से एक बताया है। साथ ही टॉम ने उन्हें कुशल व्यवसायी, ईमानदार और परोपकारी महिला माना है।

**मानवता की भलाई में योगदान भी मापदंड**

इसी तरह यूएस ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट ऐलेन ने अजय बंगा की इस पत्रिका की सूची के लिए सिफारिश करते हुए लिखा है कि वे एक बड़ी कंपनी का नेतृत्व करने के बाद विश्व बैंक में आये हैं और लाखों बैंक रहित लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। उन्होंने विश्व बैंक में गरीबी मुक्त दुनिया बनाने के लिए एक नया दृष्टिकोण रखा है।

## हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, बेहतर लाईफ

**हेल्थ** केयर सेक्टर में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए यह सेक्टर बहुत शानदार है। क्योंकि इस सेक्टर में फिलहाल बहुत कम लोग इस क्षेत्र में है। जब पूरी दुनिया कोरोना की चपेट में थी तब हेल्थ सेक्टर जीवनदाता के रूप में उभरा है।

**आइए जानते हैं क्या है हास्पिटल मैनेजमेंट**

हास्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के अंतर्गत आता है। हेल्थकेयर सेक्टर से जुड़े प्रफेशनल्स मानते हैं कि हेल्थ से संबंधित सर्विसेस के विस्तार के साथ ही हास्पिटल मैनेजमेंट में काम बढ़ गया है। इसमें सभी व्यवस्थाओं को सुनियोजित करना और पैनी नजर बनाए रखना होता है। मरीजों को इलाज में बेहतरीन कुशल तंत्र मिले, इसके प्रयास करने होते हैं। अच्छे डाक्टरों को जोड़ना, आधुनिक उपकरणों और नई-नई तकनीक की व्यवस्था भी करना, सभी हास्पिटल मैनेजमेंट के दायरे में आता है। यहां तक कि कोई हादसा भी हो जाता है तो उसका जिम्मा भी इन्हीं प्रोफेशनल्स का होता है। अस्पताल की वित्तीय व्यवस्था, कर्मचारियों की सुविधा आदि का कार्य भी इन्हें ही करना होता है।

### काफी महत्वपूर्ण है यह सेक्टर

हास्पिटल मैनेजमेंट के अंतर्गत केंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार भी इस कोर्स के दायरे में आता है। एक सर्वे के मुताबिक साल 2025 तक भारत में 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी।

**यह भी हैं कोर्स**

0-ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट

0-पोस्ट ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट

0-सर्टिफिकेट कोर्स इन हेलथ केयर क्वालिटी मैनेजमेंट

0-पीजी डिप्लोमा इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन

0-पीजी डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिसिन

0-एमबीए इन हास्पिटल मैनेजमेंट

**कितने साल का है यह कोर्स**

0-बैचलर कोर्सः12वीं में साइंस 50 प्रतिशत के साथ

0-पीजी कोर्सः ग्रेजुएशन इन हास्पिल मैनेजमेंट

0-एमफिल या पीएचडीः पीडी हास्पिटल मैनेजमेंट

**यहां से करें कोर्स**

0-एम्स, नई दिल्ली

0-देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

0-टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज, मुंबई

0-अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

0-आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

0-इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

**यहां है जॉब के अवसर**

देश में सरकारी और प्राइवेट दोनों ही क्षेत्रों में नौकरी के काफी चांसेस हैं। इंटरनेशनल और डोमेस्टिक हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, नर्सिंग होम में नौकरी मिल सकती है- अपोलो अस्पताल, वाक हार्ट, मैक्स, फोर्टिस, टाटा, डंकन विप्रो ।

# विदेशों में शिक्षा का बढ़ता क्रेज



प्रशांत झा

पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं-



### ईयूगेटवे

ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। र्४ँ३ीि६८.ल्ल पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑगेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ?क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरूआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

(ब्रदर्स एकेडमी रांची)

# जमशेदपुर सीट पर चुनावी रंग जमाने आयेंगे मोदी, राहुल और योगी

- सीट पर प्रत्याशी विद्युत को हैट्रिक कराने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती भाजपा

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान होना है। इस सीट पर चुनाव प्रचार 15 मई के बाद गरमाने के पूरे आसार हैं,क्योंकि अभी भाजपा हो अथवा झामुमो सभी का फोकस पड़ोस के सिंहभूम और खूंटी सीट पर है जहां 13 मई को वोट डाले जायेंगे। भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर लोकसभा सीट पर हैट्रिक लगाने के लिए बेचैन है और पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद विद्युतवरण महतो पर ही दांव लगाया है। महतो चुनाव जीत जाते हैं तो जमशेदपुर लोकसभा सीट पर वे लगातार तीन बार जीत हासिल करने वाले पहले प्रत्याशी होंगे। भारतीय जनता पार्टी को जमशेदपुर सीट पर झामुमो सह इंडि गठबंधन के समीर महंती चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में इस सीट पर मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने में वह भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। स्टार प्रचारकों की लगातार चुनावी सभा से भाजपा अपने पक्ष में माहौल बनाये रखना चाहती है।

दूसरी ओर, झामुमो सह इंडि प्रत्याशी समीर महंती को मजबूती देने के लिए झामुमो की ओर से जहां सीएम चंपई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन स्टार प्रचारक हैं तो कांग्रेस समीर के पक्ष में प्रचार करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कन्हैया कुमार की चुनावी सभा की मेजबानी करने की तैयारी में हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता संजय सिंह आजाद ने बताया कि 13 मई तक स्टार प्रचारकों की चुनावी तिथि कंफर्म कर दी जायेगी।

## भाजपा के लिए कंगना करेंगी रोड शो, इंडिया को मजबूती देने आयेंगी प्रियंका गांधी



### स्टार प्रचारकों की आमसभा के लिए पीएमओ से लेकर यूपी सीएमओ तक संपर्क

दूसरी ओर, जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद, सह प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव और अनिल सिंह स्टार प्रचारकों की आमसभा के लिए पीएमओ से लेकर यूपी सीएमओ तक के संपर्क में हैं। पार्टी के उच्च पदस्त सूत्रों ने बताया कि जमशेदपुर में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करने के लिए यूपी के सीएम योगी से लेकर देश के पीएम नरेंद्र भाई मोदी तक आयेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। जमशेदपुर के युवक-युवतियों को लुभाने के लिए सिने तारिका कंगना राणावत का रोड शो किया जायेगा जबकि बंगाली मतदाताओं को कमल छाप की ओर आकर्षित करने के लिए मशहूर टीवी एक्ट्रेस और महाभारत की द्रौपदी फेम रुपा गांगुली और प बंगाल के स्टार प्रचारक शुभेंदु अधिकारी की चुनावी सभा भी प्रस्तावित है।

भाजपा के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्र नरेंद्र भाई मोदी की आम सभा 22 अथवा 23 मई को करने का मकसद यह है कि चुनाव से पहले पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के माहौल में जनता रम जाए और सभी बूथों पर मतदाता कमल छाप बटन दबाने को उत्साहित हो जाए। पीएम की चुनाव सभा से भाजपा की उम्मीद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे इसे जीत की मार्जिन 4 लाख वोट से ज्यादा करने में मददगार साबित होगी।

### बांग्लाभाषी प्रचारकों से होगी प्रचार सभा की शुरुआत

जमशेदपुर में भाजपा का प्रचार सभा की शुरुआत बांग्ला भाषी क्षेत्रों में अभिनेत्री रूपा गांगुली और पश्चिम बंगाल भाजपा की स्टार प्रचारक शुभेंदु अधिकारी की सभाओं से होगी। 18 में को फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत का रोड शो जमशेदपुर में करने की योजना है। इस रोड शो के लिए मानगो डिमना चौक से लेकर साकची गोल चक्कर, साकची गोलचक्कर से काली माटी रोड होते हुए एनटीटीएफ गोल चक्कर और वहां से गोलमुरी गोल चक्कर होते हुए एग्रिको गोलचक्कर होते हुए बारीडीह गोलचक्कर तक रोड शो करने की योजना है। जमशेदपुर में गृह मंत्री अमित शाह की भी चुनावी सभा प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट माने जाने वाले योगी आदित्यनाथ 20 मई को बोधी मंदिर मैदान अथवा एग्रीको मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर सकते हैं जबकि सबसे बड़ी सभा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की होगी। जमशेदपुर सीट पर चुनाव 25 में को प्रस्तावित है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा के लिए 22 में अथवा 23 मई में कोई एक डेट पीएमओ से जमशेदपुर भाजपा ने मांगा है। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के लिए इस बार गोपाल मैदान छोटा पड़ रहा है, इसलिए नई रणनीति के तहत जमशेदपुर और घाटशिला के बीच ग्रामीण क्षेत्र में एनएच-33 के किनारे स्थित एक बड़े मैदान में आमसभा करने की योजना है। इस आम सभा में जमशेदपुर शहरी और घाटशिला, बहरागोड़ा, पटमदा, पोटका समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा समर्थक आसानी से वहां पहुंच सकेंगे।

---

## स्पीड न्यूज



### ईचागढ़ में सांसद संजय सेठ ने किया जनसंपर्क

**चांडिल।** बुधवार को रांची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने ईंचागढ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया उड़ीसा के एक सुदूर गांव में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को देश का राष्ट्रपति बनाया बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के अभियान के तहत बेटियों को सुरक्षित रखने के लिए जनधन खाता उसके पढ़ाई की जिम्मेवारी उसकी शादी तक का सारा खर्च देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसी स्कीम के द्वारा बेटियों को सुरक्षित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर खुब हमला बोला।

### रेडक्रॉस के महा रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के लोगों में रक्तदान को लेकर जो जज्बा है वह सराहनीय है। रक्तदाताओं को जोड़ने के और मानवता की सेवा को नयी उंचाई देने के कार्यों के कारण ही रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम की पहचान है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानवता सेवी कार्यों के लिए जेसीएपीसीपीएल लगातार सहयोग कर रहा है और इस क्षेत्र में यह सहयोग लगातार जारी रहेगा। उक्त विचार रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा आयोजित विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान महायज्ञ के उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्जवलित कर कम्पनी के प्रबंध निदेशक उज्जल चक्रवर्ती ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर श्री चक्रवर्ती के साथ जमशेदपुर ब्लड सेन्टर की सचिव श्रीमती नलिनी राममूर्ति, श्री अजय कुमार सिंह, विकास सिंह, बालमुकुन्द गोयल, अरुण बाकरेवाल, पूरबी घोष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस की गतिविधियों की जानकारी रेड क्रॉस सोसाईटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने प्रदान करते हुए बताया कि 8 मई से 30 जून तक रेड क्रॉस सोसाईटी द्वारा 6 रक्तदान शिविरों के माध्यम से गर्मी के दिन में 2000 यूनिट जरुरतमंदों के लिए रक्तदान प्राप्त किया जायेगा।

### 10 को एआई पर सोना देवी विवि में परामर्श सत्र

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला द्वारा देश तथा कोल्हान क्षेत्र के विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए मुफ्त में करियर मार्गदर्शन , परामर्श सत्र एवं टॉक शो का आयोजन दिनांक 10 मई , 2024 को 4:30 से 5:25 बजे शाम में किया जाएगा जिसमें करियर एश्योर प्राइ लिङ्क, नई दिल्ली के संस्थापक निदेशक श्री अनिल जलाली द्वारा विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , मशीन लर्निंग , कंप्यूटर साइंस आदि विषयों पर विशेष करियर मार्गदर्शन दिया जाएगा जिससे उनके लिए राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों जैसे एल एंड टी, टाटा ग्रुप , एडब्लू, होंडा, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, कैनवा,टोयोटा जैसे आदि समूहों में रोजगार के द्वार खुल सकें।

---

# राजनीतिक दलों के एजेंटों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में शिफ्ट किये जा रहे हैं ईवीएम

**जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र**

- डीसी और एसएसपी ने ईवीएम डिस्पैच और रिसिविंग सेंटर का किया निरीक्षण
- वेयर हाउस के पूरे परिसर को किया जायेगा सील, सुरक्षा की रहेगी चाक-चौबंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



स्ट्रांग रुम का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मितल, एसएसपी किशोर कौशल व सहयोगी पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाये गए स्ट्रॉन्ग रूम में राजनीतिक दलों के एजेंट की मौजूदगी में ईवीएम शिफ्टिंग का कार्य आज से शुरू है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल एवं एसएसपी किशोर कौशल ने को-ऑपरेटिव कॉलेज, एलबीएसएम कॉलेज एवं कीताडीह स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग समेत प्रशासन एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि 24 मई को को-ऑपरेटिव कॉलेज से 47-जुगसलाई, 48-जमशेदपुर पूर्वी व 49-जमशेदपुर पश्चिमी तथा एलबीएसएम कॉलेज से 44-बहरागोड़ा, 45-घाटशिला, 46-पोटका का ईवीएम डिस्पैच किया जाना है, वहीं सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम रिसिविंग सेंटर को-ऑपरेटिव कॉलेज में बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने रूट प्लान, कम्यूनिकेशन प्लान, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था आदि की समीक्षा की।

स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम के सुरक्षित रखरखाव, बेरिकेडिंग, सीसीटीवी से 247 निगरानी, स्ट्रॉन्ग रूम एवं पूरे कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग एवं सुगम यातायात व्यवस्था आदि की समीक्षा कर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही वेयर हाउस निरीक्षण के क्रम में चुनाव आयोग की मार्गदर्शिका के अनुसार ईवीएम शिफ्टिंग को लेकर किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। साथ ही शिफ्टिंग टीम को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जीपीएस लगे वाहनों से ही ईवीएम की शिफ्टिंग हो। स्ट्रॉन्ग रूम के लॉक पर सील और सीसीटीवी से 24७ निगरानी की व्यवस्था, स्ट्रॉन्ग रूम खोलते समय निर्धारित नियमों का ध्यान रख जाने आदि को लेकर निर्देशित किया गया। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को सख्त निर्देश दिया गया कि डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश नहीं हो, स्ट्रॉन्ग रूम पर तैनात गार्ड का लॉग बुक रजिस्टर पूरी तरह से अपडेट रखेंगे।

---

## एक नजर में

### विनित चौधरी ने किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** लीक पर वे चले, जिनके चरण दुर्बल एवं हारे है। हम वो है जिनकी कर्मों से बचे जीवन कई सारे है... और इसी को चरितार्थ करते हुए आज विश्व रेड क्रॉस दिवस पर, मानव जीवन रक्षा हेतु अपनी कर्तव्यपरायणता की अद्भुत पराकाष्ठा को प्रदर्शित करते हुए विनित चौधरी अपने मामा से प्रेरित होकर आज पहली बार सिंगल डोनर प्लेटलेट्स का दान किया। श्री चौधरी नियमित रक्तदाता है। इसको अविस्मरणीय बनाने हेतु रेड क्रॉस के एसडीपी प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने उन्हें सम्मानित किया।

### मारवाड़ी महिला मंच ने चार बच्चों को की मदद




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर चार मेधावी बच्चों को शिक्षित बनाने में सहयोग करने हेतु एक साल की स्कूल फीस, कॉपी, किताब, यूनिफॉर्म सभी खर्च का सहयोग किया गया हैं। प्रति छात्र पर 20000 रुपए कुल 80000 रुपये मारवाड़ी महिला मंच के द्वारा एनआईटी के छात्रों द्वारा जमशेदपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर मोहननगर गांव में चलाए जा रहे संकल्प नमक कोचिंग सेंटर को दिया गया। साथ ही वहां उपस्थित सभी बच्चों को मंच द्वारा खाद्य सामग्री एवं पठन सामग्री का वितरण किया गया। कोचिंग सेंटर भ्रमण के दौरान मंच की अध्यक्ष रानी अग्रवाल, जया डोकानिया, लता अग्रवाल, बिना खीरवाल, मीना अग्रवाल, संकल्प हेड शिवेनदु आदि शामिल थे।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में मनी टैगोर जयंती



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर जयंती धूमधाम से मनायी गयी। विद्यालय के अध्यक्ष महोदय सुखदेव महतो, प्रधानाचार्य संजय सिंह, एकेडमिक निदेशक दिलीप महतो शिक्षक शिक्षिकाएं एवं नवम से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष महोदय, अकादमिक निदेशक एवं प्रधानाचार्य द्वारा टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात छात्रों ने कई रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। रविंद्र नाथ ठाकुर द्वारा लिखे गए कविता, नाटक एवं कथाओं का मंचन किया गया। दसवीं की छात्रा अर्निता प्रिया ने अपने भाषण में रवींद्रनाथ ठाकुर के व्यक्तित्व को उजागर करते हुए कहा कि ठाकुर जी असाधारण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले युगद्रष्टा थे। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति थे। वे एकमात्र कवि हैं जिसकी दो रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनी।

### नेताजी सुभाष मैदान साकची में डिज्नीलैंड मेला शुरू



**जमशेदपुर।** आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर स्थित भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड का विधिवत उद्घाटन जुना अखाड़ा पारडीह काली मंदिर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत श्री विद्यानन्द सरस्वती के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। उक्त उद्घाटन के अवसर पर सभी अतिथियों की उपस्थिति में महंत श्री विद्यानन्द सरस्वती ने कहा कि फन वर्ल्ड इस तरह का आयोजन न केवल बच्चों के लिए बल्कि बड़ों के लिए भी इस भाग-दौड़ की दुनिया में मनोरंजन का एक बेहतर साधन प्रत्येक वर्ष लेकर आता है, खासकर इस वर्ष शहर में पहली बार अंडर वाटर एक्युरियम देखने को मिलेगा जो निश्चय ही आकर्षण का केन्द्र होगा। फन वर्ल्ड के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष कई नये तरह के स्टॉल एवं मनोरंजन के नये-नये साधन उपलब्ध हैं। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन, अंडर वाटर एक्युरियम आदि लगया गया है। कहने का तातपर्य यह है कि गर्मी की छुट्टीयों में बच्चों के साथ-साथ व्यस्क भी खरीददारी करने के पश्चात जायकेदार नाशते एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकेंगे।

### करणी सेना ने महाराणा चौक पर की जमकर आतिशबाजी, देखने पहुंचे शहरवासी



**जमशेदपुर।** हिन्दू वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती की पूर्व संध्या क्षत्रिय करणी सेना परिवार के द्वारा मेरिन ड्राइव स्थित महाराणा चौक पर जमकर आतिशबाजी हुई,घण्टो आतिशबाजी के बीच जय महाराणा से गुंजा महाराणा चौक । करणी सेना के पदाधिकारियों समेत सैकड़ो की संख्या में आए लोगो ने दीप जलाकार महाराणा प्रताप को याद कर नमन किया । करणी सेना द्वारा पूरे चौक को लाइटिंग और इलेक्ट्रिकल फायर से सजाया गया था जो शहरवासियों के लिए आकर्षक का केंद्र था। मौके पर विधायक सरयू राय, शंभू सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, शिव शंकर सिंह, राजन सिंह, अमरप्रीत सिंह काले, विजय सिंह, बंटी सिंह, राजेश सिंह बम, अरुण सिंह, मृत्युंजय सिंह थे।

---

## रिफ्यूजी कालोनी में समीर महंती ने मतदाताओं से किया जनसंवाद



रिफ्यूजी कालोनी में झामुमो सह इंडि प्रत्याशी समीर महंती का अभिनंदन करते सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह व अन्य। इस अवसर पर समीर महंती ने उपस्थित लोगों से तीर-धनुष चुनाव चिन्ह पर इवीएम का बटन दबा कर इंडि गठबंधन को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।

---

### जमशेदपुर में ताबड़तोड़ चुनाव कार्यालय खोल रही भाजपा

## समय कम है, जनसंपर्क अभियान तेज करें पार्टी कार्यकर्ता : विद्युतवरण महतो

- बुधवार को पोटका और पश्चिमी विधानसभा में खुले चुनाव कार्यालय

**खबर मन्त्र टीम**



उलीडीह और आसनबनी में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते विद्युतवरण महतो। साथ में पूर्व विधायक मेनका सरदार, महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य।

**जमशेदपुर।** भाजपा की ओर से आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को भी जारी रहा। बुधवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आसनबनी मंडल एवं पश्चिम विधानसभा अंतर्गत मानगो एवं उलीडीह मंडल के चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जमशेदपुर लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, पश्चिम विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर मिश्रा समेत अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से किया। भाजपा की ओर से एक ओर जहां नीमपुरा चौक में आसनबनी मंडल का चुनावी कार्यालय बनाया गया है।

---

## आदिवासियों की सच्ची हितैषी है भाजपा, बड़े अंतर से जीतेंगी गीता कोड़ा : जवाहर बानरा

**सिंहभूम लोकसभा सीट**

- पथ सभाओं में मोदी सरकार की आदिवासी कल्याण योजनाओं को गिना रहे हैं भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर लाल बानरा।

**जमशेदपुर।** भाजपा हाटगम्हरिया मंडल ने सिन्द्रिगौरी पंचायत के सरडीहा और रुइया पंचायत के रुइया गांव में पथ सभा की। जिसमें मुख्य आतिथि प्रदेश मंत्री सरोज सिंह के साथ पूर्व विधायक जवाहर लाल बानरा शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष अभिजीत गागराई ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ग्रामीणों का अभिनंदन किया। सरोज सिंह ने कहा कि आज पूरा देश नरेंद्र मोदी जी की आकांक्षी गरीब कल्याण योजनाओं से प्रभावित, मुफ्त राशन, पेयजल, घर, गैस कनेक्शन मिलने वाले जैसे अनेक योजनाओं के लाभार्थी परिवारों के सदस्य मोदी जी का गुणगान कर रहें हैं,उन्होंने पूरी तरह मन बना लिया है कि कमल फूल निशान में वोट देकर मोदीजीको देश का प्रधानमंत्री बनाना है।जवाहर बानरा ने कहा कि दूसरे पार्टियों वालों के बहकाये में नही फसें,ये लोग झूठे वादे कर गुमराह कर झूठ बोलकर 5 साल पहले जैसे ही इसबार भी, आप सभी मतदाताओं को गलत तरीके से अपने पक्ष में वोट देने का प्रयास करवायेंगे।

---

## गोपाल मैदान में आज परशुराम जन्मोत्सव, होगा महा जुटान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**जमशेदपुर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति ने आह्वान किया है कि आगामी 10 मई को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है और जमशेदपुर व आदित्यपुर के सभी परशुराम वंशी अपने अपने स्तर से अगर जन्मोत्सव से संबंधित कोई कार्यक्रम करते हैं तो सभी ब्राह्मणो को उक्त कार्यक्रम मे भाग लेना चाहिए और सभी ब्राह्मण परिवार से आग्रह करती है कि कम से कम 11 दीप अपने अपने घरो मे या किसी मंदिर में जरूर जलायें। भालुबासा स्थित होटल मिस्टी इन में पत्रकारों को बताया गया कि आसन्न लोकसभा को दृस्टिपथ रखते हुए चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 9 जून को बृहद रूप से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति परशुराम जन्मोत्सव मनायेगी।

---

# देवेंद्र माझी के संघर्ष से मिला वन अधिकार अधि. इसे भाजपा खत्म करना चाहती है : जोबा माझी

- ओडिसा सीमा क्षेत्र में जोबा माझी ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता का मांगा साथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



चिरिया में जन संपर्क करती झामुमो सह इंडि प्रत्याशी जोबा माझी।

**मनोहरपुर /जमशेदपुर।** देवेंद्र माझी के लंबे संघर्ष के बाद वन अधिकार अधिनियम लागू हुआ है। लेकिन भाजपा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए इस अधिनियम को समाप्त करना चाहती है। यह बातें सिंहभूम से इंडिया महागठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी ने कही। जोबा माझी बुधवार को ओडिसा सीमा से सटे मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत जगन्नाथपुर विस क्षेत्र के मकरंडा पंचायत के नावाडीह टोला, छोटा सागजोड़ी, बड़ा सागजोड़ी अजम्बर गुड़िया चौक, जराइकेला पुरनाडीह, पंचपहिया आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव अस्तित्व और अधिकार को बचाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासियों और मूलवासियों को मिले अधिकार को समाप्त कर पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना चाहती है, लेकिन आपको आश्वस्त करती हूं कि आपका साथ मिला तो ऐसा कभी नहीं होने दिया जाएगा। जोबा माझी ने कहा भाजपा की नीतियों से प्रतीत होता है कि लोकतंत्र और संविधान पर इनको भरोसा नहीं है। शायद इसलिए इसे खत्म करना चाहती है। अगर ऐसा हुआ तो आदिवासी-मूलवासी का जीवन खतरे में पड़ जायेगा। सभी सतर्क रहें।

---

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ट्रैविस-अभिषेक के तूफान उड़ा लखनऊ

## सनराइजर्स ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर रचा इतिहास, मैन ऑफ द मैच ट्रैविस हेड

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 10 विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 165 रन बनाए थे। 166 रन के लक्ष्य को हैदराबाद की टीम ने 10 ओवर के अंदर यानी 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। हैदराबाद ने 62 गेंद शेष रहते मैच जीता। हैदराबाद के ओपनर अभिषेक ने 28 गेंदों पर 75 तो हेड ने 30 गेंदों पर 89 रन बनाए

**दूसरी सबसे तेज शतकीय साझेदारी**

ट्रैविस हेड और अभिषेक ने इस मैच में 34 गेंद में 100 रन की साझेदारी कर डाली। यह गेंद के हिसाब से आइपीएल में दूसरी सबसे तेज शतकीय साझेदारी है। इस लिस्ट में पहले नंबर पर भी यही दोनों हैं। इन दोनों ने दिल्ली के खिलाफ इसी सीजन 30 गेंद में शतकीय साझेदारी कर डाली थी।

**लखनऊ जैसे-तैसे बना पाई थी 165 रन**

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में केएल राहुल का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला उल्टा पड़ गया। लखनऊ की टीम बैटिंग में बुरी तरह से संघर्ष करती हुई दिखी। टीम ने 12वें ओवर तक सिर्फ 64 रन बना पाई थी और सनराइजर्स के गेंदबाजों ने चार विकेट झटक लिए थे। हालांकि, मध्यक्रम में आयुष बडोनी और निकोलस पूरन ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए जैसे-तैसे टीम के स्कोर पर 165 रन तक पहुंचाने में सफल रहे। आयुष बडोनी लखनऊ के लिए 30 गेंद में 55 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि पूरन ने 48 रन बनाए थे।मैच के दौरान ट्रैविस हेड ने एक विशेष रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने पावरप्ले के अंदर ही चौथा अर्धशतक जड़ दिया। उनसे पहले डेविड वॉर्नर 6 बार यह कारनामा कर चुके हैं। हेड ने सुनील नारायण और क्रिस गेल (3-3) को पछाड़ दिया है। यहीं नहीं, ट्रैविस के बल्ले से और भी कई रिकॉर्ड निकले।

**100 रन की साझेदारी के लिए सबसे कम गेंदें (आइपीएल)**

- 30 ट्रैविस हेड - अभिषेक शर्मा बनाम दिल्ली, दिल्ली 2024
- 34 ट्रैविस हेड - अभिषेक शर्मा बनाम लखनऊ, हैदराबाद 2024
- 36 हरभजन सिंह - जे सुचिथ बनाम पंजाब, वानखेड़े 2015
- 36 क्रिस लिन - सुनील नारायण बनाम बेंगलुरु, बेंगलुरु 2017

**हैदराबाद के लिए सबसे तेज 50 (आइपीएल)**

- 16 गेंद : अभिषेक शर्मा बनाम मुंबई, हैदराबाद 2024
- 16 गेंद : ट्रैविस हेड बनाम दिल्ली, दिल्ली 2024
- 16 गेंद : ट्रैविस हेड बनाम लखनऊ, हैदराबाद 2024
- 18 गेंद : ट्रैविस हेड बनाम मुंबई, हैदराबाद 2024



**आइपीएल में 100+ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गेंद शेष रहते हुए सबसे बड़ी जीत**

| गेंद शेष | टीम | खिलाफ | लक्ष्य | जगह | साल |
|---|---|---|---|---|---|
| 62 | हैदराबाद | लखनऊ | 166 | हैदराबाद | 2024 |
| 57 | दिल्ली | पंजाब | 116 | मुंबई | 2022 |
| 48 | डेक्कन | मुंबई | 155 | मुंबई | 2008 |

**लखनऊ 165/4 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| राहुल कै नटराजन बो. कमिंस | 29 | 33 | 01 | 01 |
| डी कॉक कै. रेड्डी बो. भुवनेश्वर | 02 | 05 | 00 | 00 |
| स्टोइनिस कै. सिंह बो. भुवनेश्वर | 03 | 05 | 00 | 00 |
| क्रुणाल पंड्या रन आउट | 24 | 21 | 00 | 02 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 48 | 26 | 06 | 01 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 09 | 00 |

**अतिरिक्त** : 04

**विकेट पतन** : 13-1, 21-2, 57-3, 66-4 .

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 4-0-12-2, पैट कमिंस : 4-0-47-1, शाहबाज अहमद : 2-0-9-0, विजयकांत व्यासकांत : 4-0-27-0, जयदेव उनादकट : 2-0-19-0, टी नटराजन : 4-0-50-0.

**हैदराबाद 167/0 (9.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 08 | 06 |
| ट्रैविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 08 | 08 |

**अतिरिक्त** : 03

**विकेट पतन** :00.

**गेंदबाज** : कृष्णप्पा गौतम : 2-0-29-0, यश ठाकुर : 2.4-0-47-0, रवि बिश्नोई : 2-0-34-0, नवीन-उल-हक : 2-0-37-0, आयुष बदोनी : 1-0 19-0.

### मुंबई आइपीएल से बाहर

हैदराबाद की इस जीत का मतलब है कि हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस आइपीएल 2024 में प्लेऑफ के रेस से बाहर हो गई है। इस सीजन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। उसके 12 मैचों में आठ अंक हैं। टीम अधिकतम 12 अंक तक पहुंच सकती है। अंक तालिका में फिलहाल कोलकाता और राजस्थान के 16-16 अंक हैं। वहीं, हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक, जबकि चेन्नई-दिल्ली और लखनऊ के 12-12 अंक हैं। चेन्नई ने 11, जबकि दिल्ली-लखनऊ ने 12-12 मैच खेले हैं। मुंबई का नेट रन रेट भी काफी कम है। 12 अंक प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं होंगे। एमआई को अपने छठे आईपीएल खिताब के लिए अभी और लंबा इंतजार करना होगा। उन्होंने 2020 में अपनी पांचवीं आइपीएल ट्रॉफी जीती थी।

**आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 11 | 06 | 05 | 00 | 12 | +0.700 |
| दिल्ली | 12 | 06 | 06 | 00 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 16 | 06 | 06 | 00 | 12 | -0.796 |
| बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 04 | 08 | 00 | 08 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -1.320 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 542 |
| गायकबाड | चेन्नई | 541 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| सैमसन | राजस्थान | 471 |
| नरेन | कोलकाता | 461 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 18 |
| हर्षल | पंजाब | 17 |
| वरूण | कोलकाता | 16 |
| नटराजन | हैदराहाद | 15 |
| अर्शदीप | पंजाब | 15 |

### धर्मशाला में आमने-सामने होंगे पंजाब और आरसीबी

**धर्मशाला।** धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आइपीएल के रोमांच के बीच 9 मई गुरुवार को मेजबान पंजाब किंग्स इलेवन और आरसीबी में भिड़ंत होगी। प्लेऑफ में बने रहने के लिए दोनों टीमों को जीत चाहिए। धर्मशाला में इस सीजन का आइपीएल का यह दूसरा मैच है। इससे पूर्व पांच मई को मेजबान पंजाब का मुकाबला चेन्नई के साथ हुआ था जिसमें पंजाब को 28 रनों से शिकस्त मिली थी। वहीं अगर बात प्वाइंट टेबल की करें तो इस समय आरसीबी सातवें और पंजाब की टीम आठवें स्थान पर है। दोनों ही टीमों को प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए यह मैच जीतना जरूरी होगा। हालांकि इन दोनों ही टीमों ने अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में चार-चार मैच जीतें हैं, जबकि सात में हार मिली है। बावजूद इसके रन रेट के हिसाब से प्वाइंट टेबल मे पंजाब से आरसीबी एक पायदान उपर है। आरसीबी की बात करें तो वह पिछले मैच गुजरात टाइटन्स पर जीत हासिल कर चुकी है। जिसके चलते वह अपने जीत के इस क्रम को जारी रखना चाहेगी। वहीं पंजाब की टीम पिछले मैच में चेन्नै से मिली हार को भूलकर अपने होम ग्राउंड में इस मैच में जीत दर्ज कर अपनी स्थिति को बेहतर करना चाहेगी। कुल मिलाकर यह मैच दोनों ही टीमों के लिए काफी अहम होने वाला है। जो भी टीम इस मैच को जीतेगी, उसका प्लेऑफ में बने रहने के चांन्स बढ़ जाएंगे।

### हेड ने भी बना डाले कई रिकॉर्ड

ट्रैविस हेड का यह आइपीएल करियर का पांचवां अर्धशतक रहा। उन्होंने इस सीजन तीन ऐसे अर्धशतक लगाए हैं, जो 20 से कम गेंदों पर आए हैं। इसी के साथ उन्होंने जेक फ्रेजर मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने मैकगर्क के साथ आइपीएल में सबसे ज्यादा तीन-तीन बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बना दिया है। इतना ही नहीं आइपीएल में सबसे ज्यादा बार पावरप्ले के अंदर 50+ का स्कोर लगाने के मामले में भी हेड दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने चार बार पावरप्ले के अंदर 50+ का स्कोर बनाया है। चारों 50+ के स्कोर इसी सीजन आए हैं। वहीं, इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं डेविड वॉर्नर हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा छह बार पावरप्ले के अंदर 50+ के स्कोर लगाए हैं।

### हैदराबाद की टीम ने बनाया रिकॉर्ड

आइपीएल में 100+ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा गेंद शेष रहते हुए जीतने के मामले में हैदराबाद की टीम शीर्ष पर पहुंच गई है। आइपीएल में 100+ रन के चेज में 62 गेंद शेष रहते जीतना सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिल्ली कैपिटल्स के नाम था। उन्होंने 2022 में 116 रन के स्कोर को चेज करते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 गेंद रहते जीत हासिल की थी। वहीं, हैदराबाद ने किसी आइपीएल मैच में शुरूआती 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इस मैच से पहले सनराइजर्स ने इसी सीजन दिल्ली के खिलाफ शुरूआती 10 ओवर में चार विकेट गंवाकर 158 रन बनाए थे।

## भारत के विश्व कप में 4 स्पिनर चुनने पर बोले कर्टनी वॉल्श

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में 4 स्पिनरों को चुने जाने से हैरान नहीं हैं और उन्होंने कहा कि स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत है। भारत ने कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में रखा है। वॉल्श ने यहां बिग क्रिकेट लीग के लांच से इतर कहा कि भारतीय टीम में चार स्पिनरों को चुने जाने से मैं हैरान नहीं हूं। यह उनकी ताकत है। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज ने भी तीन स्पिनर चुने हैं। हालात अलग होंगे और हर कोई टीम में संतुलन चाहता है। वॉल्श ने कहा कि भारत के पास स्पिनरों के साथ अच्छा तेज आक्रमण भी है। उन्होंने कहा कि भारत के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं। अधिकांश टीमों के पास है। यह बेहद प्रतिस्पर्धी टूनामेंट होगा। अधिकांश टीमों के पास अच्छे तेज गेंदबाज और स्पिनर हैं। वॉल्श ने कहा कि शायद यह टूनामेंट बल्लेबाजों का होगा। यह कहना कठिन है कि कौन जीतेगा और कौन सा गेंदबाज सबसे प्रभावी होगा। अपनी रणनीति पर बखूबी अमल करने वाली टीम ही जीतेगी। वेस्टइंडीज से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे अच्छा खेलेंगे।

### भारतीय पहलवान ओलंपिक कोटा करेंगे प्रतिस्पर्धा

**इस्तांबुल।** अमन सहरावत और दीपक पूनिया की अगुवाई में चौदह भारतीय पहलवान विभिन्न भार वर्गो में गुरुवार से तुर्की के इस्तांबुल में शुरू होने वाले विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस्तांबुल में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए जगह पक्की करने का आखिरी मौका होगा।

### मंगोलियाई टीम ने बना डाला शर्मनाक रिकॉर्ड

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले मंगोलिया ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया है। क्रिकेट में डेब्यू के सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यह टीम केवल 12 रन पर सिमट गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है ।जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8 .2 ओवर में 12 रन पर ऑलआउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम। आइल ऑफ मैन की टीम ने 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन बनाए थे ।जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफोर्ड ने 3 .2 ओवर में सात रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद और मकोतो तानियामा ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए। मंगोलिया की टीम के छह बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके। इससे पहले मंगोलिया को मालदीव से भी नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में टीम ने नौ विकेट पर 60 रन बनाए थे। जापान के खिलाफ यह मैच मंगोलिया का टी20 में पांचवां मैच है। जापान ने यह मैच 205 रन से अपने नाम किया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है। रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था। उस मैच में नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 314/3 का स्कोर बनाया था और मंगोलिया को 41 रन पर समेट दिया था।

### पापुआ न्यू गिनी ने किया 15 सदस्यीय टीम का ऐलान

नयी **दिल्ली।** पापुआ न्यू गिनी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी।

## वेस्टइंडीज बल्लेबाज डेवोन थॉमस पर लगा पांच साल का बैन, मैच फिक्सिंग मामले में आइसीसी ने लिया एक्शन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 की शुरूआत से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने बड़ा एक्शन लेते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज डेवोन थॉमस पर पांच साल का बैन लगा दिया है। बोर्ड ने यह फैसला दो मई को लिया। आईसीसी ने थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट, अमीरात क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीगके भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के सात मामलों का उल्लंघन स्वीकार करने के बाद उन्हें 22 मई 2028 तक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से बैन कर दिया। 34 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल इन आरोपों के चलते सस्पेंड किया गया था। अब उन्होंने मैच फिक्सिंग के आरोपों को स्वीकार कर लिया जिसके बाद थॉमस पर पांच साल का बैन लगा दिया गया। वहीं, इन आरोपों को कबूल करने के बाद उनकी सजा 18 महीने कम कर दी गई है।



**आइसीसी का बयान**

इस मामले में आइसीसी की इंटीग्रिटी यूनिट के जनरल मैनेजर एलेक्स हेल्स ने कहा, प्रोफेशनल तौर पर अंतर्राष्ट्रीय, डोमेस्टिक क्रिकेट और फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेल चुके डेवोन थॉमस ने कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लिया था। वो जानते थे कि एंटी करप्शन कोड्स के तहत उनकी जिम्मेदारियां क्या थीं लेकिन वो अपने दायित्वों को पूरा करने में नाकाम रहे। ये बैन सही लगाया गया है और इससे भ्रष्टाचार करने वाले अन्य खिलाड़ियों को संदेश भी जाता है कि ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### आयरलैंड ने टी20 विश्व कप टीम की घोषणा की

**डबलिन।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है। आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है।

### अंपायर्स से बहस करना पड़ा सैमसन को महंगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन पर आउट होने के बाद अंपायर्स से बहस करने पर बड़ा एक्शन लेते हुए उन पर मैच फीस का 30% जुमार्ना लगाया गया है। आउट होने के बाद सैमसन थर्ड अंपायर के फैसले से नाखुश थे और मैदानी अंपायरों से इस बाबत रोष प्रगट करते नजर आए थे। दरअसल, यह विवादास्पद क्षण पारी के राजस्थान की पारी के 16वें ओवर में देखने को मिला। सैमसन 86 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे और राजस्थान की सारी उम्मीदें उन पर टिकी थीं क्योंकि 27 गेंदों पर अभी भी 60 रन की जरूरत थी। ऐसे में सैमसन 15.4 ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप के हाथों कैच आउट हो गए। दिल्ली के लिए यह विकेट महत्वपूर्ण था। लेकिन कई प्रशंसकों का मानना है कि थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार देने में गलती की। वहीं बीसीसीआइ ने संजू पर बड़ा एक्शन लेते हुए अंपायर्स से बहस करने पर मैच फीस का 30% जुमार्ना लगाया गया है। बीसीसीआइ ने संजू पर जुमार्ना लगाते हुए एक प्रेस रिलीज जारी किया। सैमसन ने आइपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम फैसला होता है।

## 27वें फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे नीरज


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा में होने वाली 27वें फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना 12 मई से भुवनेश्वर में शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पटियाला में 2021 फेडरेशन कप के बाद यह चोपड़ा की पहली घरेलू प्रतियोगिता होगी, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 87.80 मीटर था। भुवनेश्वर में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता 14 और 15 मई को होगी। क्वालीफिकेशन 14 मई को होगा, जबकि फाइनल अगले दिन होगा। फेडरेशन कप से पहले, दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 10 मई को हमवतन जेना के साथ दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।




फेडरेशन कप के बाद चोपड़ा को 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में भाग लेना है। सुपरस्टार थ्रोअर के पेरिस खेलों से पहले यूरोप में प्रशिक्षण लेने की उम्मीद है, जहां वह अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक का बचाव करेंगे। अब तक चोपड़ा और जेना, जिन्होंने पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में क्रमशः 88.88 मीटर और 87.54 मीटर फेंककर स्वर्ण और रजत जीता था, वे दो भारतीय भाला फेंकने वाले हैं जिन्होंने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। चोपड़ा, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है और जो लंबे समय से प्रतीक्षित 90 मीटर के निशान को पार करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके साथ डी.पी. मनु और शिवपाल सिंह सहित अन्य प्रसिद्ध थ्रोअर भी होंगे। 26 वर्षीय नीरज विश्व रिकॉर्ड (अंडर-20) बनाने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट थे, जब उन्होंने 2016 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप जीतने के लिए 86.48 मीटर की दूरी तय की थी, यह पहली बार था जब किसी भारतीय एथलीट ने वैश्विक ट्रैक और फील्ड खिताब जीता था। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता, ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय एथलीट थे। इसके बाद टोक्यो में उन्होंने इतिहास रच दिया जब वे ट्रैक और फील्ड में देश के पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने। यह सिलसिला बुडापेस्ट में 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी जारी रहा जब वे स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बने।

## पीएसजी को हराकर फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड



**एजेंसी**

पेरिस। सारे पूवार्नुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच खेले गये मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की।

## स्पीड न्यूज

### रुपया एक पैसे फिसला

**मुंबई।** तेल आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक पैसे फिसलकर 83.52 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.51 रुपये प्रति डॉलर रहा था।

### सिंगापुर का एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सिंगापुर।** सिंगापुर एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान बुधवार को तेंगाह एयर बेस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि उड़ान भरने के दौरान विमान में खराबी आ गयी और पायलट ने आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार प्रतिक्रिया दी। हादसे के बाद पायलट सफलतापूर्वक विमान से बाहर निकल गया। उसका इलाज शुरू कर दिया गया है। इस घटना में किसी अन्य कर्मी को चोट नहीं आई है। घटना में आगे की जांच जारी है।

### अफगानिस्तान में धमाका, तीन पुलिसकर्मियों की मौत

**फैजाबाद।** अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत की राजधानी फैजाबाद शहर में बुधवार को बम धमाके में तीन पुलिस कर्मियों की मौत हो गयी और अन्य पांच अन्य घायल हो गये। गृह मंत्री अब्दुल मतीन कानी ने कहा कि बम धमाका स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 11 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने बम फैजाबाद शहर में मादक द्रव्य निरोधक पुलिस के एक काफिले को निशाना बनाने के लिये एक मोटरसाइकिल में रखा था। बम धमाके में तीन पुलिसकर्मी की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गये।

### चीन में भूकंप के तेज झटके

**हांगकांग।** चीन के वानुअतु द्वीप समूह में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार आज सुबह करीब 08:17 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 आंकी गयी।

### जॉब रोल के लिए चयनित युवाओं ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री से बुधवार को सचिवालय में जापान में केयर गिवर जॉब रोल के लिए चयनित युवाओं ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत विदेश रोजगार प्रकोष्ठ, सहसपुर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 23 युवाओं को जापान में नौकरी के लिए भेजा जा रहा है। इनमें से 02 युवाओं ने जापान में कार्य करना आरंभ कर दिया है। 17 युवाओं की जापान में कार्य करने के लिए की जा रही प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, शीघ्र ही वे भी जापान जाकर अपनी सेवायें देंगे।

### पित्रोदा की टिप्पणी: मैं भारतीयों की तरह हूं: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने पूर्वोत्तर के लोगों के रंग को लेकर सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा, श्मैं एक भारतीय की तरह दिखता हूं, हम विविधता वाले देश के नागरिक हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक साक्षात्कार में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस प्रमुख सैम पित्रोदा भारत की विविधता पर टिप्पणी कर कहा था कि भारत के पूर्वी क्षेत्र के लोग चाइनीज जैसे दिखते हैं, जबकि पश्चिम के लोग अरबी के तरह, उत्तर के लोग पश्चिमी देशों के लोगों की तरह तथा दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकी लोगों की तरह दिखते हैं। सैम पित्रोदा के इस बयान को लेकर चुनाव के इस मौके पर खलबली मच गई है। कभी राजीव गांधी के करीबी और अब राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर असम के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए कहा, "भाई सैम, मैं नॉर्थ ईस्ट से हूं और भारतीय जैसा दिखता हूं।

# पित्रोदा के बयान पर मोदी ने राहुल पर साधा निशाना



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण के साथ आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में रोड शो किया। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों छोर पर खड़े दिखे। रोड शो के दौरान सुरक्षा के कडे इंतजाम थे। इससे पहले पीएम मोदी ने कई जनसभा और रैली में सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। तेलंगाना के वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मैं बहुत सोच रहा था कि द्रौपदी मुर्मू जिनकी बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है और वह आदिवासी परिवार की बेटी हैं, तो फिर कांग्रेस उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में हराने के लिए इतनी कोशिश क्यों की थी, लेकिन आज मुझे पता चल गया।

### विवाद के बाद सैम पित्रोदा का ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेशी मूल के लोगों करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। विवाद गहराता देख कांग्रेस ने खुद उनके इस बयान से अलग कर लिया।

# पित्रोदा के बयान पर मोदी ने राहुल पर साधा निशाना



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण के साथ आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में रोड शो किया। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों छोर पर खड़े दिखे। रोड शो के दौरान सुरक्षा के कडे इंतजाम थे। इससे पहले पीएम मोदी ने कई जनसभा और रैली में सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। तेलंगाना के वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मैं बहुत सोच रहा था कि द्रौपदी मुर्मू जिनकी बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है और वह आदिवासी परिवार की बेटी हैं, तो फिर कांग्रेस उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में हराने के लिए इतनी कोशिश क्यों की थी, लेकिन आज मुझे पता चल गया। उन्होंने कहा, शहजादे के दार्शनिक और मार्गदर्शक अंकल ने बड़ा राज जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि जिनकी त्वचा का रंग काला है, वे सभी अफ्रीका के रहने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि उन्होंने (पित्रोदा ने) त्वचा के रंग के आधार पर देश के कई लोगों को गाली दी। मोदी ने कहा कि त्वचा का रंग चाहे जो भी हो, देशवासी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं जिनकी त्वचा का रंग हम सभी की तरह था।

## एक नजर में

### सपा शासन में प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया, हमने दिया वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट : ब्रजेश

एजेंसी

**बलिया।** सलेमपुर से भाजपा प्रत्याशी रविंदर कुशवाहा के नामांकन से पहले आयोजित जनसभा में बुधवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा जब-जब सत्ता में रही तो यहां पर गुंडे-माफिया पनपे। जबकि योगी सरकार में आज यूपी में माफिया शून्य है। योगी सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के माध्यम से विकास करने में लगी है। जबकि सपा के शासन में वन डिस्टिक वन माफिया थे। सपा सरकार में एक हजार से अधिक दंगे हुए थे। नामांकन सभा के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश में गर्मी के दिन है, लेकिन कलेजे में ठंडक है कि अयोध्या में प्रभु राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि लड़ाई राम मंदिर बनाने वालों और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है।

सपा के लोग भारत माता की जय नहीं बोलते। इसलिए यह लड़ाई भारत माता की जय और भारत माता को कटु शब्द बोलने वालों के बीच है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस ने सारे भ्रष्टाचार के मानक तोड़ दिए थे। तब यूपीए सरकार के कई मंत्री जेल में थे। घोटालों का दौर यह था कि कामनवेल्थ गेम्स में भी घोटाले हुए। जिससे पूरी दुनिया में भारत की छवि खराब हो रही थी। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की कमान संभाली है। आज भारत दुनिया में सीना ताने खड़ा है। मोदी सरकार को गरीबों के प्रति समर्पित बताते हुए कहा कि 2014 के बाद गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठा है। शौचालय नहीं होने से मां बहनें शर्मिंदा होती थीं। मोदी ने हर गरीब को अपना शौचालय दिया। मोदी ने दुनिया की सबसे बड़ी पानी की योजना जल जीवन मिशन लागू कर गांव-गांव घर-घर पीने का पानी मुहैया कराया। मेडिकल कालेज प्रदेश में सिर्फ 17 थे। अभी 64 हैं, आने वाले दिनों में सभी 75 जिलों में मेडिकल कालेज होगा। सभी जिलों में पर्याप्त बिजली दी जा रही। स्कूलों को कायाकल्प योजना के तहत संवारा गया है। गांवों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। दो लाख 72 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बना कर जिला मुख्यालय से जोड़ा गया है।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के सभी वादे पूरे किए हैं। कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि भाजपा देश को विकसित करना चाहती है। जबकि दूसरे लोग इसलिए खड़े हैं कि हमें मोदी को रोकना है। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि यूपी में सभी अस्सी सीट जिताने की जिम्मेदारी सुभासपा की है। सुभासपा कार्यकर्ता गांव-गांव प्रभात फेरी लगा दो। गांवों में जाओ और कहो, गर्मी का दिन है। एक गिलास पानी पिलाओ। यहां कमल पर वोट दो और घोसी में छड़ी पर वोट दिलाइये। कहा कि इस बार एनडीए से कहीं लड़ाई नहीं है।

# भारतीय संस्कृति के लिए कलंक है लिव इन रिलेशनशिप

### बच्चे की कस्टडी मांग रहे मेल पार्टनर को हाईकोर्ट से झटका

एजेंसी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप को भारतीय संस्कृति के लिए कलंक बताते हुए मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता को देने से इनकार कर दिया। अदालत अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय में न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस. अग्रवाल की खंडपीठ ने पहले से विवाहित अब्दुल हमीद सिद्दीकी (43) और 36-वर्षीया एक हिंदू महिला के लिव इन रिलेशनशिप से जन्म लिये एक बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता (सिद्दीकी) को देने से इनकार कर दिया है। खंडपीठ ने कहा है, समाज के कुछ वर्गों में लिव इन रिलेशनशिप भारतीय संस्कृति में कलंक के रूप में जारी है। इस तरह का संबंध एक आयातित धारणा है, जो भारतीय रीति की सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है। अदालत ने कहा है, एक विवाहित व्यक्ति के लिए लिव इन रिलेशनशिप से बाहर आना बहुत आसान है और ऐसे मामलों में उक्त कष्टप्रद लिव इन रिलेशनशिप में धोखा खा चुकी महिला की वेदनीय स्थिति और उक्त रिश्ते से उत्पन्न संतानों के संबंध में अदालत अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती है। उच्च न्यायालय ने दो अलग-अलग धर्मावलंबियों के बीच के ऐसे रिश्ते की पृष्ठभूमि में स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत कानून के प्रावधानों को किसी भी अदालत के समक्ष तब तक वैध ठहराने की दलील नहीं दी जा सकती जब तक कि इसे (कानूनी) प्रथा के रूप में पेश और साबित नहीं किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले का निवासी अब्दुल हमीद सिद्दीकी तीन वर्ष से एक हिंदू महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था, जबकि उसकी (सिद्दीकी की) पहली पत्नी से तीन बच्चे भी हैं। उन्होंने बताया कि लिव-इन में रहते हुए हिन्दू महिला ने अगस्त 2021 में एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन बाद में अचानक 10 अगस्त 2023 को महिला अपने बच्चे के साथ लापता हो गयी। उन्होंने बताया कि अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने वर्ष 2023 में उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की, जिसकी सुनवाई के दौरान महिला अपने माता-पिता एवं बच्चे के साथ पेश हुई। अधिकारियों के अनुसार, महिला ने अदालत को बताया कि वह अपनी मर्जी से अपने माता-पिता के साथ रह रही है। इधर, बच्चे से नहीं मिलने देने पर सिद्दीकी ने कुटुम्ब अदालत, दंतेवाड़ा में अर्जी दायर की। उसने प्रार्थना की कि वह अपने बच्चे की परवरिश करने में सक्षम है, इसलिए उसे बच्चे को सौंप दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कुटुम्ब अदालत ने उसकी अर्जी खारिज कर दी। तब सिद्दीकी ने इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की। याचिका में दलील दी गयी थी कि उसने (सिद्दीकी ने) मुस्लिम कानून के तहत दूसरी शादी की है और उसका विवाह वैध है। उसने साथ ही बच्चे के संरक्षण का अधिकार हासिल करने का भी अनुरोध अदालत से किया। उन्होंने बताया कि अदालत में महिला की तरफ से दलील दी गयी कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह वैध नहीं है तथा लिव-इन संबंध उत्पन्न संतान पर उसका (सिद्दीकी का) हक नहीं बनता है।

अधिकारियों ने बताया कि खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई के बाद 30 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाया और कुटुम्ब अदालत के 13 दिसम्बर 2023 के निर्णय से सहमत होते हुए बच्चे के संरक्षण का अधिकार प्राप्त करने के लिए पेश हमीद की अपील खारिज कर दी। अदालत ने टिप्पणी भी की कि लिव इन रिलेशनशिपह्न जैसी आयातित धारणा अब भी भारतीय संस्कृति में कलंक के तरह ही है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में विरासत टैक्स, हमारे संकल्प-पत्र में गरीबों का कल्याण: विष्णुदत्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुरहानपुर/खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा जिले के खंडवा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आज किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की पूरी राशि हितग्राहियों के खातों में आती है, एक रुपया भी दलालों या बिचौलियों के पास नहीं जाता। देश में कहीं आतंकवादी घटनाएं नहीं होतीं और सारी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस को देश की जनता की संपत्ति पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। देश को आतंकवाद और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। खण्डवा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में अब तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी कह रहे हैं कि चुनाव तो भाजपा ही जीत रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदौर से कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लेने को लेकर कहा है कि वैसे भी भाजपा चुनाव जीत रही है। इसका मतलब पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस भी मान रही है कि यह लोकसभा चुनाव भाजपा ऐतिहासिक मतों से जीत रही है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास उन लोगों को भी मिल रहे हैं, जो भाजपा को वोट नहीं देते। श्री शर्मा ने कहा कि दुनिया के कई मुस्लिम देशों में भी तीन तलाक की प्रथा नहीं थी, लेकिन हमारे देश में तुष्टीकरण के चलते इसे बनाए रखा गया।

### करीब 24 घंटे की शांति के बाद कुलगाम में मुठभेड़ स्थल पर फिर से गोलीबारी शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुलगाम।** करीब 24 घंटे की शांति के बाद बुधवार शाम को कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल पर फिर से गोलीबारी शुरू हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेडवानी इलाके में मलबा साफ करने के दौरान एक छिपे हुए आतंकवादी ने सुरक्षाबलों पर फिर से गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई।

उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बारे में आगे की जानकारी बाद में साझा की जाएगी। इससे पहले मंगलवार को इसी मुठभेड़ में 10 लाख के इनामी कमांडर बासित डार समेत टीआरएफ के दो आतंकवादी मारे गए थे।

# हुगली में ममता बनर्जी ने की दो जनसभाएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुगली।** प्रदेश की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को हुगली जिले में दो जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला तथा उपस्थित लोगों से लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। ममता बनर्जी की पहली जनसभा आरामबाग के कालीपुर मैदान में हुई, जबकि दूसरी जनसभा बालागढ़ में हुई। आरामबाग में आयोजित जनसभा में ममता ने तृणमूल उम्मीदवार मिताली बैग को अपने पास बुलाकर कहा कि मिताली उच्च शिक्षित हैं, इसलिए इसे जिताएं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोगों ने मिताली बैग की गाड़ी पर हमला किया था। उनकी यही संस्कृति है। यदि इलाके में शांति चाहते हैं तो तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें।

### प्रियंका ने भाई राहुल के चुनाव प्रचार की कमान संभाली

# मोदी सरकार की नीतियों पर जमकर बरसीं

एजेंसी



**रायबरेली।** प्रियंका गांधी ने रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी और अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की कमान संभाली। अपने चुनाव अभियान के दौरान थुलवांसा में न्याय संकल्प सभा व नुक्कड़ सभा मे मोदी सरकार पर जम कर निशाना साधा। गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़े रायबरेली संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में उनकी बहन एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और उनकी नीतियों पर निशाना साधा। साथ ही रायबरेली से अपने परिवार के आत्मीय संबंध का बखान किया। उन्होने गांधी नेहरू परिवार के यहां से जुड़ाव के पीछे का कारण आजादी के पहले का मुंशीगंज गोलीकांड और यहां के लोगो की जागरूकता बताया।

**महंगाई में पिस रहे आम लोग :** प्रियंका ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने बेरोजगारी महंगाई किसान समेत देश के हर नागरिक को परेशान किया है। मोदी सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। इस सरकार में आम आदमी बुरी तरह से परेशान हुआ है। मुफ्त का पांच किलो राशन बांट कर मोदी सरकार ने आम लोगो के रोजी रोजगार के अवसर को समाप्त कर दिया है और खेती के सामान जिस पर भी जीएसटी है, समेत सभी ओर महंगाई बढ़ने से आम आदमी का विकास रुक गया है।

**संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा :** प्रियंका ने कहा कि 400 लोकसभा सीट मोदी सरकार इसलिए चाहती है ताकि संविधान खत्म कर सके। उन्होंने अपनी कर्नाटक समेत अन्य राज्यों की उपलब्धि को बताते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में है कि गरीब परिवार की सबसे बड़ी महिला को एक लाख रुपए दिए जाएंगे। महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। 30 लाख सरकारी नौकरियों की रिक्तियों को तुरंत भरा जाएगा। इनके अलावा अन्य घोषणाएं भी गिनाई।

**भाजपा राहुल के पीछे पड़ी है :** प्रियंका ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज सारी भाजपा राहुल गांधी के पीछे पड़ी है। उनका घर छीन लिया, सदस्यता छीनी, उनकी छवि खराब करने में कोई कसर नही छोड़ी । इसके बावजूद राहुल गांधी में देश और देशवासियों से प्रेम है। इसीलिए उन्होंने जब देखा कि वर्तमान सरकार की नीतियां गरीब दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक समेत देश को नीचे पतन की राह पर ढकेल रही है और पूंजीपतियों के लिए ही काम कर रही है तो उन्होंने सामाजिक न्याय यात्रा में 4 हजार किलोमीटर कन्याकुमारी से कश्मीर की पैदल यात्रा की फिर मुंबई से मणिपुर की यात्रा की। इन यात्राओं का मकसद लोगो के बीच जाना और उनका दुख दर्द जानना और उनके दुख दर्द को बांटना था। राहुल गांधी का मकसद लोगो को, देश को जोड़ना रहा है लोगो मे प्रेम बाटना रहा है नफरत नही।

**रायबरेली की तारीफ की :** उन्होंने रायबरेली की जनता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ की जनता जागरूक रही है, मुंशीगंज में यहाँ के किसानों ने अंग्रेजों के खिलाफ आज से करीब सौ साल पहले मोर्चा खोला था जिसके विरोध में निहत्थे लोगो पर गोलियां चलाई गई थी और तब मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू रायबरेली आये थे। रायबरेली की जनता की इसी जागरूकता के कारण गांधी नेहरू परिवार ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया। उन्होंने यहां की जनता की जागरूकता की तारीफ करते हुए कहा की इंदिरा गांधी को यहाँ की जनता एक बार चुनाव में हरा भी चुकी है इस हार ने इंदिरा गांधी को आत्ममंथन करने पर मजबूर किया था। अपनी गलतियों को सुधार कर दुबारा इंदिरा गांधी यहाँ से चुनाव जीती भी थी।

### हर देश बौखलाये मोदी दे रहे है उल्टे सीधे बयान : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अडानी अंबानी का नाम लेना बंद करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोप को गलत बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि श्री गांधी लगातार इन उद्योगपतियों का नाम ले रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री तीन चरण के मतदान में अपनी हार सुनिश्चित देखकर बौखला गए हैं इसलिए उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने तंज करते हुए कहा वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा। तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गये हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के असली रुझान है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा नरेंद्र मोदी ने कहा- राहुल गांधी जी अडानी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई ये है- राहुल गांधी जी हर दिन अडानी की बात करते हैं, वे रोज अडानी की सच्चाई आपके सामने रखते हैं, उसका खुलासा करते हैं।

### आरपीएससी: 16 मई से 2 जून तक किया जाएगा 27 ऐच्छिक विषयों की परीक्षा का आयोजन

अजमेर, 8 मई (हि.स)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के तहत 27 विभिन्न ऐच्छिक विषयों की परीक्षा का आयोजन 16 से 24 मई 2024 तक एवं 28 मई से 2 जून 2024 तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। परीक्षा अंतर्गत प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रश्न पत्र- प्रथम एवं दोपहर 2:30 बजे से 5:30 बजे तक प्रश्न पत्र- द्वितीय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उक्त परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर परीक्षा तिथि से तीन दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी परीक्षा दिनांक से सात दिवस पूर्व एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त की जा सकेगा। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा।





